CMYK

अधिकतम : 16°C
न्यूनतम : 03°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, रविवार 11 जनवरी 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 155 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 | 21 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सेकुलरिज्म का ठेका चलाने वालों के मुंह बंद: योगी

पेज 2



पहले वनडे में भारत को न्यूजीलैंड से मिलेगी कड़ी चुनौती

खेल टाइम्स



ग्रीनलैंड पर कब्जा करना हमारी मजबूरी: ट्रम्प

पेज 11



'अकेली' के लिए फराह खान ने की नुसरत भरुचा की तारीफ

बॉलीवुड

# कपसाड़ हत्याकांड: अपहृत युवती बरामद, आरोपी पारस गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**सरधना ( मेरठ )।** थाना क्षेत्र के गांव कपसाड़ में हुई महिला हत्या और उसकी युवती के अपहरण के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने शनिवार देर रात बड़ी सफलता हासिल की है। घटना के 72 घंटे बाद अपहृत युवती रूबी को सहारनपुर से सकुशल बरामद कर लिया गया है और मुख्य आरोपी पारस सोम को गिरफ्तार कर लिया गया है।

घटना गुरुवार को उस समय हुई थी जब खेत पर जा रही महिला सुनीता पत्नी सतेन्द्र कुमार पर गांव के ही युवक पारस सोम ने फरसे से जानलेवा हमला कर



अपहृत युवती का फाइल फोटो



आरोपी पारस का फाइल फोटो

दिया था। हमले में गंभीर रूप से घायल महिला को परिजन मोदीपुरम अस्पताल लेकर गए, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। हमले के बाद आरोपी ने नाबालिग युवती रूबी को जबरन अपने साथ उठा लिया था, जिससे पूरे गांव में तनाव और आक्रोश फैल गया था। घटना के तुरंत बाद पुलिस ने 10 विशेष टीमों का गठन कर आसपास के जिलों और संभावित ठिकानों पर दबिश दी थी। लगातार 72 घंटे तक चले ऑपरेशन और तकनीकी सर्विलांस के बाद पुलिस आखिरकार अपहृत युवती को सहारनपुर से सुरक्षित बरामद करने में सफल रही। आरोपी पारस सोम को भी उसी दौरान गिरफ्तार कर लिया गया। मेरठ एसएसपी विपिन टांडा ने पत्रकारों को बताया कि आरोपी के करीबी और रिश्तेदारों से पूछताछ की गई थी और संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई थी। युवती को सकुशल परिजनों के हवाले कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि मामले में कड़ी कार्रवाई की जाएगी और आरोपी को जल्द न्यायालय के सामने पेश किया जाएगा। पीड़ित परिवार ने पुलिस की इस सफलता पर राहत की सांस ली और कहा कि उनकी बेटी सकुशल वापस लौट आई, यह उनके लिए बड़ी राहत की बात है।

## मेरठ की सड़कों पर उमड़ा सैलाब

**मेरठ।** दलित महिला की हत्या और नाबालिग बेटी के अपहरण से उपजा आक्रोश अब मेरठ के कपसाड़ गांव की सीमाओं से बाहर निकलकर सड़कों और टोल प्लाजा तक पहुंच गया था। पिछले दो दिन से सुलग रहा यह मामला शनिवार को उस वक्त और भड़क उठा, जब नेताओं, संगठनों और समर्थकों के पहुंचने की कोशिशों ने प्रशासन को सख्त नाकेबंदी और कड़े सुरक्षा इंतजामों के लिए मजबूर कर दिया। हालात इतने संवेदनशील हो गए कि पुलिस को गांव ही नहीं, उससे जुड़े तमाम मार्गों पर भी अभूतपूर्व सतर्कता बरतनी पड़ी। यहां तक कि मीडिया कर्मियों को भी फिलहाल गांव में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा रही है। पुलिस के अनुसार स्थिति की गंभीरता को देखते अटेरना पुल सहित गांव को जोड़ने वाले सभी मार्गों पर कड़ी बैरिकेडिंग कर दी गई है। तमाम आला अधिकारी स्वयं मौके पर डेरा डाले हुए हैं और भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। केवल स्थानीय ग्रामीणों को पहचान सत्यापन के बाद आने-जाने की छूट दी जा रही है।

# ओडिशा में नौ सीटर विमान क्रैश, पायलट ने मेडे कॉल किया

**राउरकेला।** ओडिशा के राउरकेला में इंडिया वन एयर के 9 सीटर विमान की तकनीकी खराबी के बाद फोर्स लैंडिंग हुई। घटना शनिवार दोपहर 1.20 बजे राउरकेला से 15 किमी दूर जाल्दा इलाके की है।

घटना के वक्त विमान में 4 यात्री और दो पायलट मौजूद थे। सभी घायलों का इलाज जारी है। अधिकारियों ने बताया कि कमर्शिअल विमान वीटी केएसएस ने दोपहर 12.27 बजे से भुवनेश्वनर से राउरकेला के लिए उड़ान भरी थी। 50 मिनट की उड़ान के बाद विमान में तकनीकी

■ **खुले मैदान में फोर्स लैंडिंग कराई, 4 यात्री व 2 पायलट घायल**

खराबी का पता चला। पायलट ने मेडे कॉल किया। इसके बाद खुले इलाके में फोर्स लैंडिंग कराई। हादसे की मुख्य वजह साफ नहीं है। विमान का ब्लैक बॉक्स रिकवर किया जा रहा है। वहीं, क्रैश की जो तस्वीरें सामने आई हैं, उनमें नजर आ रहा है कि वीटी केएसएस प्लेन का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है। उसके विंग्स भी क्षतिग्रस्त हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बेल्लारी हिंसा मामला सीआईडी को सौंपा

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के बेल्लारी में हुई हिंसक घटना की जांच शनिवार को सीआईडी को सौंप दी गई है। सीआईडी अब हिंसा के उन सभी पहलुओं की जांच करेगी जो एक स्थानीय झड़प से शुरू होकर हत्या तक जा पहुंचे। कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे ने मीडिया से बात करते हुए राज्य की जांच टीमों पर भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि कई मामलों में सीबीआई ने भी राज्य द्वारा की गई जांच को सही ठहराया है। कुछ मामलों में तो सीबीआई ने यहां तक माना है कि राज्य की टीमों ने केंद्रीय एजेंसी की तुलना में बेहतर काम किया है। दूसरी तरफ विपक्षी भाजपा लगातार इस मामले की सीबीआई जांच की मांग कर रही है, जिसे राज्य सरकार ने खारिज कर दिया है।

### सेना के चार रणबांकुरें मरणोपरांत वीरता पदक से सम्मानित

**नई दिल्ली।** कैप्टन ब्रजेश थापा, लांस नायक स्टांजिन तर्गियास, राइफलमैन मोहित राठौर और राइफलमैन हिलाल अहमद भट को शनिवार को मरणोपरांत सेना पदक (वीरता) से सम्मानित किया गया। दिल्ली छावनी स्थित मानेकशॉ सेंटर में सेना की पश्चिमी कमान के अलंकरण समारोह में ये सम्मान प्रदान किए गए। समारोह में छह युद्ध सेवा पदक, 30 सेना पदक (वीरता), एक बार टू सेना पदक (विशिष्ट), 19 सेना पदक (विशिष्ट) और 44 विशिष्ट सेवा पदक प्रदान किए गए। सेना की वायु रक्षा कोर से संबंध रखने वाले और 10 राष्ट्रीय राइफल्स में तैनात कैप्टन (शहीद) ब्रजेश थापा ने 14 जुलाई 2024 को जम्मू- कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में आतंकवाद रोधी अभियान के दौरान असाधारण साहस का प्रदर्शन किया।

### दिल्ली में घना कोहरा हवाई यात्रा एवं जनजीवन प्रभावित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) का स्तर बेहद खराब रहने और घना कोहरा छाने एवं खराब मौसम की वजह से सामान्य जनजीवन और हवाई यात्रा प्रभावित हुईं। सुबह 8:02 बजे तक दिल्ली का एक्यूआई 431 रहा, जो 'खतरनाक' श्रेणी में आता है। रिपोर्ट के अनुसार,पीएम 2.5 का स्तर 289 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर था।

# जंग दुश्मन का मनोबल तोड़ने के लिए लड़ते हैं: एनएसए डोभाल

## बोले: हम मनोरोगी नहीं, जिन्हें दुश्मन के शव या कटे हुए अंग देखकर संतोष या सुकून मिले

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने शनिवार को कहा कि युद्ध राष्ट्र की इच्छाशक्ति के लिए लड़े जाते हैं।

उन्होंने कहा कि हम साइकोपैथ (मनोरोगी) नहीं हैं, जिन्हें दुश्मन के शव या कटे हुए अंग देखकर संतोष या सुकून मिले। लड़ाईयां इसके लिए नहीं लड़ी जाती। उन्होंने कहा कि युद्ध किसी देश का मनोबल तोड़ने के लिए लड़े जाते हैं, ताकि वह हमारी शर्तों पर आत्मसमर्पण करें और हम अपने लक्ष्य हासिल कर सकें। अजीत डोभाल ने शनिवार को नई दिल्ली में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के उद्घाटन समारोह के दौरान ये बातें कहीं। उन्होंने युवाओं से कहा कि आप अपनी इच्छाशक्ति बढ़ा सकते हैं। वही इच्छाशक्ति राष्ट्रीय शक्ति बन जाती है। अजीत डोभाल ने कहा कि दुनिया में हो रहे सभी युद्ध और संघर्षों को देखें तो साफ है कि कुछ देश दूसरों पर अपनी इच्छा थोपना चाहते हैं। इसके लिए अपनी ताकत का प्रयोग कर रहे हैं। अगर कोई देश इतना शक्तिशाली है कि कोई उसका विरोध न कर सके तो वह हमेशा स्वतंत्र रहेगा, लेकिन अगर संसाधन और हथियार हों, पर मनोबल न हो तो सब कुछ बेकार हो जाता है। मनोबल बनाए रखने के लिए लीडरशिप जरूरी होती है। आज हम बहुत भाग्यशाली हैं कि हमारे देश में ऐसा नेतृत्व है।

**राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने कहा: युद्ध राष्ट्र की इच्छाशक्ति के लिए लड़े जाते हैं**



## ऑपरेशन सिंदूर रुका है, खत्म नहीं हुआ: सीडीएस

**पुणे।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर केवल रुका है, खत्म नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान को चीफ ऑफ डिफेंस फोर्स (सीडीएफ) जैसा नया पद बनाना पड़ा। ये पद तीनों सेनाओं को सेंट्रलाइज्ड करने के लिए बनाया गया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन ने पाकिस्तान को संवैधानिक संशोधन करने के लिए मजबूर किया। ये इस बात का सबूत है कि

■ **पाकिस्तान इसमें बुरी तरह हारा**

पड़ोसी देश को बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा। अनिल चौहान ने पुणे पब्लिक पॉलिसी फेस्टिवल में ये बाते कहीं। उन्होंने कहा कि हम इमरजेंसी हालातों में लागू करने के लिए एक स्टैंडर्ड सिस्टम डेवलप कर रहे हैं। सीडीएस ने कहा कि भारत में प्रस्तावित संयुक्त थिएटर कमांड को लागू करने की समय सीमा 30 मई 2026 तक बढ़ाई गई है।

# सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा बंगाल बनाम ईडी विवाद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले आई-पैक के कार्यालय पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी ने एक नया राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया है। राज्य सरकार ने इसे चुनावी समय में विपक्ष को निशाना बनाने की कार्रवाई बताया है, जबकि दूसरी ओर ईडी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

ईडी ने आरोप लगाया है कि पश्चिम बंगाल सरकार उसकी जांच और तलाशी अभियान में दखल दे रही है और काम में बाधा डाल रही है। सुप्रीम कोर्ट में ईडी की तरफ से दायर याचिका में बताया गया है कि गुरुवार को जब एजेंसी ने इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी (आई-पैक) के मुख्यालय और कोलकाता में उसके निदेशक प्रतीक जैन के आवास पर तलाशी अभियान चलाया, तब राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन की ओर से रुकावटें डाली गईं। ऐसे में ईडी ने सुप्रीम कोर्ट से मांग की है कि उसे निष्पक्ष और बिना किसी दबाव के अपनी जांच करने की अनुमति दी जाए। साथ ही एजेंसी ने यह भी कहा है कि किसी भी राज्य सरकार को केंद्रीय जांच एजेंसियों के काम में हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है। बता दें कि इससे पहले ममता बनर्जी सरकार ने भी सुप्रीम कोर्ट में कैविएट दाखिल कर दिया है। इस कैविएट में बंगाल सरकार ने अनुरोध किया है कि सुप्रीम कोर्ट कोई आदेश पारित करने से पहले उसका पक्ष सुने। सूत्रों के मुताबिक ईडी इस मामले में सुप्रीम कोर्ट जाने की संभावना पर विचार कर रही है। एजेंसी मौजूदा कानूनी विकल्पों को अंतिम रूप देने से पहले सभी संभावनाओं पर गौर कर रही है।



■ **पहले ममता सरकार ने दाखिल किया कैविएट**
■ **प्रवर्तन निदेशालय ने भी दाखिल की याचिका**

### एसआईआर के कारण पश्चिम बंगाल में 77 मौतें: ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को मुख्य चुनाव आयुक्त को 2 पेज का लेटर लिखा। इसमें राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के नाम पर आम नागरिकों को लगातार परेशान किए जाने का आरोप लगाया। ममता ने लिखा कि एसआईआर प्रोसेस में मानवीय संवेदनशीलता नहीं दिखी। 77 लोगों की मौत, 4 आत्महत्या के प्रयास और 17 लोगों के बीमार होने की वजह एसआईआर प्रक्रिया रही।

# जी राम जी विधेयक: छह राज्यों ने दर्ज कराया विरोध

**नई दिल्ली।** मनरेगा में बदलाव के विरोध में कांग्रेस ने शनिवार से 45 दिन चलने वाला आंदोलन शुरू किया। कर्नाटक, तेलंगाना और पंजाब ने तो जी राम जी कानून के खिलाफ बाकायदा प्रस्ताव पारित किया है।

तमिलनाडु, केरल और पश्चिम बंगाल भी खुलकर इसका विरोध जता रहे हैं। इन राज्यों की आपत्तियां हैं कि मनरेगा से 'महात्मा गांधी' का नाम क्यों

■ **दावा: सारे फैसले केंद्र सरकार के हाथ**

हटा, योजना को मांग आधारित से आपूर्ति आधारित ढांचे में क्यों नहीं बदला, राज्यों पर वित्तीय बोझ बढ़ाने के साथ-साथ केंद्र का पूर्ण नियंत्रण क्यों थोपा। विपक्षी दलों का कहना है कि यह कदम राज्य सरकारों की स्वायत्तता और ग्रामीण रोजगार अधिकारों पर हमला है।

# उत्तराखंड में पारा -19 डिग्री, पिथौरागढ़ में झरना जमा

**नई दिल्ली।** पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी के चलते तापमान में खासी गिरावट हुई है। उत्तराखंड में पिथौरागढ़ जिले के मुनस्यारी में शुक्रवार रात को पारा -19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

शनिवार सुबह छिड़कानी में पानी के झरने जमे हुए नजर आए। चमोली, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग में पानी की पाइपलाइन जम गई है। इधर, पहाड़ी राज्यों से आ रही बर्फीली हवाओं से राजस्थान में सर्दी बढ़ गई है। 13 जिलों में कोहरे और शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया है। शुक्रवार को जैसलमेर सबसे ठंडा शहर रहा। यहां न्यूनतम तापमान 4.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। उत्तर प्रदेश में 30 शहरों में शनिवार सुबह कोहरा छाया। कोहरे का असर ट्रेन और फ्लाइटों पर देखने को मिल रहा है। गोरखपुर, लखनऊ और वाराणसी समेत तमाम स्टेशनों पर 50 से ज्यादा ट्रेनें देरी से चल रही हैं। कुछ तो 10-10 घंटे की देरी से चल रही हैं। इसके अलावा लखनऊ, गोरखपुर और वाराणसी एयरपोर्ट पर 5 से ज्यादा फ्लाइट्स लेट पहुंचीं। उत्तराखंड के सभी जिलों में ठंडी हवाएं चलने का अलर्ट जारी किया गया है। शनिवार को हरिद्वार, ऊधम सिंह नगर, नैनीताल, चम्पावत, पौड़ी और देहरादून के निचले इलाकों में कोहरा छाया रहेगा। वहीं पहाड़ों में पाला गिरने की संभावना जताई गई है। तीन दिन से आदि कैलाश और केदारनाथ का तापमान -21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

■ **यूपी में कोहरे के चलते 50 ट्रेनें लेट**

# आतंक के जरिये भारत को नुकसान पहुंचाना पाक की नीति: सेना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सेना की पश्चिमी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार ने कहा है कि पाकिस्तान में न तो भारत के खिलाफ पारंपरिक युद्ध लड़ने का साहस है और न ही क्षमता इसलिए वह केवल आतंकवादी गतिविधियों के जरिये भारत को नुकसान पहुंचाने की नीति पर चलता है।

लेफ्टिनेंट जनरल कटियार ने शनिवार को यहां पश्चिमी कमान के अलंकरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पड़ोसी देश केवल आतंकवादी गतिविधियों के जरिये भारत को नुकसान पहुंचाना चाहता है। उन्होंने याद दिलाया कि पिछले वर्ष के अलंकरण समारोह में भी उन्होंने आगाह किया था कि पश्चिमी मोर्चे पर संघर्ष की संभावना बनी हुई है, क्योंकि भारत और पाकिस्तान के संबंध मित्रवत नहीं हो पाए हैं। उन्होंने कहा कि भारत के अथक प्रयासों के बावजूद यही स्थिति बनी हुई है, क्योंकि पाकिस्तान का शीर्ष नेतृत्व हमेशा उसकी सेना के हाथों में रहा है। सेना दोनों देशों के बीच संघर्ष का माहौल बनाए रखना चाहती है। यदि शांति या मित्रता होगी तो पाकिस्तानी सेना का महत्व कम हो जाएगा। उसका उद्देश्य टकराव की स्थिति को जीवित रखना है। सेना कमांडर ने कहा कि पहलगाम में जो कुछ हुआ वह सुनियोजित साजिश का हिस्सा था। पहलगाम आतंकी हमले में 26 नागरिकों की निर्मम हत्या के बाद भारत द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए लेफ्टिनेंट जनरल कटियार ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान को कड़ा सबक सिखाया। उन्होंने कहा कि हमने उनके आतंकवादी ठिकानों, उनकी चौकियों और उनके एयरबेस को नष्ट किया। हमें उम्मीद है कि पाकिस्तान इससे सबक लेगा और आगे किसी भी आतंकी गतिविधि को अंजाम नहीं देगा। सेना को सतर्क और तैयार रहने की चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का सैन्य नेतृत्व अपने देश की आंतरिक समस्याओं से ध्यान भटकाने या अपने स्वार्थ के लिए कोई और दुस्साहस करने की कोशिश कर सकता है।

■ **पाकिस्तान में न तो भारत के खिलाफ पारंपरिक युद्ध लड़ने का साहस है और न ही क्षमता: मनोज कुमार कटियार**



मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं

मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।

मिरगी के लक्षण
• अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
• आंखे पथराना
• हाथ-पैर ऐंठ जाना
• मुंह से झाग निकलना
• मुंह एक तरफ हो जाना
• जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
• मुट्ठियां कसना
• गर्दन टेढ़ी पड़ना
• अचानक झटका-सा लगना
• घे-घे-औं-औं की आवाज आना



अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
• आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
• पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
• फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
• पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826

नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### वाराणसी में मुंह ढके महिलाओं, पुरुषों को नहीं मिलेंगे गहने

**वाराणसी।** धार्मिक नगरी काशी में सराफा कारोबारियों ने सुरक्षा के मद्देनजर एक अहम निर्णय लिया है। स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष कमल कुमार सिंह ने शनिवार को बताया कि हेलमेट, मास्क, बुर्का, हिजाब, घूंघट या किसी भी प्रकार से मुंह ढककर आने वाले ग्राहकों की पहचान करना अत्यंत कठिन हो जाता है। उन्होंने कहा कि अपराध की कई घटनाएं अक्सर मुंह ढके या छिपे हुए लोगों द्वारा ही अंजाम दी जाती हैं। इसलिए यह निर्णय लिया गया है कि वाराणसी की किसी भी फुटकर सराफा दुकान या शोरूम में ऐसे ग्राहकों को गहने नहीं बेचे जाएंगे, जिनका मुंह हेलमेट, मास्क, बुर्का, हिजाब या घूंघट से ढका हुआ हो। वाराणसी में दो हजार से अधिक सर्राफा कारोबारी इस निर्णय से सहमत हैं।

### संगठित अपराध के मामले में हार्डकोर अपराधी गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शनिवार को सांबा जिले से एक हार्डकोर अपराधी को पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस प्रवक्ता ने शनिवार को यहां बताया कि एक अपराधी को गिरफ्तार कर उसके पास से एक देसी पिस्तौल बरामद की गई है। यह विजयपुर पुलिस थाने में दर्ज संगठित अपराध से जुड़े एक मामले में चौथी गिरफ्तारी है। मामले की जांच के दौरान, पुलिस टीम ने रामगढ़ तहसील, सांबा जिले के जेडरा गांव के प्रीतम सिंह उर्फ सेठी को गिरफ्तार किया। लगातार पूछताछ के बाद उसकी निशानदेही पर उसके पैतृक गांव से एक देसी पिस्तौल बरामद की गई। मामले की आगे की जांच चल रही है। उल्लेखनीय है कि मामले में पहले ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है और तीन पिस्तौल बरामद की गई हैं।

## ईडी वहीं पहुंचती है, जहां चुनाव होने हैं: सिब्बल



**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री तथा राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने सरकार पर आरोप लगाया है कि वह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का इस्तेमाल चुनावी लाभ के लिए करती है और जिन राज्यों में चुनाव तय होते हैं ईडी की टीम वहीं पहुंचकर विपक्षी दलों को परेशान करने लगती है।

सिब्बल ने शनिवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में सरकार के इस रवैये को संघीय ढांचे पर हमला बताया और कहा कि गुरूवार को भी ईडी ने इसी तरह का काम किया है। उन्होंने ईडी टीम की ओर से पश्चिम बंगाल तृणमूल कांग्रेस के लिए परामर्शदाता के रूप में काम करने वाली कंपनी आई-पैक के ठिकानों पर पड़े छापों का जिक्र किया और कहा कि ईडी के छापे उसी राज्य में पड़ने शुरु होते हैं जहां निकट भविष्य में विधानसभा चुनाव होने हैं। उनका कहना था कि पिछले 11 साल से वह यही देख रहे हैं कि ईडी उस राज्य में पहले पहुंच जाती है जहां चुनाव होने हैं। ईडी ने पिछले दिनों इसी तरह का काम झारखंड और बिहार में भी किया और अब पश्चिम बंगाल में भी कर रही है। आज सुबह जब मैं अखबार पढ़ रहा था तो मुझे 2004 से 2014 तक संप्रग सरकार के कार्यकाल की याद आ गई।

# यूपी में भाजपा विधायकों की उड़ गई रात की नींद

## एसआईआर अभियान व विधानसभा चुनाव में टिकट पाने को लेकर सियासी सरगर्मियां बढ़ी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में टिकट पाने को लेकर भारतीय जनता पार्टी विधायकों की भी नींद उड़ी हुई है, क्योंकि विशेष मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर सियासी सरगर्मी बढ़ गई है।

भाजपा सूत्रों के मुताबिक कुछ विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता नाम जोड़ने की रफ्तार अपेक्षाकृत कम पाई गई है, जिस पर प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व दोनों स्तरों पर समीक्षा की जा रही है। सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा में इसे 2027 के विधानसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। पार्टी नेतृत्व ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि एसआईआर में लापरवाही या सुस्ती दिखाने वाले विधायकों और दावेदारों के लिए अगला चुनावी रास्ता आसान नहीं होगा। पार्टी सूत्रों के मुताबिक एसआईआर के तहत मतदाता सूची में नाम जोड़ने और त्रुटियों के सुधार की प्रक्रिया पर केंद्रीय नेतृत्व तक नियमित रिपोर्ट पहुंच रही है। इस रिपोर्ट में यह आकलन किया जा रहा है कि कौन विधायक और संभावित प्रत्याशी अपने क्षेत्र में कितनी सक्रियता से अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। कमजोर प्रदर्शन करने वालों को लेकर संगठन स्तर पर चिंता जताई जा रही है। भाजपा नेतृत्व का मानना है कि मतदाता सूची चुनावी सफलता की बुनियाद होती है। ऐसे में जिन विधानसभा क्षेत्रों में एसआईआर के दौरान अपेक्षित संख्या में नाम नहीं जुड़ रहे हैं या अभियान की गति धीमी है, वहां संबंधित विधायकों की कार्यशैली पर सवाल उठना तय है। पार्टी के अंदरखाने यह भी चर्चा है कि एसआईआर में निष्क्रियता 2027 में टिकट के लिए नकारात्मक संकेत मानी जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही संगठन और जनप्रतिनिधियों को स्पष्ट निर्देश दे चुके हैं कि एसआईआर अभियान को पूरी गंभीरता के साथ लिया जाए। उनका जोर इस बात पर रहा है कि पात्र मतदाताओं का नाम हर हाल में सूची में जुड़े और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त न की जाए।

### विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता नाम जोड़ने की रफ्तार अपेक्षाकृत कम पाई गई

कुछ विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता नाम जोड़ने की रफ्तार अपेक्षाकृत कम पाई गई है, जिस पर प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व दोनों स्तरों पर समीक्षा की जा रही है। आने वाले दिनों में कमजोर प्रदर्शन वाले क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों से जवाब- तलब भी हो सकता है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा एसआईआर को महज प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि संगठन की सक्रियता और जनसंपर्क क्षमता की परीक्षा के तौर पर देख रही है। यही वजह है कि एसआईआर में प्रदर्शन को 2027 के चुनावी गणित से सीधे जोड़कर आंका जा रहा है।

## बांग्लादेश घटनाक्रम को लेकर सीएम का विपक्ष पर तीखा प्रहार

# सेकुलरिज्म का ठेका चलाने वालों के मुंह बंद: योगी

प्रयागराज, वार्ता



जाति, मत-संप्रदाय के आधार पर विभाजन सर्वनाश का ऐसा कारण बन जाएगा, जैसे आज बांग्लादेश में देख रहे: सीएम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बांग्लादेश की घटना पर विपक्षी दलों की चुप्पी पर प्रहार करते हुए कहा कि सेकुलरिज्म के नाम पर ठेका लेकर चलने वालों की दुकानें हिंदू समाज और सनातन धर्म को तोड़ने की ताकत लगाती हैं, लेकिन बांग्लादेश की घटना पर उनके मुंह पर जैसे फेविकोल व टेप चिपक गया है।

शनिवार को माघ मेले में आयोजित श्रीमद् जगद्गुरु रामानंदाचार्य जी के 726वें प्राकट्य महोत्सव में शामिल होने के मौके पर योगी ने कहा कि जाति, मत-संप्रदाय के आधार पर विभाजन हमारे लिए उसी प्रकार से सर्वनाश का कारण बन जाएगा, जैसे आज बांग्लादेश के अंदर देख रहे हैं। वहां की घटना पर कोई बोल नहीं रहा है। सेकुलरिज्म के नाम पर ठेका लेकर चलने वालों की दुकानें हिंदू समाज और सनातन धर्म को तोड़ने की ताकत लगाती हैं, लेकिन बांग्लादेश की घटना पर उनके मुंह पर जैसे फेविकोल व टेप चिपक गया है। बांग्लादेश की घटना पर कोई कैंडल मार्च तक नहीं निकाला जा रहा। यह हमारे लिए चेतावनी भी है। उन्होंने कहा कि जो लोग आज भी समाज को बांट रहे हैं, वे कभी हितैषी नहीं होंगे। सत्ता में रहने पर यह लोग परिवार के बाहर नहीं सोच पाते थे। यह फिर तमाम नारे देंगे, लेकिन इन्हें जब भी मौका मिलेगा, तो वही करेंगे, जो पहले किया था। पहचान का संकट, अराजकता, सनातन धर्म पर प्रहार और दंगों की आड़ में फिर हर व्यक्ति को झुलसाएंगे। हमें इसकी पुनरावृत्ति नहीं होने देनी चाहिए। डबल इंजन सरकार सनातन आस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए सदैव खड़ी है। बांटने, तोड़ने वाले और कमजोर करने वाले लोगों को कभी पनपने न दें। हम सभी इस संकल्प के साथ बढ़ेंगे, तो आने वाला समय सनातन धर्म का है। जिस तरह राम मंदिर पर ध्वज लहरा रहा है, उसी तरह दुनिया के अंदर सनातन का झंडा फहराता रहेगा और तब, बांग्लादेश में कमजोर व दलित हिंदू को काटने का कोई दुस्साहस नहीं कर पाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज की पावन धरा को कभी महर्षि भारद्वाज, महर्षि वाल्मीकि व अन्य पूज्य ऋषियों व महर्षियों ने अपने तप व साधना से सनातन धर्म के केंद्र के रूप में विकसित किया था। त्रिवेणी की इस पावन धरा पर 726 वर्ष पूर्व भक्ति शिरोमणि भगवान रामानंदाचार्य प्रकट हुए थे। प्रयागराज की पावन धरा, भगवान वेणी माधव की अपार कृपा से, भगवान अक्षयवट के सानिध्य में, त्रिवेणी का वह रूप जिसे हम मां गंगा, मां यमुना व मां सरस्वती के रूप में स्मरण करते हैं, देश-दुनिया से श्रद्धालु यहां आकर संगम में डुबकी लगाते हैं। यहां धर्म, न्याय और ज्ञान भी है। तीनों को लेकर देश भर के अलग-अलग जिज्ञासु इस पावन धरा पर उपस्थित होते हैं।

### मुख्यमंत्री ने संगम में लगाई आस्था की डुबकी साधु संतों ने किया स्वागत

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को प्रयागराज में लगे माघ मेले में संगम पर स्नान किया और मां गंगा की पूजा अर्चना की। उन्होंने तीन बार आस्था की डुबकी लगाई और बाद में संगम नोज के पास सतुआ बाबा के साथ नौका की सवारी भी की। मुख्यमंत्री के साथ मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह और नंद गोपाल नंदी ने भी संगम में स्नान किया। इसके बाद योगी ने संगम नोज पर गंगा पूजन किया। संगम तट के पास वे करीब 32 मिनट तक रहे। योगी ने लेटे हनुमान जी का भी दर्शन-पूजन किया फिर सतुआ बाबा के शिविर की ओर प्रस्थान किए। गोरक्षपीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ जगद्गुरु महामंडलेश्वर सतुआ बाबा के शिविर में साधु-संतों के साथ भोजन करेंगे।

# अखिलेश ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर उठाए सवाल

शाह टाइम्स ब्यूरो



कहा: पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक वर्ग के मतदाताओं के नाम जानबूझकर हटाने की साजिश चल रही

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद जारी की गई मतदाता सूची के मसौदे को लेकर सियासत गरमा गई है।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करते हुए आरोप लगाया है कि पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) वर्ग के मतदाताओं के नाम जानबूझकर हटाने की साजिश चल रही है। यादव ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण के नाम पर बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम काटे गए हैं और इसका सीधा असर पीडीए समाज पर पड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह पूरी प्रक्रिया लोकतंत्र को कमजोर करने और विपक्षी वोट बैंक को नुकसान पहुंचाने की मंशा से की जा रही है। सपा अध्यक्ष ने दावा किया कि कई जिलों में लाखों मतदाताओं के नाम सूची से गायब कर दिए गए, जबकि वे जीवित हैं और उसी स्थान पर निवास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह स्थिति चुनाव आयोग की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार चुनावी लाभ के लिए प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग कर रही है और चुनाव आयोग पर दबाव डालकर मतदाता सूची में हेरफेर करवाई जा रही है। उन्होंने सपा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे बूथ स्तर पर सतर्क रहें।

# सदन का दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: गुप्ता

शाह टाइम्स ब्यूरो



सदन की कार्यवाहियों की कोई भी रिकॉर्डिंग केवल सदन की संपत्ति होती है: दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि सदन की कार्यवाहियों की कोई भी रिकॉर्डिंग केवल सदन की संपत्ति है और किसी राजनीतिक दल, व्यक्ति या बाहरी एजेंसी की नहीं है और इसका दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

विजेंद्र गुप्ता ने आज दिल्ली विधानसभा परिसर में संवाददाता सम्मेलन में आज कहा कि दिल्ली विधानसभा सचिवालय ने जालंधर में प्राथमिकी दर्ज किए जाने के मामले में औपचारिक नोटिस जारी किया है, जो विधानसभा कार्यवाहियों की कथित छेड़छाड़ वाले वीडियो क्लिप से संबंधित है। उन्होंने कहा कि पंजाब के डीजीपी, जालंधर पुलिस कमिश्नर और स्पेशल डीजीपी साइबर सेल को नोटिस जारी किए गए हैं और उन्हें 48 घंटे के भीतर लिखित स्पष्टीकरण तथा सभी संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। नोटिस में कहा गया है कि सदन पहले से ही इस मामले से अवगत है और वीडियो क्लिप को फॉरेंसिक जांच और विशेषाधिकार समिति के पास भेजा गया है। उन्होंने कहा कि यह मामला अत्यंत गंभीर और संवैधानिक महत्व का है तथा सीधे सदन की गरिमा, अधिकार और विशेषाधिकारों से जुड़ा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह मुद्दा किसी एक व्यक्ति या राजनीतिक दल तक सीमित नहीं है। गुप्ता ने कहा कि जिस वीडियो के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है, वह किसी व्यक्तिगत रिकॉर्डिंग नहीं, बल्कि सदन की आधिकारिक रिकॉर्डिंग है, जो पूरी तरह से दिल्ली विधानसभा की संपत्ति है। सदन की संपत्ति का इस प्रकार दुरुपयोग करना और इस आधार पर किसी मंत्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज करना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि अत्यंत गंभीर और निंदनीय भी है।

विधानसभा अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि सदन की कार्यवाहियों की कोई भी रिकॉर्डिंग केवल सदन की संपत्ति है और किसी राजनीतिक दल, व्यक्ति या बाहरी एजेंसी की नहीं है। उन्होंने यह प्रश्न उठाया कि इस एफआईआर को किस अधिकार और किस आधार पर दर्ज किया गया। उन्होंने कहा कि पूरे प्रकरण में जालंधर के पुलिस कमिश्नर की भूमिका अत्यंत चिताजनक है और यह प्रथम दृष्टया सदन के विशेषाधिकारों का उल्लंघन प्रतीत होता है। इसलिए उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन का स्पष्ट मामला बनता है, जिसे सदन गंभीरता से देखेगा। विधानसभा अध्यक्ष ने आगे कहा कि विपक्ष की मांग पर और पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए वीडियो क्लिप को फॉरेंसिक साइंस लैब भेजा गया। हालांकि, सदन की आधिकारिक रिकॉर्डिंग को 'छेड़छाड़ की गई' बताना स्वयं में सदन की गरिमा पर हमला है।

गुप्ता ने कहा कि यह केवल झूठा आरोप नहीं है, बल्कि एक सुनियोजित साजिश प्रतीत होती है, जिसका उद्देश्य सदन की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाना और संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करना है। उन्होंने आश्वस्त किया कि इस साजिश में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से शामिल पाए जाने वाले सभी लोग सदन की कठोरतम कार्रवाई का सामना करेंगे। उन्होंने कहा कि सदन अपने अधिकारों और विशेषाधिकारों की रक्षा करना जानता है और किसी भी कीमत पर सदन की गरिमा, उसकी संपत्ति और संवैधानिक मर्यादा के साथ समझौता नहीं करेगा। सदन ने इस पूरे मामले का विधिवत संज्ञान लिया है और नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। गुप्ता ने यह भी कहा कि बार-बार बुलाने के बावजूद विपक्ष की नेता आतिशी सदन में उपस्थित नहीं हुईं और प्रदूषण पर चर्चा में भाग नहीं लिया। जब चर्चा चल रही थी, विपक्ष के सदस्य सदन से उठकर चले गए। सुश्री आतिशी से केवल संक्षिप्त माफी मांगने के लिए कहा गया था, लेकिन उन्होंने माफी नहीं मांगी, अन्यथा यह मामला वहीं समाप्त हो जाता।

# विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 के समापन सत्र को संबोधित करेंगे मोदी

नई दिल्ली, वार्ता



चुने हुए प्रतिभागी दस थीम वाले ट्रैक पर प्रधानमंत्री को अपनी प्रस्तुति देंगे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर यहां भारत मंडपम में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 के समापन सत्र में हिस्सा लेंगे। इस मौके पर प्रधानमंत्री देश भर के लगभग 3,000 युवाओं के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय 'डायस्पोरा' का प्रतिनिधित्व करने वाले युवा प्रतिनिधियों से बातचीत करेंगे।

चुने हुए प्रतिभागी दस थीम वाले ट्रैक पर प्रधानमंत्री को अपनी प्रस्तुति देंगे, जिसमें राष्ट्रीय महत्व के प्रमुख क्षेत्रों पर युवाओं के नेतृत्व वाले दृष्टिकोण और कार्रवाई योग्य विचार साझा किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 के लिए निबंध संकलन जारी करेंगे, जिसमें भारत की विकास प्राथमिकताओं और राष्ट्र निर्माण के दीर्घकालिक लक्ष्यों पर युवा प्रतिभागियों के चुनींदा निबंध शामिल होंगे। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग, एक राष्ट्रीय मंच है, जिसे भारत के युवाओं और राष्ट्रीय नेतृत्व के बीच व्यवस्थित संपर्क को सुविधाजनक बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। यह अब अपने दूसरे संस्करण में प्रवेश कर चुका है। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग प्रधानमंत्री के स्वतंत्रता दिवस के उस आह्वान के अनुरूप है, जिसमें एक लाख युवाओं को बिना किसी राजनीतिक जुड़ाव के राजनीति में शामिल करना और उन्हें विकसित भारत के लिए अपने विचारों को हकीकत बनाने के लिए एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करना है। नौ से 12 जनवरी तक आयोजित हो रहे विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026,में देश भर के 50 लाख से अधिक युवाओं ने विभिन्न स्तरों पर भाग लिया है। राष्ट्रीय स्तर की चैंपियनशिप में भाग लेने वाले युवा नेताओं का चयन एक कठिन, योग्यता-आधारित तीन-चरणीय चयन प्रक्रिया के माध्यम से किया गया है, जिसमें देशव्यापी डिजिटल क्विज, एक निबंध चुनौती और राज्य-स्तरीय विजन प्रेजेंटेशन शामिल हैं। डायलॉग का दूसरा संस्करण अपने पहले संस्करण की सफलता पर आधारित है, जिसमें कई नए प्रमुख बदलाव किए गए हैं, जिसमें 'डिजाइन फॉर भारत, टेक फॉर विकसित भारत -हैक फॉर ए सोशल कॉज', विस्तारित थीम वाले जुड़ाव और पहली बार अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी शामिल है, जो डायलॉग के दायरे और प्रभाव को और मजबूत करता है।

# गोयल ने ब्रुसेल्स यूरोपीय संघ के साथ की उच्चस्तरीय व्यापार समझौता वार्ता

वाणिज्य मंत्री आठ-नौ जनवरी को एफटीए वार्ताओं के लिए ब्रुसेल्स में थे

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर ब्रुसेल्स में दो दिन की बातचीत एक आधुनिक, व्यापक और पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौता शीघ्र संपन्न करने पर दोनों पक्षों की ओर से नए सिरे से दृढ़ संकल्प व्यक्त करने के साथ सम्पन्न हुई है।

वाणिज्य मंत्री आठ-नौ जनवरी को एफटीए वार्ताओं के लिए ब्रुसेल्स में थे। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में गोयल की इस यात्रा समझौते की दिशा में महत्वपूर्ण बताया गया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि आठ-नौ जनवरी की इस यात्रा के दौरान गोयल ने ईयू के व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस शेफकोविच के साथ कई बार बाचतीत की और दोनों नेताओं ने वार्ता टीमों को लंबित मुद्दों को हल करने और समझौते को शीघ्रता से आगे बढ़ाने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। मंत्रालय ने कहा है कि वाणिज्य मंत्री की इस यात्रा के साथ दोनों पक्षों के बीच ब्रुसेल्स में एक सप्ताह तक चला गहन राजनयिक और तकनीकी बैठकों का दौर पूरा हुआ। यह बातचीत भारत और यूरोपीय संघ के बीच प्रस्तावित व्यापक एफटीए को साकार करने के लिए दोनों पक्षों के राजनीतिक संकल्प को रेखांकित करता है। श्री गोयल और शेफकोविच के बीच मंत्रिस्तरीय बैठक से पहले, वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल और यूरोपीय आयोग की व्यापार महानिदेशक सबाइन वेयंड के बीच 6-7 जनवरी को उच्च स्तरीय चर्चाएं हुईं विभिन्न मुद्दों पर व्यापार वार्ताओं में हुई प्रगति का जायजा लिया गया।

अधिकारियों ने मतभेदों को कम करने और लंबित मुद्दों पर स्पष्टता सुनिश्चित करने के लिए काम किया, जिससे मंत्रिस्तरीय वार्ता का मार्ग प्रशस्त हुआ। विज्ञप्ति में कहा गया है कि श्री गोयल और शेफकोविच ने प्रस्तावित समझौते के प्रमुख विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया। दोनों पक्षों ने वस्तुओं के लिए बाजार में प्रवेश, माल की उत्पत्ति के नियम, सेवाओं आदि सहित विभिन्न वार्ता क्षेत्रों में हुई प्रगति पर गौर किया। दोनों पक्षों ने एक निष्पक्ष, संतुलित और महत्वाकांक्षी समझौते को अंतिम रूप देने के रणनीतिक महत्व पर बल दिया जो उनके साझा मूल्यों, आर्थिक प्राथमिकताओं और नियम-आधारित व्यापार ढांचे के प्रति प्रतिबद्धता के अनुरूप हो।

# अंकिता मामले की सीबीआई जांच छह माह में पूरी हो: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



अपराधियों को न्याय प्रक्रिया से दूर रखने की व सबूत मिटाने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए: अलका लाम्बा

कांग्रेस ने अंकिता भंडारी हत्याकांड की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की जांच छह माह में पूरी करने और अपराधियों को न्याय प्रक्रिया से दूर रखने की मांग करते हुए कहा है कि जिन लोगों ने रिजॉर्ट पर बुलडोजर चलाकर सबूतों को नष्ट करने का काम किया है, उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जानी चाहिए।

महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लाम्बा तथा पार्टी के संचार विभाग में सचिव वैभव वालिया ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि राज्य के मुख्यमंत्री पुष्करसिंह धामी ने शुरु से ही इस मामले में लीपापोती करने का प्रयास किया है। धामी ने जनता के दबाव में विशेष जांच दल-एसआईटी गठित किया, लेकिन इस जांच में जिन वीआईपी के नाम लिए गए उनसे पूछताछ तक नहीं की गई। उनका कहना था कि जिस रिजॉर्ट में यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई वह भाजपा के मंत्री का था और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मामले में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई, जबकि उन्हें इस पर माफी मांगनी चाहिए थी। हत्याकांड की घटना का विवरण देते हुए उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी, भाजपा नेता विनोद आर्या के रिजॉर्ट में नौकरी करती थी। उसकी नौकरी को महीना भी नहीं हुआ था कि उस पर गत वर्ष 18 सितम्बर को वीआईपी मेहमानों को अनैतिक सेवाएं देने का दबाव बनाया गया लेकिन अंकिता ने मना कर दिया। इसके बाद अंकिता की हत्या कर उसका शव नहर में फेंक दिया गया। उन्होंने कहा कि इस मामले में 19 से 22 सितम्बर तक सिर्फ गुमशुदगी की रिपोर्ट ली गई और 23 सितम्बर को स्थानीय भाजपा विधायक रेनू बिष्ट मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर रिजॉर्ट पर बुलडोजर चलवाया गया। इस कारवाई का साफ मकसद रिजॉर्ट से सारे सबूत नष्ट करना था क्योंकि अंकिता रिजॉर्ट में ही रहती थी। फिर 24 सितम्बर को अंकिता का शव नहर से बरामद किया गया तब उसके माता-पिता अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। मामले ने तूल पकड़ा, तो भाजपा नेता विनोद आर्या के बेटे पुलकित आर्या, सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता की गिरफ्तारी हुई। इस गिरफ्तारी के बाद जनता सड़कों पर उतरी, तो मुख्यमंत्री ने दबाव में एसआईटी का अक्टूबर 2022 में गठन कर दिया। इस मामले में तीन आरोपियों को उम्रकैद की सजा हुई, लेकिन अंकिता पर दबाव बनाने वाला वीआईपी कौन था इसका अब तक पता नहीं चला। सुश्री लाम्बा ने श्री मोदी से सवाल किया कि यदि वह एक दिन में ही नोटबंदी की घोषणा कर सकते हैं, तो 3 साल से अंकिता को न्याय दिलाने में दिक्कत क्यों हो रही है जबकि अंकिता के पिता भाजपा नेता अजय कुमार और दुष्यंत कुमार का लगातार नाम ले रहे हैं, लेकिन एसआईटी ने उनसे पूछताछ तक नहीं की। उन्होंने रिजॉर्ट पर बुलडोजर चलाने पर भी सवाल उठाए और कहा कि बिना न्यायिक आदेश के स्थानीय भाजपा विधायक ने रिजॉर्ट पर बुलडोजर क्यों चलवाया। एसआईटी की जांच में वीआईपी का नाम क्यों नहीं आया और यदि आरोप गलत था, तो इसका खंडन क्यों नहीं किया गया। उनका कहना था कि इस मामले में भाजपा नेताओं का नाम आने पर सिर्फ निष्कासन ही पर्याप्त नहीं था और यदि मंत्री के बेटे का नाम आया था, तो मोदी माफी मांगनी चाहिए थी। उन्होंने इस मामले में वीआईपी एंगल की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच कराने की मांग करते हुए कहा कि सबूत नष्ट करने और बुलडोजर चलाने का आदेश देने वालों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। इसके साथ ही महिला कार्य स्थलों पर सुरक्षा कानूनों का सख्ती से अनुपालन होना चाहिए।

## सीएम ने राजस्व विभाग के कार्यों से सम्बन्धित 6 वेब पोर्टल का किया शुभारंभ

# अब घर बैठे मोबाइल या इंटरनेट से मिलेंगी सत्यापित खतौनी

**वेब पोर्टल में ई-भूलेख ( अपडेटेड वर्जन ), भू-नक्शा, भूलेख अंश, भू-अनुमति, एग्री लोन एवं ई-वसूली पोर्टल ( ई - आरसीएस पोर्टल ) शामिल**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास, देहरादून में राजस्व परिषद द्वारा राजस्व विभाग के विभागीय कार्यों से सम्बन्धित 6 वेब पोर्टल का शुभारंभ किया। इसमें ई-भूलेख ( अपडेटेड वर्जन), भू-नक्शा, भूलेख अंश, भू-अनुमति, एग्री लोन एवं ई-वसूली पोर्टल ( ई - आरसीएस पोर्टल) शामिल हैं।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना के अनुरूप विज्ञान, आईटी और एआई के माध्यम से आमजन को अधिक से अधिक सहूलियत प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा इन वेब पोर्टलों के शुभारंभ से नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी, उनका जीवन सरल होगा एवं उन्हें दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे, जिससे समय की भी बचत होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार - सरलीकरण, समाधान और निस्तारण के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। डिजिटल इंडिया के अंतर्गत राजस्व से जुड़ी नई सेवाओं का ऑनलाइन उपलब्ध होना महत्वपूर्ण कदम है। इससे प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता आएगी एवं नागरिक घर बैठे ही खतौनी सहित अन्य राजस्व संबंधी सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। कहा कि भूमि अभिलेखों से संबंधित सेवाओं में विशेष रूप से खतौनी अब तहसील कार्यालय आने के बजाय घर बैठे मोबाइल या इंटरनेट के माध्यम से सत्यापित प्रति के रूप में, ऑनलाइन भुगतान कर प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा प्रदेश में उद्योग एवं कृषि प्रयोजनों हेतु भूमि उपयोग/भूमि कार्य की अनुमति प्राप्त करने की प्रक्रिया को पूर्णत: ऑनलाइन की गई है। साथ ही भूमि मानचित्र को सार्वजनिक डोमेन में नि:शुल्क देखने की सुविधा प्रदान की गई है।मुख्यमंत्री ने कहा कि 6 वेब एप्लीकेशन का नवीन संस्करण डिजिटल इंडिया की भावना, विकसित भारत एवं विक. सित उत्तराखण्ड के लक्ष्यों तथा समय की मांग के अनुरूप आधुनिक तकनीकों के माध्यम से उन्नत किया गया है। इस पहल से प्रशासनिक पारदर्शिता एवं नागरिक सुविधा में वृद्धि होगी। जिससे ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के साथ ईज ऑफ लिविंग को भी बढ़ावा मिलेगा।इस अवसर पर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, सचिव राजस्व एस.एन पांडेय, सचिव एवं आयुक्त राजस्व परिषद रंजना राजगुरु, अपर सचिव श्री आनंद श्रीवास्तव, स्टाफ ऑफिसर सोनिया पंत, एनआईसी के वरिष्ठ निदेशक (आईटी) मनीष वालिया, नरेंद्र सिंह नेगी, संयुक्त निदेशक (आईटी) चंदन भकुनी एवं राज्य के सभी जिला मुख्यालयों से जिलाधिकारी, मंडल आयुक्त तथा विभिन्न तहसीलों से संबंधित अधिकारीगण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

### तहसील आने के झंझट से मिलेगी मुक्ति , संसाधनों और समय दोनों की होगी बचत

गौरतलब है कि ई-भूलेख पोर्टल के तहत भूमि अभिलेखों से संबंधित सेवाओं में विशेष रूप से खतौनी अब तहसील कार्यालय आने के बजाय घर बैठे मोबाइल या इंटरनेट के माध्यम से सत्यापित प्रति के रूप में, ऑनलाइन नियत शुल्क का भुगतान पेमेंट गेटवे के माध्यम से कर, प्राप्त की जा सकती है। पूर्व में खतौनी की प्रमाणित प्रति प्राप्त करने के लिए आमजन को तहसील आना पड़ता था, जिससे समय एवं संसाधनों की अतिरिक्त खपत होती थी, जबकि अब यह सुविधा पूर्णत: ऑनलाइन उपलब्ध है। भूलेख अंश पोर्टल के तहत प्रदेश के भू-अभिलेखों में संयुक्त खातेदारी एवं गोलखातों में दर्ज खातेदारों एवं सहखातेदारों का पृथक-पृथक अंश निर्धारित डाटाबेस तैयार किया जा रहा है, जिससे प्रदेश के किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार किये जाने का मार्ग प्रशस्त होगा। इस कार्यवाही में भू-अभिलेखों में खातेदारों की जाति, लिंग एवं पहचान संख्या को भी संकलित किया जा रहा है, जिससे भविष्य में भू-अभिलेखों का समेकित डाटाबेस तैयार किया जा सकेगा।भू-अनुमति पोर्टल के तहत प्रदेश में उद्योग एवं कृषि प्रयोजनों हेतु भूमि उपयोग/भूमि कार्य की अनुमति प्राप्त करने की प्रक्रिया को पूर्णत: ऑनलाइन किया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से भू-कानून के अनुसार प्रदेश में उद्योग एवं जनपद हरिद्वार एवं उधमसिंहनगर में कृषि व बागवानी हेतु भूमि कय की अनुमति को पूर्णत: डिजिटलाईज किया गया है।एग्रीलोन पोर्टल के तहत प्रदेश में उएस.एनद्योग एवं कृषि प्रयोजनों के लिए भूमि उपयोग/भूमि कार्य की अनुमति प्राप्त करने की प्रक्रिया को पूर्णत: ऑनलाइन किया गया है। किसानों को बैंक से अपनी भूमि के सापेक्ष कृषि एवं कृषि संबंधित गतिविधियों हेतु ऋण लेने की प्रक्रिया को भी पूरी तरह ऑनलाइन किया गया है। अब किसान या भूमि स्वामी पोर्टल के माध्यम से ऋण के लिये आवेदन कर सकता है। और ऋण अदायगी के उपरान्त बैंक द्वारा एन.ओ.सी जारी करने पर स्वत: ही चार्ज रिमूव भी हो जायेगा।ई-वसूली पोर्टल के माध्यम से राजस्व वसूली की प्रक्रिया को पूर्ण: डिजिटल बनाते हुए बैंक अथवा संबंधित विभाग अब अपने बकायेदारों से वसूली हेतु प्रकरणों को ऑनलाइन माध्यम से कलेक्टर को भेज सकेंगे, जिसमें पूरी वसूली प्रकिया की प्रत्येक स्तर पर ट्रेकिंग की जा सकेगी एवं भू-नक्शा पोर्टल के तहत भूमि मानचित्र ( कैडस्ट्रल मैप) को सार्वजनिक डोमेन में नि:शुल्क देखने की सुविधा प्रदान की गई है।

## न्यायमूर्ति मनोज गुप्ता ने मुख्य न्यायाधीश पद की ली शपथ



**लोकभवन में हुआ समारोह, राज्यपाल , मुख्यमंत्री धामी और उत्तर प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली रहे मौजूद**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को लोक भवन देहरादून में उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय के नवनियुक्त मुख्य न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता को पद की शपथ दिलायी। मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने भारत की राष्ट्रपति द्वारा न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता को उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति बनाए जाने से संबंधित अधिपत्र पढ़ा।

शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उत्तर प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली, उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति आशीष नैथानी, प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, विधायक मुन्ना सिंह चौहान, खजान दास, प्रदीप बत्रा व सविता कपूर, पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ, नैनीताल हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल योगेश कुमार गुप्ता, विधि परामर्शी राज्यपाल कौशल किशोर शुक्ल, अपर सचिव रीना जोशी सहित वरिष्ठ न्यायमूर्तिगण, वरिष्ठ अधिकारीगण व अन्य अतिथि उपस्थित रहे।

# 108 इमरजेंसी सेवा में बढ़ेगा एम्बुलेंस का बेड़ाः डॉ. रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सूबे में 108 आपातकालीन एम्बुलेंस सेवा को और अधिक प्रभावी बनाया जायेगा। इसके लिये आपातकालीन सेवा में नई व आधुनिक एम्बुलेंस को शामिल कर इसके बेड़े में वृद्धि की जायेगी, साथ ही अनुभवी कार्मिकों की और नियुक्ति की जायेगी, जिसके निर्देश विभागीय अधिकारियों को दे दिये हैं। इसके अलावा एम्बुलेंस का पहाड़ व मैदानी क्षेत्रों में रिस्पॉन्स टाइम भी कम कर दिया है ताकि आम लोगों को समय पर एम्बुलेंस सेवा का लाभ मिल सके। इसके साथ ही विभागन्तर्गत तकनीकी संवर्ग के पदों का पुनर्गठन के निर्देश भी अधिकारियों को दिये।



सूबे के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने आज अपने शासकीय आवास पर स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने विभागीय अधिकारियों को 108 आपातकालीन एम्बुलेंस सेवा को और प्रभावी व जवाबदेह बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि 108 एम्बुलेंस सेवा स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ है, ऐसे में इस सेवा को सुदृढ़ कर आम लोगों के लिये सुलभ बनाना है। डॉ रावत ने एम्बुलेंस के बेड़े में आधुनिक उपकरणों से लैस एम्बुलेंस को शामिल करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही डॉ रावत ने 108 आपातक. ालीन एम्बुलेंस की जवाबदेही तय कर रिस्पॉन्स टाइम काम से कम करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि मैदानी क्षेत्रों में एम्बुलेंस का रिस्पॉन्स टाइम 13 मिनट जबकि पर्वतीय क्षेत्रों में यह समय 18 मिनट तय किया जायेगा। डॉ रावत ने प्रत्येक जनपद में तीन-तीन एम्बुलेंस को रिजर्व में रखने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये। कहा कि एम्बुलेंस अब मरीजों को सीधे उसी अस्पताल में पहुंचाएगी जहां पर सम्बंधित बीमारी के उपचार हेतु चिकित्सक उपलब्ध होगा। बैठक में अपर सचिव वित्त व कार्मिक , स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ सुनीता टम्टा, निदेशक स्वास्थ्य डॉ शिखा जंगपांगी, संयुक्त निदेशक डॉ अजीत मोहन जौहरी, डॉ तुहिन कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे जबकि सभी जनपदों के सीएमओ ने वर्चुअल माध्यम से बैठक में प्रतिभाग किया।

# गांव को विकसित करेगी वीबी जी राम जी योजना : रेखा वर्मा

**वीबी जी राम जी योजना पर भाजपा प्रदेश कार्यशाला सम्पन्न, जनता को जागरूक बनाने का लिया संकल्प**




**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** प्रदेश कार्यशाला में वीबी जी राम जी योजना के विकासोन्मुख एवं जनकल्याणकारी स्वरूप पर हुई विस्तृत चर्चा को जन जन तक ले जाएगी भाजपा। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, जनजागरण अभियान की राष्ट्रीय सह संयोजक एवं प्रदेश सह प्रभारी रेखा वर्मा ने कहा कि विकसित भारत के लिए सिर्फ राहत ही नहीं, विकास आधारित ऐसी योजनाओं की भी जरूरत है। वहीं प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने नाम से अधिक, ग्रामीण रोजगार योजनाओं के पीछे की गलत नीयत को हमेशा के लिए बदल दिया है।

पार्टी मुख्यालय में हुई इस कार्यशाला में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण योजना की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गई। बैठक में प्रदेश सह प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष के साथ प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार, प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार, दीप्ति रावत और तरुण बंसल ने योजना की विस्तार से विषयवार जानकारी दी।इस अवसर पर जनजागरण अभियान की राष्ट्रीय सह संयोजक रेखा वर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा, पीएम मोदी के नेतृत्व में हमे भारत को 2047 तक विकसित बनाना है। जिसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों को भी विकसित किया जाना बेहद जरूरी है। यही वजह है कि अपनी योजनाओं को अब, राहत देने से आगे बढ़ते हुए विकास की मुहिम से जोड़ने की जरूरत महसूस की गई। इसीलिए मनरेगा में मौजूद कमियां को दूर करने और विकसित भारत की जरूरतों पूरा करने के लिए बीबी जी राम जी योजना लाई गई है। जिसमें रोजगार दिवसों की संख्या बढ़कर 125 की गई है, 15 दिन में भुगतान अन्यथा उसपर ब्याज, पहले से अधिक राशि, पंचायतों को योजना बनाने का अधिकार जैसे अनेकों नवाचार परिवर्तन से पूर्ववर्ती योजना को अब अधिक प्रभावी बनाया गया है।

आज की कार्यशाल में प्रदेश पदाधिकारी, सभी मोर्चों के अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, सहप्रभारी, अभियान की प्रदेश टोली, जिलों की टोली सदस्यों ने प्रतिभाग किया।

### ग्रामीण क्षेत्र के विकास और रोजगार योजनाओं से भ्रष्टाचार के पूर्ण उन्मूलन में सहायक होगी योजना : भट्ट

इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने कहा विकसित भारत निर्माण के लिए ग्रामीण क्षेत्र का विकास अति आवश्यक है। इसी अवधारणा को केंद्र में रख, पुरानी योजनाओं की कमियों को दूर करते हुए, भविष्य के लिए इस ग्रामीण रोजगार की योजना को बनाया गया है। नई योजना में विकास से संबंधित स्थाई निर्माण की दिशा में विशेष प्रावधान किए गए हैं। रोजगार दिवस एवं धनराशि में वृद्धि के साथ-साथ प्रशासनिक खर्च को बढ़ाकर 9% करना, इसे अधिक व्यावहारिक बनता है। खेती के समय श्रमिकों की कमी को पूरा करने के लिए 60 दिन इस योजना में छूट दी गई है। इसी तरह इस पूरी योजना के कार्यों का फोकस, जलसंचय ग्रामीण बुनियादी ढांचे आजीविका प्राप्त होने वाले कार्यों और आपदा से जोड़ा गया है। विशेषकर आपदा बचाव कार्यों से इस योजना को जोड़ने से उत्तराखंड जैसे विषम भौगोलिक परिस्थितियों वाले राज्य को बहुत लाभ होगा। ग्रामीण रोजगार को लेकर भ्रष्टाचार उन्मूलन में यह मील का पत्थर साबित होगा।

# उत्तराखण्ड बनेगा देश का प्रमुख पर्यटन केंद्रः सतपाल महाराज

**ऐतिहासिक पहल: दिल्ली के बाद अब देशभर में होगा एकीकृत राष्ट्रीय पर्यटन प्रचार अभियान**




**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून/नई दिल्ली।** देश में पहली बार उत्तराखण्ड राज्य ने अपने पर्यटन सामर्थ्य को संगठित, समन्वित एवं बहु-नगरात्मक अभियान के रूप में प्रस्तुत करते हुए अखिल भारतीय एकीकृत पर्यटन प्रचार अभियान की ऐतिहासिक शुरुआत की है।

यह बात उत्तराखण्ड के पर्यटन, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने शनिवार को नई दिल्ली स्थित एक स्थानीय होटल में उत्तराखण्ड पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित अखिल भारतीय 'द ललित' एकीकृत पर्यटन प्रचार कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में कही।उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के पर्यटन व्यापार और यात्रा उद्योग को उत्तराखण्ड के साहसिक पर्यटन, शीतकालीन पर्यटन, आरोग्य पर्यटन, आध्यात्मिक पर्यटन, सांस्कृतिक पर्यटन तथा अनुभवात्मक पर्यटन से सशक्त रूप से जोड़ना है।महाराज ने कहा कि यह व्यापक अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी संकल्प तथा उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के स्पष्ट दिशा-निर्देशों एवं मार्गदर्शन में प्रारम्भ किया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य उत्तराखण्ड को वर्षभर 365 दिनों तक पर्यटकों के लिए आकर्षक पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करना है।

पर्यटन मंत्री ने राज्य की दूरगामी पर्यटन नीति, उभरती संभावनाओं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्तराखण्ड की सशक्त पहचान स्थापित करने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए कहा कि राज्य को भविष्य के विवाह पर्यटन स्थल, आध्यात्मिक विशाल परिपथ तथा अंतरराष्ट्रीय पर्यटन प्रवेश द्वार के रूप में विकसित करने की ठोस कार्ययोजना पर कार्य किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि यह एकीकृत प्रचार श्रृंखला राज्य में पर्यटन निवेश, उद्योग सहभागिता और पर्यटकों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि करने में निर्णायक भूमिका निभाएगी। आने वाले समय में देश के अनेक प्रमुख नगरों में इसी प्रकार की सहभागिता आधारित गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी।

### शीतकालीन पर्यटन का राष्ट्रीय केंद्र बनेगा उत्तराखण्ड

सतपाल महाराज ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता उत्तराखण्ड को शीतकालीन पर्यटन का राष्ट्रीय केंद्र बनाना है, जहां पर्यटक हिम क्रीड़ा, हिम पगडंडी भ्रमण और शीतकालीन उत्सवों का आनंद ले सकें। उन्होंने बताया कि जोशीमठ, औली और पांडुकेश्वर जैसे धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों को शीतकाल. ीन चारधाम के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को वर्षभर दर्शन और आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त हो सके। इसके साथ ही धारचूला से नेलांग घाटी तक हिम तेंदुए के दर्शन, तथा नीति घाटी में अति-दौड़ प्रतियोगिता जैसे विशिष्ट आयोजनों के माध्यम से उत्तराखण्ड को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान दिलाई जा रही है।

### 'हर मौसम, हर पर्यटक' के लिए उत्तराखण्ड

पर्यटन मंत्री ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र से जुड़े सहयोगीख्रयात्रा संचालक, होटल व्यवसायी और साहसिक गतिविधि विशेषज्ञों के साथ मिलकर नए पर्यटन उत्पाद, नए भ्रमण पैकेज और नई संभावनाएं विकसित की जा रही हैं।

# इंसाफ, अमन और संविधान के दायरे में हो समाधानः कासमी

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** देहरादून की ऐतिहासिक जामा मस्जिद में शहर कघजी की अगुवाई में आयोजित प्रेस वार्ता में इंसाफ, सामाजिक सौहार्द और संविधानिक मूल्यों को सर्वोपरि रखने का संदेश दिया गया। शहर कघजी हजरत मुफ्ती हशीम अहमद कघसमी ने कहा कि इंसाफ किसी भी सभ्य समाज की नैतिक रीढ़ है और कघनून का शासन हर हाल में कायम रहना चाहिए।



उन्होंने स्पष्ट किया कि शहर कघजी की सरपरस्ती में गठित शूरा कमेटी की जिम्मेदारी हजरत मुफ्ती सलीम अहमद कघसमी को सौंपी गई है, जिसका उद्देश्य राजनीति नहीं बल्कि संविधान के दायरे में रहकर समाज की भलाई और अमन कायम रखना है। उन्होंने चेताया कि खुद-साखघ्ता इंसाफ सामाजिक संतुलन को बिगाड़ता है और विवादों का समाधान केवल विधिसम्मत तरीकों से ही होना चाहिए।

**कानून का शासन हर हाल में कायम रहना चाहिए**

प्रेस को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि देहरादून और उत्तराखंड की पहचान अमन-ओ-अमान से रही है, इसे हर हाल में बरकरार रखा जाएगा। सरकार और न्यायपालिका से कानून के शासन को और मजबूत करने तथा पारदर्शिता सुनिश्चित करने की अपील की गई।इस मौके पर मुफ्ती सलीम अहमद कघसमी, दिलशाद अहमद कुरैशी, पार्षद मुकीम अहमद, मुफ्ती ताहिर कासमी, आतिफ शेखघ, नसीम अहमद, अब्दुल रहमान (शब्लू), सय्यद मौ० अरशी, हाकिम खान, आसिफ कुरैशी, हाजी शमशाद, मौ आरिफ, असगर खान, सलीम अहमद, सुल. ेमान अंसारी, फहीम अहमद आदि मौजूद रहे।

# हिमालय में कुदरत की इमरजेंसी , बर्फ देखने के लिए तरसे लोग

**चिरंजीव सेमवाल**

**उत्तरकाशी :** पहाड़ों में इस बार कुदरत की इमरजेंसी से बर्फबारी के लोग तरस रहे है। दिसम्बर गुजर चुका है अब जनवरी का महीना बर्फबारी के बिना ही बीत रहा है। गंगोत्री -यमुनोत्री और बद्रीनाथ - केदारनाथ धाम जैसे प्रमुख तीर्थस्थलों के पहाड भी सूखे और बर्फहीन दिख रहे हैं। बर्फबारी और बारिश न होने से हिमालय में हाहाकार मच गया हैं।

सर्दी बीतने वाली हैं, लेकिन हिमालय की चोटियां बिना बर्फ के खाली पड़ी हैं और वैज्ञानिकों ने इसे श्बर्फ का सूखाश कहा या हिमालय का एसओएस ( सिग्नल ऑफ सफरिंग) है। आंकड़ों के बात करे तो पिछले चार सालों में हिमालय रेंज में 23% की कमी आई है , उत्तराखंड में लगभग 90% और हिमाचल -लद्दाख में लगभग 86% बारिश की कमी रही है। वैज्ञानिकों ने इसे बताया हैं। यह पहाड़ों की धड़कते दिल की हलचल है जो अब लड़खड़ा रही है।

**वैज्ञानिक बोले : हिमालय का सिग्नल ऑफ सफरिंग कृषि बाग. वानी और पर्यटन की टूटी कमर**

हिमालय में जनवरी माह तक बर्फ और बारिश न एक गंभीर चिंता का विषय है, जहाँ जलवायु परिवर्तन और बढ़ते तापमान के कारण केदारनाथ, गंगोत्री और धौलाधार जैसी चोटियाँ बर्फ से वंचित हैं और पहाड़ सूखे व काले दिख रहे हैं; इससे न केवल पर्यावरण, वनस्पति और वन्यजीवों को खतरा है, बल्कि जल संकट और पर्यटन पर भी बुरा असर पड़ रहा है, जिससे पहाड़ों का पारिस्थितिक संत. ुलन बिगड़ रहा है और यह भविष्य के लिए चेतावनी है। मौसम रोमांचक नहीं भयावक है और भविष्य रोशन नहीं धुंधला दिख रहा है। बता दें कि



उत्तराखंड के चार धामों में नवंबर से दिसंबर तक जहां चार से 5 फीट बर्फ आम बात होती थी, आज वहां बर्फ का पहला फालाब जम रहे हैं, लेकिन बादल नहीं बरस रहे। ठंड दहशत दे रही है, लेकिन आसमान रहम नहीं दिखा रहा। क्या यह सिर्फ मौसम है या हिमालय का संतुलन बिगड़ चुका है? क्या यह सिर्फ प्रकृति की मर्जी है या हमने खुद अपने फैसलों से यह दिन बुलाया है? यदि इस जनवरी माह में भी सूखा रहा तो ग्लेशियर पिघलने से पहले ही कमजोर फरवरी अनिश्चित वसंत अनियंत्रित अप्रैल मई में नदी का जलस्तर गिरा हुआ जून जुलाई में बादल फटने के खतरे से उत्तराखंड के तीर्थाटन और टूरिज्म , बागवानी कृषि,ठप हो जायेगा जिससे यहां की अर्थव्यवस्था घायल हो जायेगी ।

वहीं एम.डी. इन स्नो स्पाइडर ट्रेक एंड टूर उत्तरकाशी के भागवत सेमवाल बताते हैं कि इस बार बर्फबारी न होने से टूरिज्म और साहसिक पर्यटन पर संकट गहरा गया है।यह स्थिति न केवल ग्लेशियरों के स्वास्थ्य के लिए खतरा है, बल्कि भविष्य के जल संकट की ओर भी इशारा कर रही है।यह सिर्फ मौसम की घटना नहीं, बल्कि एक गंभीर पर्यावरणीय संकेत है, जो भविष्य में बड़ी आपदाओं (जैसे बाढ़, भूस्खलन) की आहट हो सकती है, जैसा कि 2013 की आपदा से पता चला है। वैज्ञानिकों और पर्यावरणविदों ने सरकार और संबंधित मंत्रालयों से इस पर ठोस कार्रवाई करने की अपील की है।

### हिमालय की पहाड़ियों से गायब हो गई बर्फ

उत्तराखंड की पहाड़ी चोटियां, लगभग सभी हिमालयी पहाड़ी चोटियां आमतौर पर पूरे साल बर्फ से ढकी रहती थीं, लेकिन बर्फ जल्दी गायब हो गई है। पिछले चार -पांच सालों से हिमालय रेंज में बर्फ समय से बेहद कम पड़ रही है जो धरती के तापमान में बढ़ोतरी के कारण ज्यादा समय तक नहीं टिकती। हाल ही में जमा किए गए डेटा से पता चलता है ।

### मौसम के बदलते पैटर्न बारिश-बर्फबारी गायब, खेती-बागवानी पर संकट

उत्तरकाशी: बारिश और बर्फबारी न होने से हालात ऐसे हैं कि खेतों में दरारें पड़ गई हैं और किसान बुआई तक नहीं कर पा रहे हैं।हालात ऐसे ही बने रहें तो फसलें पूरी तरह से चौपट हो सकती हैं, जिससे सीधा असर आमदनी पर पड़ेगा।

इस स्थिति से सबसे ज्यादा चिंता सेब उत्पादक किसानों को है। पिछले साल भी ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सेब की बाग. वानी कुछ खास बेहतर नहीं रही थी। उस दौरान तेज बारिश के कारण नुकसान हुआ और बाजार तक सेब पहुंचाना भी मुश्किल हो गया, जिससे किसानों को आर्थिक झटका लगा. लेकिन इस बार हालात और भी गंभीर हैं, क्योंकि सेब की अच्छी फसल होने को लेकर ही संदेह बना हुआ है।

# दून पुलिस की बड़ी स्ट्राइक 4 नशा तस्कर दबोचे

**लाखों की स्मैक, चरस और गांजे के साथ पकड़े गए आरोपी;**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री के श्ड्रग्स फ्री देवभूमिश अभियान को धरातल पर उतारने के लिए देहरादून पुलिस ने नशे के सौदागरों के खिलाफ कमर कस ली है। एसएसपी के निर्देशन पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बीते 24 घंटों में पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से 04 शातिर नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से लाखों रुपये कीमत की स्मैक, गांजा और चरस बरामद की गई है।

पुलिस ने योग पार्क के पास से राशिद खान (51 वर्ष) को 13.40 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में



इसकी कीमत करीब 04 लाख रुपये आंकी गई है।

वही डोईवाला एयरपोर्ट तिराहे के पास से मुकुल (32 वर्ष) को 06. 15 ग्राम स्मैक (कीमत 1.80 लाख रुपये) के साथ पकड़ा गया। बता दें कि मुकुल शातिर अपराधी है और पहले भी चोरी के मामलों में जेल जा चुका है। चोरखाला क्षेत्र से रिंकूनाथ उर्फ गूंजन को गिरफ्तार किया गया, जिसके पास से 02 किलो 27 ग्राम गांजा बरामद हुआ।14 बीघा पुल के पास से सागर कुमार को 224 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया गया है। वह मूल रूप से सहारनपुर का रहने वाला है।

# लोक संस्कृति के संरक्षण से मजबूत होगी देवभूमि की पहचान

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने थौलधार में प्रथम खेलकूद एवं सांस्कृतिक महोत्सव में किया प्रतिभाग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**टिहरी गढ़वाल।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को राजकीय इंटर कालेज छाम, टिहरी गढ़वाल में सांस्कृतिक विकास समिति द्वारा आयोजित प्रथम खेलकूद एवं सांस्कृतिक महोत्सव के समापन समारोह में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया तथा यूसीसी के तहत पंजीकरण करवाने वाले लोगों को प्रमाण पत्र वितरित किए। मुख्यमंत्री धामी ने भगवान नागराजा की पवित्र भूमि को नमन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन हमारी लोक-संस्कृति एवं परंपराओं के संरक्षण और नई पीढ़ी को उनसे जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में सांस्कृतिक पुनर्जागरण का कार्य किया जा रहा है।



अयोध्या में राम मंदिर, काशी विश्वनाथ कोरिडोर, महाकाल कोरिडोर तथा बद्रीनाथ-केदारनाथ धाम को भव्य रूप दिया गया है। राज्य सरकार भी राज्य में हरिद्वार-ऋषिकेश कोरिडोर सहित विभिन्न परियोजनाओं पर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य को खेलभूमि के रूप में विकसित किया जा रहा है। खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण देने के लिए स्पोर्ट्स अकादमी की स्थापना की जा रही है। उन्होंने कहा टिहरी झील को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने के उद्देश्य से ट्रैकिंग, पैराग्लाइडिंग सहित विभिन्न साहसिक खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं तथा झील के चारों ओर रिंग रोड निर्माण से स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार रिवर्स पलायन को प्रोत्साहित करने, स्वरोजगार, होम-स्टे, स्वयं सहायता समूह, लखपति दीदी योजना एवं आयुष वेलनेस सेक्टर को बढ़ावा देने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। नीति आयोग द्वारा जारी सतत विकास लक्ष्यों की सूची में उत्तराखंड को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जिसे बनाए रखने के लिए सरकार संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा राज्य सरकार ने राज्य में समान नागरिक संहिता लागू किया है। भ्रष्टाचार पर जीरो टोलरेंस नीति के तहत दोषियों को जेल भेजा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड को सुरक्षित, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार पूर्ण निष्ठा से कार्य कर रही है। राज्य सरकार ने अब तक 10 हजार से अधिक सरकारी भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाया है एवं 6 हजार से अधिक अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दंगारोधी कानून के तहत दंगाइयों से एक-एक पाई की वसूली की जाएगी। उन्होंने कहा सरकार किसी भी कीमत पर प्रदेश की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक मूल्यों से समझौता नहीं करेगी तथा देवभूमि के सम्मान की रक्षा के लिए पूरी दृढ़ता से कार्य करती रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हमेशा बहन स्व. अंकिता भंडारी के परिवार के साथ खड़ी थी और आज भी उनके साथ खड़े हैं। सरकार द्वारा एसआईटी का गठन किया गया, जिसने लगभग ढाई वर्ष तक गहन जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसके आधार पर तीनों आरोपियों को न्यायालय से आजीवन कारावास की सजा हुई। जब अंकिता के माता-पिता ने सीबीआई जांच की मांग की, तो सरकार ने उनकी भावनाओं का सम्मान करते हुए हर स्तर पर सहयोग दिया और आगे भी राज्य सरकार उनके साथ खड़े रहेगी। विधायक प्रीतम सिंह पंवार, विधायक किशोर उपाध्याय ने भी मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कहा मुख्यमंत्री के कार्यकाल में राज्य में यूसीसी, नकल विरोधी कानून सहित अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। इस अवसर पर थौलधार ब्लॉक प्रमुख सुरेंद्र भंडारी, पूर्व प्रमुख ज्योत सिंह बिष्ट, संजय नेगी, विनोद उनियाल, ब्लाक भाजयुमो प्रदेश महामंत्री मुलायम सिंह रावत, पूर्व प्रमुख खेम सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

# सुखरो में 21 दिवसीय पीरुल क्राफ्ट प्रशिक्षण का शुभारंभ

**कोटद्वार।** ओजस्विनी फाउंडेशन एवं जिला उद्योग केंद्र, कोटद्वार के संयुक्त तत्वावधान में सुखरो, कोटद्वार में 21 दिवसीय पीरुल क्राफ्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पीरुल जैसे प्राकृतिक संसाधन का रचनात्मक उपयोग कर स्थानीय युवाओं एवं महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला उद्योग केंद्र, कोटद्वार के महाप्रबंधक सोमनाथ गर्ग ने पीरुल हस्तकला की उपयोगिता, इसके पर्यावरणीय महत्व तथा इससे जुड़ी रोजगार की संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया। ओजस्विनी फाउंडेशन के चेयरमैन आरपी सिंह ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्य एवं संस्था की गतिविधियों की जानकारी दी। वहीं मास्टर ट्रेनर सीमा ने पीरुल क्राफ्ट प्रशिक्षण से होने वाले लाभ, आजी. विका के अवसरों एवं स्वरोजगार की संभावनाओं के बारे में प्रतिभागियों को विस्तार से अवगत कराया। प्रबंधक उपासना सिंह ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार को बढ़ावा देने तथा युवाओं एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगा। इस अवसर पर राजेन्द्र आर्य एवं सहायक प्रबंधक आकांक्षा उपस्थित रहे। साथ ही जनप्रतिनिधि कमल नेगी, महेश नेगी, प्रेमा खंतवाल एवं नीरूबाला खंतवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# वीर माधो सिंह की शानदार प्रस्तुति ने मोहा मन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** गुलाबराय मैदान में आयोजित रुद्रनाथ महोत्सव में शनिवार को कार्यक्रम की मुख्य अतिथि गुप्तकाशी नगर पंचायत की अध्यक्ष विशेश्वरी देवी रही। उन्होंने आयोजन समिति को बेहतर आयोजन की बधाई दी। इस बीच रुद्रप्रयाग तिलणी की महिला मंगल दल ने वीर भड़ माधो सिंह भंडारी की शानदार नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। उनके मार्मिक मंचन को देखकर दर्शकों के आंखों में आंसू आ गए। वहीं कीर्तन मंडली अमसारी की महिलाओं ने भी रामी बौराणी नृत्य नाटिका का सुदंर मंचन किया। बड़ी संख्या में दर्शक नृत्य नाटिका देख भाव विभोर हो गए। इसके बाद कलश संस्था द्वारा




गढ़वाली कवि सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें कवियों ने विभिन्न विषयों पर गढ़वाली कविता पाठ किया। संस्था के संयोजक ओम प्रकाश सेमवाल ने दुख मा सुख खोजणै ऋतु लैगे, मुरली दीवान ने कटी अब उकाल भुला ब्वे का सौं, बीना बेंजवाल बेटयूं तैं मैत बुलौंद पूस, गिरीश सुन्दरियाल उच्चि डाँडी काँठयूं मा अटगणू च ह्यूंद, ओम बधाणी भुला अब ज्वानी कु बसंत पैटण बैठीगे, मोहन वशिष्ठ भैजि जु सु आंदोलनों मा हर जगा सरीक रै, बृजेश रावत जनम पत्रि कठा कैरि कैरी अलमरि पर चटा लगी, अश्विनी गौड़ सरकार ब्वनी गुगल पे जी पे कैसलेस पे, कुसुम भट्ट बेटि छौं ब्वारि छौं भारतै नारि छौ कविता दर्शकों को सुनाई। वहीं सांय कालीन सांस्कृतिक संध्या लोक गायक रुहान भारद्वाज एवं करिश्मा शाह के नाम रही। लोक कलाकारों ने तारा लगे रहे तारा लगे रहे, दिन छुपरे के तारा लगी रे, ढोल बजी दमों बजी, बजीगै मसका, फूल फलां यारां, रुमेला, रुमेला डांडा छुटयों मेरु रूमेलो सहित कई शानदार प्रस्तुतियां दी। महोत्सव में पहुंचे बड़ी संख्या में युवाओं ने पांडाल में देर रात तक लोक गायकों के गीतों का आनंद लिया। दर्शक गीतों पर खूब थिरके। महोत्सव का संचालन अशोक चौधरी, एडवोकेटे अरुण प्रकाश बाजपेई, मिड्डी सिंधवाल द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है।

# कांग्रेस का 'मनरेगा बचाओ संग्राम' तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला अध्यक्ष प्रदीप रावत की अध्यक्षता में 'मनरेगा बचाओ संग्राम' की तैयारी बैठक संपन्न हुई। इस दौरान केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए मनरेगा को बचाने के लिए एक व्यापक जनआंदोलन छेड़ने का संकल्प लिया गया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के तहत शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी उत्तरकाशी ने संगठनात्मक बैठक कार्यक्रम की शुरुआत की है। कार्यक्रम का उद्देश्य मनरेगा के मूल स्वरूप की रक्षा करना, ग्रामीण गरीबों को रोजगार के अधिकार की गारंटी सुनिश्चित करना तथा केंद्र सरकार द्वारा लाए जा रहे वीबी जी राम जी जैसे जनविरोधी प्रावधानों को वापस लेने के लिए जनपद में व्यापक जनआंदोलन की रूपरेखा तैयार करना रहा।

आज मनरेगा सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि पहाड़ और ग्रामीण भारत के लाखों परिवारों की आजीविका की मजबूत रीढ़ है। उत्तरकाशी जैसे पर्वतीय जिलों में, जहां रोजगार के अवसर सीमित हैं, वहां मनरेगा गरीबों, महिलाओं, दलितों, सीमांत किसानों, भूमिहीन मजदूरों के लिए जीवन-रक्षक सहारा है। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा सरकार लगातार मनरेगा को कमजोर करने की दिशा में काम कर रही है।

बैठक में घोषणा की कि मनरेगा बचाओ कार्यक्रम के तहत जनपद के सभी मंडलों और बूथों तक पहुंचकर आम जनता को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान केंद्र सरकार गरीबों की चिंता नहीं कर रही है और केवल अपने अमीर मित्रों को लाभ पहुंचाने में लगी है।

कांग्रेसियों ने जोर देकर कहा कि मनरेगा कोई साधारण योजना नहीं, बल्कि संविधान से मिला हुआ काम का अधिकार है, जिसे कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। केंद्र सरकार ने मनरेगा में अपने हिस्से की राशि 90 प्रतिशत से घटाकर 60 प्रतिशत कर दी है, जबकि राज्यों का हिस्सा 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दिया गया है। इससे राज्यों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा और योजना का प्रभावी क्रियान्वयन प्रभावित होगा।

कांग्रेसियों ने चेतावनी दी कि यदि मनरेगा को खत्म किया गया, तो दलित, आदिवासी, ओबीसी और गरीब अल्पसंख्यक समुदाय सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था कमजोर होगी, जिसकी सरकार को कोई चिंता नहीं है। उन्होंने कहा कि जब गांव-गांव से आवाज बुलंद होगी, तभी मनरेगा बचेगी और गरीबों को उनका हक मिलेगा। कार्यक्रम में डा. नागेन्द्र दत्त जगूड़ी (पूर्व जिलाध्यक्ष), कनकपाल सिंह परमार (पूर्व प्रमुख), कमल सिंह रावत (जिला संगोजक, सेवादल), मनीष राणा (निर्वतमान जिलाध्यक्ष), अभिषेक जगूड़ी (एडवोकेट), दिवाकर भट्ट, अनवीर पंवार (पूर्व प्रधान), आनंद पवाँर एडवोकेट, सुधीश पंवार, पवित्र राणा, कविता जोगेला (पूर्व सभासद), मधु रावत, कमलेश मेहता, उत्तम गुसाईं, पपेंद्र नेगी, भगवान चंद, मनीष पंवार (सभासद) सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं साथी उपस्थित रहे।

# कोटद्वार के दो छात्रों का चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** आगामी 12 जनवरी से 16 जनवरी को राजीव गाँधी इंस्टिट्यूट ऑफ हैल्थ साइंस, कर्नाटक, बेंगलुरु में होने वाले ऑल इंडिया अंतर विश्वविद्यालय एथलेटिक प्रतियोगिता में महाविद्यालय कोटद्वार के दो छात्रों का चयन हुआ है। जिसमें आसिफ अली 800 मीटर दौड़ एवं दीपांशु 100 मी0 में प्रतिभाग करेंगे। प्राचार्य प्रो. डीएस नेगी ने छात्रों के चयन पर हर्ष जताते हुए कहा कि इस सत्र में महाविद्यालय से प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों ने नॉर्थ जॉन एवं विश्व. विद्यालय की विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया है यह कॉलेज और क्षेत्र के लिए बड़ी खुशी का पल है। इसके लिए खिलाड़ी तो मेहनत करते ही हैं लेकिन उनके पीछे उनके कोच के रुप में निखारने का काम प्राध्यापक वर्ग करता है और इसका श्रेय शारीरिक शिक्षा विभाग को जाता है जिसमें डक्काहीरा सिंह डुंगरियाल, डक्कसंदीप किमोठी और क्रीड़ा समिती के सदस्य सहयोगी के रुप में सदैव खड़े रहते हैं। क्रीड़ा प्रभारी डा. हीरा सिंह ने बताया कि छात्रों के चयन का मुख्य कारण उनकी कड़ी मेहनत है हमने समय समय पर छात्रों को निर्देशित किया है और उनके खान-पान का भी ख्याल रखा है। मैं छात्रों के चयन पर इतना ही कहना चाहूंगा कि कोई भी कार्य कठिन नहीं है यदि सही दिशा में और मेहनत से किया जाए। महाविद्यालय के प्राध्यापकों में प्रोफेसर आशा देवी, प्रोफेसर आरएस चौहान, प्रोफेसर आदेश कुमार, प्रोफेसर प्रीति रानी, डा. जुनीश कुमार, डा. एससी बहुगुणा, डा. अजीत सिंह, डा. भगवत सिंह रावत, डा. संदीप कुमार, डा. विनोद सिंह, डा. चंद्र प्रभा कंडवाल, डा. चंद्र प्रभा भारती, डा. दया किशन जोशी आदि ने हर्ष जताया।

# योग शिविर में दिखाया भारी उत्साह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** पुलिस विभाग के तत्वाधान में गुलाबराय मैदान में चलाए जा रहे योग शिविर के चौथे दिन प्रतिभागियों में भारी उत्साह देखने को मिला। इस दौरान शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए सूर्य नमस्कार एवं विभिन्न सूक्ष्म योग क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। साथ ही कमर दर्द और शारीरिक थकान को दूर करने के लिए विशेष स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज भी सिखाई गईं। शनिवार को चौथे दिन पुलिस उपाधीक्षक प्रबोध घिल्डियाल की उपस्थिति में योग शिविर लगाया गया। इस अवसर पर सीओ ने कहा कि पुलिस की कार्यशैली अत्यंत तनावपूर्ण और चुनौतीपूर्ण होती है। कठिन ड्यूटी के बीच मानसिक



एकाग्रता और धैर्य बनाए रखने के लिए योग एक अनिवार्य माध्यम है। उन्होंने आह्वान किया कि सभी अधिकारी व कर्मचारी योग को मात्र शिविर तक सीमित न रखकर अपनी दैनिक दिनचर्या का स्थायी हिस्सा बनाएं। शिविर में मुख्य योग प्रशिक्षक मुख्य आरक्षी दौलत सिंह एवं आरक्षी आलोक रावत ने प्राणायाम का महत्व श्वसन तंत्र की मजबूती और मानसिक शांति के लिए भस्त्रिका, कपालभाति और अनुलोम-विलोम का गहन अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि सही विधि से किया गया प्राणायाम रक्तचाप को नियंत्रित करने और तनाव मुक्ति में रामबाण सिद्ध होता है। योग शिविर के चौथे दिन का विधिवत समापन गायत्री मंत्र के सामूहिक उच्चारण के साथ किया गया। शिविर में जनपद के विभिन्न थानों एवं शाखाओं के पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने योग की बारीकियों को सीखा जा रहा है।

# साइबर अपराध के बारे में बताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** नगर पालिका के गुलाबराय मैदान में आयोजित रुद्रनाथ महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच रुद्रप्रयाग पुलिस ने एक विशेष जागरुकता



स्टॉल स्थापित किया है। एसपी रुद्रप्रयाग के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक प्रबोध घिल्डियाल और प्रभारी निरीक्षक मनोज नेगी के नेतृत्व में यह पहल की गई है, ताकि आने वाले आगंतुकों को साइबर अपराधों से बचने के उपाय बताए जा सकें। डिजिटल लेन-देन के बढ़ते चलन के साथ साइबर ठगी के मामलों में वृद्धि को देखते हुए पुलिस ने लोगों, खासकर महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं को साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूक किया। स्टॉल पर लोगों को वित्तीय धोखाधड़ी से बचने, निजी जानकारी सुरक्षित रखने, फर्जी संदेशों से सतर्क रहने और साइबर धोखाधड़ी की शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर 1930 का उपयोग करने की सलाह दी जा रही है।

# टैक्सी चालकों को मिली बड़ी राहत

## अब पुरानी व्यवस्था से ही होगी वाहनों की फिटनेस जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** वाहन स्वामियों और टैक्सी चालकों के लिए एक बड़ी राहत की खबर सामने आई है। टिहरी गढ़वाल टैक्सी चालक एसोसिएशन ने केंद्रीय परिवहन राज्यमंत्री अजय टम्टा का हार्दिक आभार प्रकट किया है। एसोसिएशन ने कहा कि केंद्रीय मंत्री ने पहाड़ी क्षेत्रों और अन्य जिलों में ऑटोमैटिक फिटनेस सेंटर पूरी तरह तैयार न होने तक वाहनों की फिटनेस प्रक्रिया को पूर्व की भांति ऑफलाइन यानी मैनुअल रखने के निर्देश दिए हैं। इस निर्णय से टैक्सी और मैक्सी चालकों ने राहत की सांस ली है, जो लंबे समय से इस अव्यवस्था के कारण परेशान चल रहे थे। एसोसिएशन के अध्यक्ष टिकम सिंह चौहान ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य परिवहन विभाग द्वारा बिना पर्याप्त बुनियादी ढांचा तैयार किए ही वाहनों की फिटनेस के लिए ऑनलाइन और ऑटोमैटिक प्रक्रिया को अनिवार्य कर दिया गया था। जबकि जमीनी हकीकत यह है कि अभी भी प्रदेश के अधिकांश जिलों में ऑटोमैटिक फिटनेस सेंटर बनकर तैयार नहीं हुए हैं। ऐसे में वाहन स्वामियों को फिटनेस प्रमाण पत्र हासिल करने के लिए भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था और तकनीकी खामियों के चलते उन पर अनावश्यक दबाव बन रहा था। चालकों की इस व्यावहारिक समस्या को गंभीरता से लेते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री अजय टम्टा ने हस्तक्षेप किया है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जब तक सभी जिलों में ऑटोमैटिक फिटनेस सेंटर सुचारू रूप से स्थापित नहीं हो जाते, तब तक फिटनेस की व्यवस्था पुरानी पद्धति यानी ऑफलाइन माध्यम से ही जारी रखी जाए। टैक्सी चालक संघ ने इसे चालकों के हित में लिया गया एक महत्वपूर्ण और संवेदनशील निर्णय बताया है, जिससे परिवहन व्यवसाय से जुड़े हजारों लोगों को परेशानी से मुक्ति मिलेगी।

# विधायक चैम्पियन ट्रॉफी खेलकूद का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊखीमठ/रुद्रप्रयाग।** युवा कल्याण, शिक्षा व खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में चार दिवसीय विधानसभा स्तरीय विधायक चैम्पियन ट्राफी खेलकूद प्रतियोगिताओं का विधिवत समापन हो गया है। राजकीय इंटर कालेज के खेल मैदान में आयोजित चार दिवसीय खेल महाकुंभ में 11 न्याय पंचायतों के 12 सौ से अधिक नौनिहालो ने प्रतिभाग किया। खेल महाकुंभ में एथलेटिक्स, कबड्डी, खो-खो, मुर्गाझपट, वालीबाल, पिठू आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया, जबकि विधायक चैम्पियन ट्राफी न्याय पंचायत मनसूना के नाम रही।



खेल महाकुंभ के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष कुब्जा धर्म्वाण ने कहा कि नौनिहालों को खेलों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक विधानसभा में खेल महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के खेलो के आयोजन से सीमान्त गांवों के प्रतिभागियों को अपना जौहर दिखाने का सुनहरा अवसर मिलता है। विशिष्ट अतिथि सभासद सरला रावत ने कहा कि विधायक चैम्पियन ट्राफी के अन्तर्गत खेल-कूद प्रतियोगिताओं में नौनिहालों में भारी उत्साह देखा गया। कार्यक्रम आयोजक प्रधानाचार्य विश्वनाथ बेंजवाल ने सभी प्रतिभागी नौनिहालों को बधाई दी। जानकारी देते हुए क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी ज्योति बिष्ट ने बताया कि चार दिवसीय विधायक चैम्पियन ट्राफी खेल-कूद प्रतियोगिताओं में वालीबाल अंडर 14 बालक वर्ग में मनसूना प्रथम, उच्चाढुंगी द्वितीय, कबड्डी अंडर 19 बालक वर्ग में चन्द्रापुरी प्रथम, गुप्तकाशी द्वितीय, कबड्डी अंडर 19 बालिका वर्ग में चन्द्रापुरी प्रथम, मनसूना द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि कबड्डी अंडर 14 बालक वर्ग में चन्द्रापुरी प्रथम, मनसूना द्वितीय पर रहे, जबकि अन्य प्रतियोगिताओं में भी विभिन्न न्याय पंचायतों ने प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किए। इस मौके पर जिला क्रीड़ा समन्वयक शिव सिंह नेगी, ब्लॉक समन्वयक सरोप सिंह नेगी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी दौलत सिंह बर्त्वाल, खेल प्रशिक्षक चन्द्र मोहन उखियाल, पंकज नेगी, देवेन्द्र बजवाल, सुरेन्द्र सिंह नेगी, कुलदीप सेमवाल, गजेन्द्र करासी, अमित पंवार, राम सिंह रावत, कुलदीप नेगी, नवदीप नेगी, भजनपाल रौतेला, अनिल सिंह, भगवती पंवार, विपिन सेमवाल सहित विभिन्न न्याय पंचायतों के व्यायाम शिक्षक व प्रतिभागी मौजूद थे।

# राबाइंका श्रीनगर का एन एस एस शिविर शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कालेज श्रीनगर का राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का शनिवार को रंगारंग कार्यक्रमों के साथ शुभारंभ हुआ। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि नगर निगम श्रीनगर के पार्षद प्रवेश चमोली ने कहा कि स्वयंसेवी ज्ञानवान होने के साथ ही संस्कारवान भी बने। कहा कि एक सशक्त राष्ट्र को संस्कारवान नागरिको कि आवश्यकता है।मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डा. सरिता उनियाल ने सात दिनों तक चलने वाले कार्यक्रमों कि रूपरेखा रखी। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुमनलता पंवार, कुंजबिहारी सकलानी, कैलाश पुण्डीर, संजय नौडियाल आदि मौजूद थे।

# रामपुर-श्यामपुर मार्ग पर मिला गुलदार का शव मिलने से हड़कंप

## वन विभाग ने जताई वाहन से टक्कर लगने की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** देवप्रयाग क्षेत्र के अंतर्गत रामपुर-श्यामपुर बमाणा मोटर मार्ग पर शनिवार की सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब राहगीरों को सड़क किनारे एक गुलदार का शव पड़ा हुआ मिला। लिसाड़ा पानी के समीप मिले इस शव को देखकर वहां से गुजर रहे ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया। मुख्य मार्ग पर वन्यजीव का शव मिलने की खबर क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना जनप्रतिनिधियों और वन विभाग को दी, जिसके बाद विभागीय कार्रवाई शुरू की गई।

यह पूरी घटना ग्राम पंचायत कोटी क्षेत्र के अंतर्गत घटित हुई है। शनिवार सुबह जब ग्रामीण अपने दैनिक कार्यों के लिए आवाजाही कर रहे थे, तभी उनकी नजर सड़क किनारे पड़े मृत गुलदार पर पड़ी। ग्राम प्रधान आभा कोटियाल ने मामले की गंभीरता को समझते हुए तुरंत वन विभाग के अधिकारियों को सूचित किया। सूचना प्राप्त होते ही वन विभाग की टीम आवश्यक उपकरणों के साथ घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया।

वनकर्मियों ने भीड़ को हटाकर मौका मुआयना किया और मृत गुलदार के शव को अपने कब्जे में लिया। रेंजर मदन सिंह रावत ने बताया कि मृत मिला गुलदार वयस्क है और उसके शरीर पर चोट के कुछ निशान भी पाए गए हैं। घटनास्थल की परिस्थितियों और गुलदार की चोटों को देखते हुए वन विभाग ने आशंका जताई है कि या तो गुलदार पहाड़ी से नीचे गिर गया होगा या फिर सड़क पार करते समय किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उसकी मौत हुई होगी। फिलहाल वन विभाग ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक और स्पष्ट कारणों का पता चल पाएगा। विभाग द्वारा मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

## एक नजर

### अयान मंसूरी बने सफल स्वरोजगार की मिसाल

**कोटद्वार।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आत्मनिर्भर उत्तराखंड विजन के तहत शुरू की गई मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना से अब जमीनी स्तर पर सकारात्मक परिणाम दिखाई देने लगे हैं। इसी योजना से लाभान्वित होकर पदमपुर निवासी 46 वर्षीय अयान मंसूरी ने अपनी सफलता की मिसाल पेश की है। अयान मंसूरी, जो पहले मजदूरी कर परिवार का पालन करते थे, ने मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत रजाई और गद्दा निर्माण का व्यवसाय शुरू किया। जिला उद्योग केन्द्र के मार्गदर्शन से उन्हें 10 लाख रुपये का ऋण केंद्रीय बैंक ऑफ इंडिया, कोटद्वार से स्वीकृत हुआ। आज उनका व्यवसाय सफलतापूर्वक चल रहा है, जिसमें तीन अन्य स्थानीय लोगों को रोजगार मिल रहा है। उनका मासिक टर्नओवर लगभग 3 लाख रुपये है और वे 25-30 हजार रुपये का शुद्ध लाभ कमा रहे हैं। अयान मंसूरी ने कहा कि इस योजना ने उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर दिया, और अब वे सम्मानपूर्वक अपने परिवार का जीवनयापन कर रहे हैं। जिला उद्योग केन्द्र की प्रबंधक उपासना सिंह ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य लोगों को वित्तीय और तकनीकी सहयोग देकर स्वरोजगार स्थापित करने में मदद करना है, और अयान मंसूरी की सफलता इस योजना की प्रभावशीलता को दर्शाती है।

### रोमांच के चरम पर पहुंचा फुटबॉल महाकुंभ

**कोटद्वार।** स्व. शशिधर भट्ट राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में फुटबॉल का वह महायुद्ध देखने को मिला, जिसकी गूंज पूरे शहर में सुनाई दी। 71वें गढ़वाल कप के हाई-वोल्टेज दूसरे सेमीफाइनल में मेरठ स्पोर्टिंग के युवा रणबांकुरों ने अपने गजब के तालमेल और किलर इंस्टिंक्ट से 16वीं गढ़वाल राइफल्स की अभेद्य दीवार को 2-1 से ढहा दी। इस जीत के साथ ही मेरठ ने शान से फाइनल में प्रवेश कर खिताबी जंग की रणभेरी बजा दी है। सीटी बजते ही मेरठ स्पोर्टिंग ने करो या मरो के इरादे से धावा बोला। पहला प्रहार खेल के 26वें मिनट में मेरठ के आदित्य तोमर ने राइफल्स के डिफेंस को चीरते हुए एक ऐसा बुलेट शॉट दागा कि गेंद सीधे जाल में जा धंसी। एक ऐसा जादुई गोल दागा कि स्कोरबोर्ड 1-0 होते ही पूरा स्टेडियम मेरठ के समर्थन में खड़ा हो गया। मेरठ यहीं नहीं रुकी। 40वें मिनट में आशु ने जादुई ड्रिबलिंग का मुजाहिरा करते हुए राइफल्स के गोलकीपर को छकाया और दूसरा गोल कर टीम को 2-0 की मानसिक बढ़त दिला दी। दूसरे हाफ में गढ़वाल राइफल्स ने अपने शौर्य का परिचय दिया। 45वें मिनट में अनुज ने बिजली की गति से आक्रमण कर गोल दागा और स्कोर 2-1 कर मैच में रोमांच की जान फूंक दी। अंतिम सीटी बजने तक राइफल्स ने बराबरी के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया, लेकिन मेरठ की रक्षापंक्ति किसी चटान की तरह डटी रही। जिस कारण मेरठ 2-1 से जीत कर फाइनल में प्रवेश किया।

### फैशन टूर 2025 का भव्य समापन

**देहरादून।** ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर 2025 का भव्य समापन हुआ, जिसने गुरुग्राम, जयपुर और कोलकाता में फैशन अनुभवों के नए मानक स्थापित किए। 'द वन एंड ओनली' थीम के मंच के साथ इस टूर ने भविष्य के फैशन की झलक पेश की और तीन अलग-अलग, लेकिन बेहद प्रभावशाली कहानियों को सामने रखा। गुरुग्राम में तकनीक और कुटयोर का रियल-टाइम संगम दिखा, जहां फैशन को भविष्य की दुनिया से जोड़ा गया। जयपुर में हाई-ऑक्टेन मोटरस्पोर्ट से प्रेरित थीम के साथ फैशन को फास्ट लेन पर दौड़ाया गया। वहीं कोल. काता में पारंपरिक क्राफ्ट की परिभाषा को चुनौती देते हुए उसे एक बोल्ड और आधुनिक रूप में पेश किया गया। पर्नोड रिकार्ड इंडिया की सीएमओ देबश्री दासगुप्ता ने कहा एफडीसीआई के सहयोग से आयोजित ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर भारतीय फैशन का सबसे प्रतिष्ठित मंच रहा है। हमारी 'द वन एंड ओनली' सोच से प्रेरित होकर हम भारत के बेहतरीन डिजाइनरों के साथ मिलकर फैशन और स्टाइल के विकास में लगातार नए मानक स्थापित कर रहे हैं। एफडीसीआई के चेयरमैन सुनील सेठी ने कहा कि, ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर के साथ हमारा सहयोग एफडीसीआई के लिए बेहद उत्साहजनक है।

### फोटोग्राफर्स की टीम ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट

**विकासनगर।** द हिमालयन इंटरनेशनल स्कूल के स्टेडियम में 'यूथ लेंस क्लब' द्वारा आयोजित पहले ऐतिहासिक फोटोग्राफर क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 का भव्य समापन हुआ। इस अनोखे टूर्नामेंट में फोटोग्राफी के पेशे से जुड़े खिलाड़ियों ने ही हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जिसमें देहरादून फोटोग्राफर्स की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और 31,000 की नकद राशि व ट्राफी अपने नाम की। वहीं, खन्ना ब्रदर्स विकासनगर की टीम उपविजेता रही, जिन्हें 21,000 का द्वितीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख नारायण सिंह ठाकुर, पूर्व विधायक कुलदीप कुमार और बलबीर चंदेल, आयोजनकर्ता अध्यक्ष अनूप ठाकुर, सरक्षक विकास कपूर, कोषाध्यक्ष गजेंद्र राठौर, उपाध्यक्ष सुंदर सिंह नेगी, विकास तोमर और रणवीर की मुख्य भूमिका रही।

## सीबीआई जांच की संस्तुति पर कांग्रेस का सरकार पर तीखा हमला

# अंकिता भंडारी हत्याकांड में जांच भटकाने का आरोप

■ टर्म्स ऑफ रेफरेंस सार्वजनिक करने की मांग




**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** अंकिता भंडारी हत्याकांड में सीबीआई जांच की संस्तुति किए जाने के बाद उत्तराखंड की राजनीति एक बार फिर गरमा गई है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने धामी सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पहले दिन से ही जांच को भटकाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि इस पूरे प्रकरण में उत्तराखंड की मातृशक्ति और प्रदेश की अस्मिता को अपमानित किया गया है, जिसके लिए मुख्यमंत्री को हमेशा याद किया जाएगा।

कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने प्रेस वार्ता में कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा सीबीआई जांच की संस्तुति के लिए भेजे गए प्रतिवेदन के टर्म्स ऑफ रेफरेंस तत्काल सार्वजनिक किए जाएं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या इस जांच को सुप्रीम कोर्ट के किसी सिटिंग जज की निगरानी में कराने की सिफारिश की गई है या नहीं। गोदियाल ने कहा कि टर्म्स ऑफ रेफरेंस से ही यह स्पष्ट होता है कि जांच किन बिंदुओं पर होगी, लेकिन सरकार जानबूझकर जांच को केवल "संभावित वीआईपी है या नहीं" तक सीमित कर भटकाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने दो टूक कहा कि इसमें कोई संशय नहीं है कि वीआईपी शामिल है और जांच का उद्देश्य भी उसी तक पहुंचना होना चाहिए।कहा कि, अंकिता भंडारी के वनांतरा रिजॉर्ट में कार्य करने के दौरान से लेकर हत्या तक, उसके मोबाइल पर आए सभी कॉल्स को रिकॉर्ड में लाया जाए और बाद में सार्वजनिक किया जाए।अंकिता और उसके मित्र पुष्पदीप के व्हाट्सएप चौट की प्रमाणिकता जांची जाए और स्पष्ट किया जाए कि वे चौट वास्तव में ऑं. कता की ही थीं या नहीं।जिन लोगों को अपराधी साबित किया जा चुका है, उनकी कॉल डिटेल और व्हाट्सएप चौट को भी जांच में शामिल किया जाए।यमकेश्वर की विधायक रेणु बिष्ट द्वारा शव बरामदगी के बाद मुख्यमंत्री आवास से मुख्यमंत्री के अलावा जिन दो लोगों से बातचीत हुई, वे कौन थे और क्या चर्चा हुई, यह सामने लाया जाए।

रेणु बिष्ट की गवाही एसआईटी के समक्ष हुई, लेकिन कोर्ट में गवाही क्यों नहीं हुई, इसका जवाब दिया जाए।घटनास्थल की सुरक्षा एसआईटी की जिम्मेदारी थी, फिर साक्ष्य मिटाने की कार्रवाई किसके आदेश पर हुई और पुलिस ने उसे क्यों नहीं रोका?

### 11 जनवरी को बंद का समर्थन

गणेश गोदियाल ने कहा कि प्रदेश की जनता, सामाजिक संगठनों और राजनीतिक दलों ने निष्पक्ष व ईमानदार जांच की मांग को लेकर 11 जनवरी 2026 को बंद का आह्वान किया है, जिसे कांग्रेस पार्टी पूरी मजबूती से समर्थन देती है।**"मुकदमे कर लो, पर प्रताड़ना बंद करो"** कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि सरकार उनके ऊपर जितने भी मुकदमे करना चाहे, कर सकती है, लेकिन आम जनता, यूट्यूबर्स, सामाजिक संगठनों और राजनीतिक कार्यकर्ताओं की प्रताड़ना तत्काल बंद की जाए और लगाए गए सभी मुकदमे वापस लिए जाएं। उन्होंने कहा कि सरकार से सवाल पूछने वाले सभी व्हिसल ब्लोअर्स की लड़ाई कांग्रेस पार्टी लड़ेगी। **ज्योति अधिकारी मामले पर सरकार को चेतावनी** गणेश गोदियाल ने कहा कि हल्द्वानी की ज्योति अधिकारी द्वारा वीआईपी के संदर्भ में सांकेतिक रूप से दराती उठाने पर सरकार ने उनके खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कर जेल भेज दिया, जो पूरी तरह अस्वीकार्य है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इस तरह की कार्रवाई बंद नहीं की तो कांग्रेस पार्टी जनप्रताड़ना के खिलाफ आंदोलन करेगी। **महिला कांग्रेस और राष्ट्रीय प्रवक्ता के सवाल** प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने उर्मिला सनावर से एसआईटी की पूछताछ के दौरान एक भाजपा महिला कार्यकर्ता की मौजूदगी पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि ज्योति अधिकारी के मामले में जो भी संभावित कानूनी और सामाजिक कदम हो सकते हैं, महिला कांग्रेस उन्हें उठाएगी। वहीं राष्ट्रीय प्रवक्ता आलोक शर्मा ने कहा कि भाजपा कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं पर चाहे जितने भी मुकदमे करे, कांग्रेस उन्हें मजबूती से लड़ेगी और पीछे नहीं हटेगी। प्रेस वार्ता में महानगर अध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह गोगी, प्रवक्ता सुजाता पॉल, राजीव महर्षि और गिरीश हिन्दवान भी मौजूद रहे।

## सादगी के साथ मनाया गया डॉ. एस.फारुक का जन्मदिन




**प्रमुख संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता, दूरदर्शी शिक्षाविद् डॉ. एस. फारूक का जन्मदिन सादगी के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर उन्हें हार्दिक शुभकामनाएँ दी गई जिनके योगदान ने समाज पर एक अमिट छाप छोड़ी है।

डॉ. फारूक ने अपना जीवन शिक्षा को आगे बढ़ाने, सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने और साम. ुदायिक विकास को बढ़ावा देने के लिए समर्पित किया है। उद्योग, शिक्षा जगत और सार्वजनिक सेवा को जोड़ने में उनके अथक प्रयासों ने पीढ़ियों को प्रेरित किया है और करुणा, ज्ञान और समावेशिता के मूल्यों को मजबूत किया है।

इस विशेष अवसर पर, सहकर्मी और शुभचिंतक उनकी उल्लेखनीय यात्रा का जश्न मनाने और उनके निरंतर स्वास्थ्य, खुशी और सफलता के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ देने के लिए एक साथ शामिल होते हैं।

"डॉ. फारूक का जीवन समर्पण और सेवा की शक्ति का प्रमाण है। उनका जन्मदिन सिर्फ एक व्यक्तिगत मील का पत्थर नहीं है, बल्कि उन मूल्यों का उत्सव है जो समाज को समृद्ध करते हैं।

# एडिफाई स्कूल के छात्रों ने चोपता में रोमांचक विंटर ट्रेक किया संपन्न

■ पर्यावरण बचाओ एवं स्वस्थ जीवन अपनाओ का छात्रों ने दिया संदेश।



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून :** एडिफाई स्कूल के छात्र छात्राओं ने सर्दियों की छुट्टी में कड़ाके की ठंड और बर्फबारी का सामना करते हुए उत्तराखंड के चोपता में पहाड़ियों की चोटी पर चढ़ाई की। छात्रों का विंटर ट्रैक शुक्रवार को संपन्न हुआ एवं शनिवार को उनकी वापसी देहरादून हुई। उत्साही छात्रों का एक ग्रुप, अपने स्पोर्ट्स टीचर और फैकल्टी मेंबर्स के साथ, कड़ाके की ठंड और बर्फबारी का सामना करते हुए कई पहाड़ों की चोटीयों पर चढ़ाई की। छात्रों ने इन चोटियों पर पर्यावरण बचाओ का संदेश भी दिया एवं प्लास्टिक के बोतल एवं अन्य कूड़ा को वहां से उठाकर नीचे लाए एवं पर्यावरण बचाओ अभियान का हिस्सा बने।

इस यादगार यात्रा में छात्रों के साथ स्कूल के डायरेक्टर, एडवोकेट पंकज होलकर भी शामिल हुए, जिन्होंने खुद उदाहरण पेश करते हुए बच्चों के बीच टीमवर्क की भावनाओं को निखारा और स्वस्थ रहने के लिए दिनचर्या में व्यायाम एवं शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि छात्रों के लिए ऐसी गतिविधियां नियमित रूप से आयोजित होते रहनी चाहिए इससे छात्र-छात्राओं में टीम वर्ग की भावनाओं का विकास होता है और उनके शारीरिक श्रम भी होता रहता है।

यहां नियमित स्कूल में जो शिक्षा उन्हें मिलती है उसके अतिरिक्त बहुत कुछ इस आउटडोर एक्टिविटी के अंतर्गत बच्चों को सीखने के लिए मिलता है। हमारे बच्चों ने यहां 3 दिनों तक बर्फ से ढके रास्तों पर ट्रेकिंग की, अपनी सीमाओं को पार किया और रास्ते में जिंदगी के अनमोल हुनर घ्घ्सीखे। इस अनुभव ने छात्रों को अपने साथियों के साथ जुड़ने, एक टीम के रूप में मिलकर काम करने और जिंदगी भर की यादें बनाने का मौका दिया। यह ट्रेक एडिफाई स्कूल की समग्र शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का सबूत था, जो क्लासरूम से परे विकास को बढ़ावा देता है।

## कॉन्सट्र्स और म्यूजिक फेस्टिवल्स तय कर रहे हैं जेन जेड की ट्रैवल प्लानिंग

**देहरादून।** म्यूजिक अब युवा भारतीयों की यात्रा की दिशा तय कर रहा है। एयरबीएनबी की अनुभव-आधारित ट्रैवल इनसाइट्स के अनुसार, जेन जेड अब लाइव कॉन्सर्ट और म्यूजिक फेस्टिवल्स के इर्द-गिर्द अपनी यात्राओं की योजना बना रहे हैं। यह उनके लिए नए शहरों को एक्सप्लोर करने का जरिया बन रहा है जहां वे सिर्फ इवेंट तक सीमित नहीं रहते, बल्कि कुछ दिन ठहरते भी हैं और स्थानीय इलाकों को तसल्ली से जानते-समझते हैं। नई पीढ़ी यात्रा के फैसले अब सांस्कृतिक गति. विधियों को ध्यान में रखकर लेती है। लाइव इवेंट्स और आईआरएल (इन-रियल-लाइफ) अनुभव यह तय कर रहे हैं कि वे कहां जाएं, किसके साथ यात्रा करें और गंतव्य के साथ कितनी गहराई से जुड़ें।

# सीबीआई जांच का निर्णय स्वागत्योग्य शंकाओं पर लगेगा विराम : रेखा वर्मा

■ प्रदेश सह प्रभारी ने की संवेदनशील फैसले के लिए मुख्यमंत्री धामी की प्रशंसा



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश सह प्रभारी रेखा वर्मा ने अंकिता प्रकरण में सीबीआई जांच का स्वागत करते हुए कहा कि इससे सभी शंकाएं और भ्रम दूर होंगे। उन्होंने पीड़ित परिवार की भावनाओं के सम्मान में लिए गए इस संवे. दनशील निर्णय के लिए मुख्यमंत्री धामी की प्रशंसा की।

पार्टी मुख्यालय में हुई कार्यशाला में वीबी जी राम जी अभियान की राष्ट्रीय सह संयोजक के नाते पहुंची रेखा वर्मा ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि, हालांकि संज्ञान में आते ही भाजपा सरकार द्वारा तत्काल एसआईटी जांच कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था उसके बाद भी परिवार की सहमति से हुई ठोस पैरवी का नतीजा रहा कि सभी दोषियों को आजीवन कारावास की सजा मिली। अब चूंकि कुछ दिनों से सोशल मीडिया में वायरल कुछ लोगों की बातचीत के वीडियो से प्रदेश में भ्रम और शंका का माहौल खड़ा किया जा रहा था। लिहाजा एक जनकल्याणकारी सरकार की तरह, मुख्यमंत्री धामी ने घटना से सबसे अधिक प्रभावित पीड़ित परिवार से बातचीत का निर्णय लिया। उनकी सहमति के बाद ही मुख्यमंत्री ने अपने किए वादे के अनुसार इस पूरे प्रकरण की सीबीआई जांच की घोषणा की है।उन्होंने उम्मीद जताई कि इस सर्वोच्च जांच के निर्णय के बाद, चारों तरफ जारी राजनैतिक एवं सामाजिक बहस पर विराम लग जाएगा। और जांच पूर्ण होने के बाद सभी तरह की शंकाओं के बादल भी छंट जायेंगे। विशेषकर उनकी जुबान बंद होना तय है, जिन्हें सीबीआई और अन्य संवैधानिक संस्थाओं पर भरोसा नहीं हैं। एक तरफ वे सीबीआई को सरकार के दबाव में काम करने का आरोप लगाते हैं और दूसरी तरफ हर घटना पर सीबीआई जांच की मांग करते हैं। जबकि सच यह है कि कांग्रेस पार्टी के लिए यह दुखद घटना, हमेशा से राजनैतिक मुद्दा रहा है। जबकि भाजपा संगठन और सरकार ने हर बार पीड़ित परिवार और जनभावनाओं के सम्मान में निर्णय लिया है।

## सरयू नदी में मिनी झील बनाना ड्रीम प्रोजेक्ट:दास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** कुमाऊं की काशी बाबा बागनाथ की पावन स्थली पर बहने वाली पवित्र सरयू, गोमती एवं विलुप्त सरस्वती नदी में मिनी झील बनाना विधायक बागेश्वर पार्वती दास ने अपना ड्रीम प्रोजेक्ट बताया। उन्होंने कहा कि पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व चन्दन राम दास ने अपने कार्यकाल में बागनाथ नदी नगरी को हरिद्वार की तर्ज पर विकसित करने के लिए पुरजोर मेहनत की। उनके दूरगामी सोच के चलते सरयू तट पर दोनों ओर घाटों का निर्माण हुआ। इसके साथ ही बाबा बाबा बागनाथ मंदिर का सौंदर्यकरण, काल भैरव मंदिर का जीर्णोद्धार, के साथ साथ विशाल संग्रहालय का निर्माण कार्य पूर्व हो पाया। वही मंदिर के बाहर सरयू नदी पर विशाल पैल पुलिया का निर्माण, एवं सरयू तट पर हरिद्वार की तरह विशाल शिव प्रतिमा का निर्माण कार्य संभव हो पाया। उन्होंने स्व दस एवं अपने ड्रीम प्राजेक्ट सरयू गोमती नदी में मिनी झील का निर्माण करना बताया। विधायक दास ने कहा कि वे मिनी झील के लिए राज्य के युवा मुख्यमंत्री पुष्कर धामी से भी वार्ता एवं व्यौहार किया हुआ है। बताया कि जल्द ही इस कार्य को मूर्त रूप देकर जिले में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। कहा कि मिनी झील बनने से नौकायन एवं लोगो को रोजगार मिलेगा। विधायक ने कहा कि वे आने वाले दिनों में नीलेश्वर मंदिर में भव्य शिव एवं माता पार्वती की प्रतिमा भी बनवाने का कार्य करेंगी।

# चैती मेला परिसर का होगा सौंदर्यीकरण एसडीएम ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** ऐतिहासिक मां बाल सुंदरी देवी चैती मेला परिसर का मेला प्रशासन की ओर से सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। इसके लिए जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम और तहसीलदार ने स्थलीय निरीक्षण कर इस संबंध में मंदिर के मुख्य पंडा और क्षेत्र के पार्षद के साथ सौंदर्यीकरण पर चर्चा की।

विदित हो कि वार्ड-3 के पार्षद अनिल कुमार ने लगभग दो महीने पहले चैती मेला परिसर के सौंदर्यीकरण को लेकर जिलाधिक. ारी को संबोधित एक पत्र एसडीएम को सौंपा था। इसमें मां बाल सुंदरी देवी मंदिर से मोटेश्वर महादेव मंदिर तक दोनों साइड सीसी रोड निर्माण,



श्रद्धालुओं के लिए बने टिनशेड को पक्का बनाने और उसकी लंबाई बढ़ाने, 5 से 10 हजार वर्गफीट में धर्मशाला, दो सार्वजनिक शौचालय, आठ हाईमास्ट लाइट, मोटेश्वर महादेव मंदिर के पास पुलिया के चौड़ीकरण, ओवर हेडटैंक और देवी मंदिर के दोनों रास्तों व मोटेश्वर महादेव मंदिर रोड पर कुल चार छोटे द्वार बनाने के बिंदु रखे थे।

जिलाधिकारी ने पत्र का संज्ञान लेकर एसडीएम अभय प्रताप सिंह को स्थलीय निरीक्षण करने के बीते दिनों निर्देश दिए थे। एसडीएम अभय प्रताप सिंह, तहसीलदार पंकज चंदोला ने क्षेत्र के पटवारी गौरव चौहान, रोहित के अलावा पार्षद अनिल कुमार व मंदिर के मुख्य पंडा विकास अग्निहोत्री के साथ चैती मेला का नक्शा के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने बताया कि चैती मेला के दौरान बड़ी संख्या में बुक्सा समाज के अलावा बरेली और बिजनौर के श्रद्धालु यहां आकर कई दिन रुकते हैं और अपनी कुलदेवी की पूजा-अर्चना करते हैं। उनकी सुविधा के लिए नया टिनशेड या भवन बनाने के अलावा क्षतिग्रस्त सड़क, टिनशेड की लंबाई बढ़ाने, शौचालय आदि बनाया जाना प्रस्तावित है।

## खेलो इंडिया बीच गेम्स में उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने जीते दो पदक




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** दमन और दीव, दादरा और नगर हवेली में 5 से 10 जनवरी तक आयोजित खेलो इंडिया बीच गेम्स-2026 में उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने पेंचक सिलाट में शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में उत्तराखंड के पांच सीनियर महिला और पुरुष खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें दो खिलाड़ियों ने पदक हासिल कर प्रदेश का नाम रोशन किया। उत्तराखंड की ईशु भारती ने 50-55 किलोग्राम वजन वर्ग में कांस्य पदक जबकि चेतन प्रजापति ने 70-75 किलोग्राम वजन वर्ग में रजत पदक जीते। उत्तराखंड टीम के चीफ डी मिशन रविंद्र भंडारी और नोडल अधिकारी अनुप बिष्ट को राज्य सरकार द्वारा इस प्रतियोगिता में उत्तराखंड की टीम को मार्गदर्शन देने के लिए नियुक्त किया गया था। टीम के मुख्य कोच बब्लू दिवाकर ने बताया कि खेलो इंडिया बीच गेम्स का यह दूसरा संस्करण था, जिसमें 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 1300 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में कुल 6 खेलों पेंचक सिलाट, सेपक टकरा, ओपन वाटर स्विमिंग, सॉकर, कबड्डी और वॉलीबॉल के साथ-साथ 2 प्रदर्शन खेलों मल्लखंभ और टग ऑफ वॉर का आयोजन किया गया था। उत्तराखंड के पेंचक सिलाट और कबड्डी के खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया था।

# जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार : उत्तराखण्ड में सीएम की जनसेवा पहल

■ मुख्यमंत्री धामी के निर्देशन में 17 दिसंबर से यह पूरे प्रदेश में संचा. लित हो रहा कार्यक्रम

> राज्य सरकार की ये पहल सुशासन, संवेदनशील प्रशासन और जवाबदेही का मॉडल है। सरकार का लक्ष्य है कि आम आदमी को सरकारी सेवाओं के लिये कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़े बल्कि प्रशासन स्वयं जनता के द्वार जाए एवं समस्याओं का समाधान करे। इस प्रक्रिया से शासन और जनता के बीच की दूरी कम हुई है तथा लोगों में सरकार के प्रति विश्वास और सकारात्मक भावना बढ़ी है। यह अभियान उत्तराखण्ड में पारदर्शी, जवाबदेह और जनकेंद्रित शासन व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।
>
> **पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री**




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड सरकार ने "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" अभियान के माध्यम से शासन को सीधे जनता के बीच ले जाने का एक विस्तृत और प्रभावी प्रयास शुरू किया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में 17 दिसंबर 2025 से यह कार्यक्रम पूरे प्रदेश में संचालित हो रहा है, जिसका उद्देश्य नागरिकों को सरक. ारी योजनाओं का लाभ सीधे उनके क्षेत्र में प्रदान करना और जनसमस्याओं का मौके पर ही त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। यह अभियान 45 दिनों तक सभी 13 जनपदों में न्याय पंचायत और ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित बहुउद्देश्यीय शिविरों के माध्यम से चलाया जा रहा है। इस दौरान सैंकड़ों शिविर आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों ने अपनी समस्याएँ प्रस्तुत की हैं। प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में कई मामलों का मौके पर समाधान किया गया और लंबित शिकायतों को संबंधित विभागों द्वारा शीघ्र समाधान के निर्देश दिए गए हैं।

कार्यक्रम के तहत नागरिकों को सरकारी प्रमाण पत्रों के लिये आवे. दन, सामाजिक सुरक्षा व आर्थिक सहायता योजनाओं का लाभ और रोजगार तथा आजीविका से जुड़ी सेवाएँ सीधे प्राप्त हो रही हैं। अभियान में अब तक लाखों नागरिकों ने भाग लिया है तथा सरकार की योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ लिया है।

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने स्वयं भी अनेक जगहों पर जाकर जनसेवा के इस अभियान का निरीक्षण किया और स्थानीय लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया। सीएम कार्यालय स्तर से पूरे अभियान की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष इसरार हुसैन का शनिबाज़ार में ज़ोरदार स्वागत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष इसरार हुसैन का शनिबाज़ार में ज़ोरदार इस्तकबाल किया गया। शनि बाज़ार समिति ने इसरार हुसैन का स्वागत कर उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि बड़े हर्ष का विषय है कि इसरार हुसैन को भाजपा हाई कमान ने एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी से नवाज़ा है। इसरार हुसैन भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता हैं और संगठन की मज़बूती के लिए ढाई दशक से काम कर रहे हैं। वक्ताओं ने कहा कि इसरार हुसैन के अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बनने से मोर्चा कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। इस मौके पर इसरार हुसैन ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों को आम जन के साथ ही अल्पसंख्यक समाज के हर व्यक्ति तक पहुंचाया जाएगा। इसरार हुसैन ने प्रद. ेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपे जाने पर भाजपा नेतृत्व तथा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनीस गौड़ समेत तमाम नेताओं का आभार जताया और भरोसा दिलाया कि वे इस कसौटी पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगे। स्वागत समारोह में आसिफ सलमानी, शाहिद हुसैन, रिसालत हुसैन, नज़रु, महताब, नूरुल, प्रेम, गुलफाम, दिलशाद, गुड्डू, बब्लू, नासिर, राशिद, शोएब, फहीम रिज़्वी, उस्मान खान, समीर, राजू, अनस, सोनू, इमरान, ज़ाकिर आदि दर्जनों लोग शामिल रहे।

## होटल के सामने से अवैध गाइड पर्यटकों की कार ले उड़ा

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल में होटल में कमरा दिलाने के बाद गाइड पर्यटकों की कार ले उड़ा। कार मालरोड पर कई जगहों पर टकराकर क्षतिग्रस्त हुई तो वह फरार हो गया। पर्यटक की शिकायत पर होटल स्वामी ने हर्जाना भरना पड़ा, वहीं पुलिस गाइड की खोजबीन में लगी हुई है। जानकारी के अनुसार दिल्ली निवासी फिरोज सैफी अपने दो साथियों के साथ शनिवार की सुबह अपनी कार डीएल 3 सीसीजैड 4907 से नैनीताल पहुंचे थे। मल्लीताल मोहन को चौराहे पर पहुंचते ही एवन होटल से निकलकर कुछ युवकों ने कार में सवार फिरोज व उनके साथी से होटल में रूम लेने की बात पूछी। जिस पर फिरोज व उसका एक साथ कार सड़क किनारे पार्क कर होटल देखने चले गए। उन्होंने कमरा पसंद आने की बात कही।

# विधायक कार्यालय का घेराव

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष कैश खुराना के नेतृत्व में विधायक मदन कौशिक के कार्यालय का घेराव करने जा रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के रोकने पर कार्यकर्ता सड़क पर बैठ गए और प्रदर्शन करने लगे। बाद में पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का मुक्की भी हुई। शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ता प्रेमनगर आश्रम गेट के सामने एकत्र हुए और खन्ना नगर स्थित विधायक के कार्यालय का घेराव करने के लिए निकले। खन्ना नगर से पहले ही पुलिस ने बेरीकेट लगाकर कार्यकर्ताओं को रोक दिया और आगे नहीं बढ़ने दिया। इस अवसर पर युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष कैश खुराना ने कहा कि अंकिता भंडारी मामले में स्थानीय विधायक



चुप हैं। शहर में अवैध नशे का कारोबार बढ़ रहा है और युवा नशे की चपेट में हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 25 वर्षों से विधायक ने स्थानीय जनता के लिए कुछ नहीं किया। महानगर अध्यक्ष अमन गर्ग, युवा नेता नितिन तेश्वर ने कहा कि मुख्यमंत्री अंकिता भंडारी मामले में सीबीआई जांच की संस्तुति करते हैं। लेकिन मांग तो सीटिंग जज की निगरानी में सीबीआई जांच की थी। अभी भी कांग्रेस की मांग है कि सीबीआई जांच सीटिंग जज की निगरानी में हो। वरुण बालियान, लता जोशी ने कहा कि जब तक वीआईपी का नाम सामने नहीं आता तब तक आंदोलन जारी रहेगा। अंकिता भंडारी को न्याय दिलाकर रहेंगे। इस अवसर पर अशोक शर्मा, पार्षद विवेक भूषण विक्की, हिमांशु गुप्ता, सोहित सेठी, अंजू द्विवेदी, रचना शर्मा, विकास चंद्रा, जिला उपाध्यक्ष शुभम बर्मन, महबूब आलम, मनोज सैनी, तरुण व्यास, शुभम जोशी, जितेंद्र सिंह, विजेंद्र सिंह, विकास रौतेला, सार्थक, ऋषभ वशिष्ठ, तुषार सक्सेना, दिव्यांशु सक्सेना, करन राणा, सतवंत राठौर, अर्शिल अंसारी, अबरार अली,फैजल, नवीन गौतम, इमरान अली, सागर बेनीवाल, दीपक कोरी, विशाल प्रधान, निखिल सौदाई, समर्थ अग्रवाल, कार्तिक शर्मा, सलीम, अज्जू खान, नीटू शर्मा, अजय गिरी, रोहित नेगी आदि सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

# पार्किंग का बैरियर तोड़कर भाग रहे कार चालक ने कर्मचारी को कुचला

■ **उपचार के दौरान मौत**

**सैफ सलमानी शाह टाइम्स**

**हरिद्वार।** शहर की दीनदयाल पार्किंग में शनिवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया। पार्किंग का किराया बचाने के चक्कर में एक कार चालक ने तेज रफ्तार में बैरियर तोड़ दिया और वहां तैनात कर्मचारी को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल कर्मचारी की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, शनिवार को रोड़ी बेलवाला स्थित दीनदयाल पार्किंग से एक वैगनआर कार (नंबर भ्र 10ळ 4744) बाहर निकल रही थी। कार चालक पार्किंग का किराया नहीं देना चाहता था। उसने कार रोकने के बजाय रफ्तार बढ़ा दी और पार्किंग का बैरियर तोड़कर भागने की कोशिश की।

कार की चपेट में आने से वहां ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी सहदेव सिंह (56 वर्ष), निवासी बहादराबाद, गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें तुरंत जिला अस्पताल पहुँचाया। सहदेव सिंह की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जॉली ग्रांट हॉस्पिटल रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया।

नगर कोतवाली प्रभारी रितेश शाह ने बताया कि मृतक के शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले में पंचनामा भरकर आगे की कार्रवाई की जा रही है। फरार कार चालक की तलाश जारी है।

# एम्स ओपीडी का समय बढ़ाने एवं अतिरिक्त काउंटर खोलने की मांग

**जगमोहन शाह टाइम्स**

**ऋषिकेश।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ऋषिकेश की स्थापना वर्ष 2012 में भारत के स्वास्थ्य विभाग एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल बनाकर मरीजों को अनुदानित दरों पर सुविधाएं देने के उद्देश्य से हुई थी। यहां पर बाह्य रोगी विभाग (ओ.पी.डी) का समय सुबह 8 से 11.30 तक का है। लेकिन यहां मरीज ग्रामीण हरिद्वार से एवं निकटवर्ती पश्चिमी प्रदेश के सहारनपुर बिजनौर एवं मुजफ्फरनगर से भी एम्स अस्पताल पहुंचते हैं। लेकिन रायवाला से आगे श्यामपुर रोड के निकट रेलवे क्रासिंग अक्सर बंद रहने तथा जाम आदि कारणों से विलंब से पहुंचने के कारण टोकन नहीं मिल पाता है। जिससे मरीज के धन व्यर्थ होता एवं परिवार को भी मायूस होना पड़ता है तथा होटल धर्मशाला में रूकने को मजबूर होना पड़ता है। दु:खद बात यह है कि एम्स की स्थापना के 13 वर्ष बाद भी ऋषिकेश में रेलवे क्रासिंग पर ओवर ब्रिज नहीं बनाया जा सका। यदि ओपीडी का समय 11.30 से बढ़ाकर दोपहर 1 बजे तक कर दिया जाये तो अधिकांश दूर दराज के ग्रामीण मरीज और उनके परिवार निराशा से बच जायेंगे। अत्यधिक भीड़भाड़ के मद्देनजर यह भी अनुरोध है की समय की महत्ता एवं आवश्यकतानुसार उत्तराखंड के निवासियों हेतु सुविधा की दृष्टि से एक काउंटर अलग से खोल दिया जाये तो उत्तराखंड के निवासियों के लिए सरकार की मेहरबानी होगी।

# सड़क दुर्घटना के दौरान पीड़ित को अस्पताल पहुचाने वाले सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** जिला सड़क सुरक्षा समिति के तत्वाधान में राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने ऋषिकुल आयुर्वेद महाविद्यालय के शरीर रचना विभागाध्यक्ष और इंडियन रेड क्रास उत्तराखण्ड के चेयरमैन प्रोफेसर डॉ. नरेश चौधरी को नेक राह-वीर (गुड सेमेरिटन) सम्मान से सम्मानित किया है। मोटर वाहन से जुड़ी घातक दुर्घटना के पीड़ित की तत्काल सहायता करने और दुर्घटना के गोल्डन टाइम के भीतर घायलों को चिकित्सा उपचार करने के लिए अस्पताल व ट्रामा केयर सेंटर पहुंचाकर जान बचाने वाले व्यक्ति को सड़क सुरक्षा समिति द्वारा राह-वीर योजना के अंतर्गत पुरस्कृत किया जाता है। राह वीर योजना के तहत राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने जिलाधिकारी कार्यालय सभागार में डॉ. नरेश चौधरी को नेक राह-वीर (गुड सेमेरिटन) प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक



चिन्ह देकर सम्मानित किया। ज्ञात हो डॉ. नरेश चौधरी ने 22 मई 2025 में श्यामपुर कांगड़ी के पास हाईवे पर हुई सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल बिजेन्द्र पुत्र सोमपाल निवासी टांड़ा साववाला नजीबाबाद जनपद बिजनौर एवं सोनू पुत्र मनोहर सिंह को प्राथमिक उपचार के उपरान्त स्वंय अपने वाहन से जिला चिकित्सालय पहुंचाया और अत्यन्त गंभीर रूप से घायल बिजेन्द्र को ऋषिकेश एम्स चिकित्सालय में पहुंचाने की व्यवस्था भी करायी। जिससे स्वर्णिम समय के भीतर ही घायलों को उचित ईलाज मिलने से उनका जीवन बच सका। सम्मानित होने पर आभार व्यक्त करते हुए डॉ. नरेश चौधरी ने यह योजना सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु दर को कम करने में निश्चित रूप से साकार सिद्ध होगी। इसके लिए जन जागरूकता करनी होगी जिससे जन समाज को सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ितों को स्वर्णिम समय में ही निकटतम चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रेरणा मिलेगी। डॉ. नरेश चौधरी ने कहा कि सड़क सुरक्षा समिति के तत्वाधान में रेडक्रास स्वंयसेवकों एवं अन्य सामाजिक संस्थाओं के स्वंयसेवकों को साथ लेकर जन जागरण अभियान चलाएंगे। जिला सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष जिलाधिकारी मयूर दीक्षित,सचिव अधीक्षण अभियन्ता सिविल वृत्त लोक निर्माण विभाग डी.पी. सिंह, जिला सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी नेहा झा, निखिल शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा, लव शर्मा, डॉ. विशाल गर्ग ने डॉ. नरेश चौधरी को बधाई दी।

# मिशन सेफ के अंतर्गत सुरक्षित सफर का संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा माह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उ.नि. सी.पी.यू पवन नौटियाल एवं ए.डी.टी उ.नि. प्रदीप कुमार सिंह द्वारा सिनोकेम लाइफसाइंस कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को यातायात नियमों से संबंधित महत्वपूर्ण एवं उपयोगी जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर बताया गया कि दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने के महत्व, कोहरे के समय रिफ्लेक्टर व रिफ्लेक्टिव बेल्ट के प्रयोग, निर्धारित यातायात नियमों के अनुरूप सुरक्षित वाहन संचालन, सड़क पर स्वयं एवं अन्य राहगीरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपाय ट्रैफिक साइन, ट्रैफिक सिग्नल, गोल्डन ऑवर, गुड सेमेरिटन कानून सहित अन्य महत्वपूर्ण सड़क सुरक्षा विषय कार्यक्रम के अंत में कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा दी गई जानकारी को अत्यंत उपयोगी एवं जीवन रक्षक बताते हुए यातायात नियमों का पूर्ण पालन करने का संकल्प लिया गया तथा हरिद्वार यातायात पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया गया।



# राज्य मंत्री ने धामी के ऐतिहासिक निर्णय की सराहना की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** सुनील सैनी राज्य मंत्री ने कहा कि धर्म रक्षक मुख्यमंत्री धामी का सी.बी.आई जांच की सिफारिश का निर्णय अंकिता भंडारी के माता-पिता एवं उत्तराखंड प्रदेश की देव तुल्य जनता की भावनाओं का सम्मान है। धामी सरकार ने पहले से ही अंकिता हत्याकांड की सख्त कार्रवाई करने के साथ ही न्यायालय में मजबूत पैरवी की, सीबीआई द्वारा जांच कराने का फैसला सराहनीय है। पूरा मामला साफ होगा। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर प्रदेश में माहौल खराब करने का प्रयास किया गया है प्रदेश की जनता भरम पैदा करने वालों को भली भांति जानती है। जिन लोगों ने प्रदेश का माहौल खराब करने की कोशिश की वह बेनकाब होंगे, हमेशा धामी सरकार ने जन भावनाओं के अनुरूप बेहतर से बेहतर निर्णय लिए हैं उत्तराखंड राज्य शांति प्रिय है इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए मुख्यमंत्री का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# बीएचईएल में हिंदी दिवस काव्य गोष्ठी

**रोहन कुमार शाह टाइम्स**

**हरिद्वार।** विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, बीएचईएल हरिद्वार के तत्वावधान में नए अभियांत्रिकी भवन सभागार में एक भव्य प्रभागीय काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महाप्रबंधक (फाउंड्री एवं फोर्ज टेक्नोलॉजी) डॉ. अरानी नागा सुधाकर एवं विशिष्ट अतिथि प्रख्यात कविगण डॉ. शिव शंकर जायसवाल तथा भूदत्त शर्मा द्वारा माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पण के साथ किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. अरानी नागा सुधाकर ने कहा कि आज के भागदौड़ भरे जीवन में साहित्य ही वह सशक्त माध्यम है जो समाज को संवेदनाओं से जोड़कर रखता है।



उन्होंने एक मंच पर इतने कवियों के एकत्रित होने को हिंदी साहित्य की समृद्धि और जीवंतता का प्रतीक बताया। काव्य गोष्ठी के दौरान डॉ. शिव शंकर जायसवाल ने अपनी रचना "हे परम हंस के दिव्य पूत, हे नव भारत के अग्रदूत" तथा भूदत्त शर्मा ने "पांव धरती पर धरो, धीर भी धरना सखे" के माध्यम से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

इस काव्य गोष्ठी में देवेंद्र मिश्रा, मंजुला भगत, शशि रंजन समदर्शी एवं महेंद्र कुमार माही सहित प्रभाग के कुल 31 कवियों ने अपनी-अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। प्रभारी (राजभाषा) हरीश सिंह बगवार ने सभी अतिथियों एवं रचनाकारों का स्वागत करते हुए विश्व हिंदी दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के समापन अवसर पर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) संतोष कुमार गुप्ता ने सभी कवियों को स्मृति चिह्न प्रदान किए तथा हिंदी ई-मेल प्रोत्साहन योजना के विजेताओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि हिंदी केवल संवाद की भाषा नहीं, बल्कि हमारे भावों की सशक्त अभिव्यक्ति है और इसे जीवंत बनाए रखने में कवियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) पार्थ सारथी गौड़ सहित राजभाषा विभाग के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में श्रोतागण उपस्थित रहे, जबकि गोष्ठी का संचालन कवि सोनेश्वर कुमार सोना ने अपनी चिर-परिचित शैली में किया।

# हरिद्वार में महा स्वच्छता अभियान से बदली तस्वीर

**रोहन कुमार शाह टाइम्स**

**हरिद्वार।** धर्मनगरी हरिद्वार को साफ, स्वच्छ एवं सुंदर जनपद बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में तथा जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में नव वर्ष के अवसर पर जनपद में महा स्वच्छता अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। यह अभियान पिछले एक माह 23 दिनों से लगातार जारी है, जिसकी नियमित मॉनिटरिंग स्वयं जिलाधिकारी द्वारा की जा रही है। अभियान का सकारात्मक प्रभाव अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है, जहां शहरों के साथ-साथ गांव, कस्बों एवं प्रमुख सड़क मार्गों पर भी निरंतर सफाई की जा रही है। जिला प्रशासन का लक्ष्य हरिद्वार को स्वच्छ, सुंदर, क्लीन एवं मॉडल जनपद के रूप में विकसित करना है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि इस महा स्वच्छता अभियान में जनपदवासियों, धार्मिक संस्थाओं, व्यापार मंडलों, जनप्रतिनिधियों एवं गैर-सरकारी संगठनों का सहयोग लिया जा रहा है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने घर-आंगन एवं आसपास के क्षेत्रों को साफ-सुथरा रखें और पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन में सक्रिय भूमिका निभाएं, ताकि जनपद हरिद्वार को साफ, स्वच्छ एवं सुंदर बनाया जा सके।

इसी क्रम में विभिन्न विभागों द्वारा भी व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। बीएचईएल नगर प्रशासक संजय पवार के अनुसार, बीएचईएल क्षेत्रांतर्गत स्वर्ण जयंती पार्क गेट नंबर-1 एवं सेक्टर-3 में भेल टाउनशिप प्रशासन द्वारा निरंतर सफाई की जा रही है। वहीं एनएचएआई के प्रोजेक्ट मैनेजर अतुल शर्मा ने बताया कि रानीपुर क्षेत्रांतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर सफाई अभियान चलाकर सड़क किनारे एकत्रित कूड़े को ट्रकों के



माध्यम से डंपिंग जोन भेजा गया। इसके अतिरिक्त खंड विकास अधिकारियों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वच्छता अभियान को गति दी जा रही है। खंड विकास अधिकारी बहादराबाद द्वारा विकास खंड बहादराबाद के अजीतपुर क्षेत्र में नाली सफाई एवं व्यापक साफ-सफाई कराई गई, जबकि खंड विकास अधिकारी रुड़की के नेतृत्व में ग्राम पंचायत नन्हेड़ा अनंतपुर में सफाई अभियान चलाया गया। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि गांव-गांव और घर-घर स्वच्छता का संदेश पहुंचाते हुए इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें, ताकि "साफ-सुथरा हो जनपद हमारा" के संकल्प को साकार किया जा सके।

# स्कूटी से स्मैक तस्करी

## पुलिस ने कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार किया

**सैफ सलमानी शाह टाइम्स**

**हरिद्वार।** थाना बहादराबाद पुलिस ने स्कूटी से स्मैक तस्करी कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 26 ग्राम स्मैक, डिजिटल तराजू बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकद्मा दर्ज करने के साथ तस्करी में प्रयुक्त स्कूटी को भी जब्त कर लिया है। मादक पदार्थो की तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बहादराबाद पुलिस व एएनटीएफ की संयुक्त टीम ने चौकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर निर्माणाधीन फ्लाईओवर बहादराबाद से गुफरान पुत्र गफ्फार निवासी नगला इमरती कोतवाली सिविल लाइन रुडकी को स्मैक व इलैक्ट्रानिक तराजू के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ रूड़की, मंगलौर व डोईवाला में एनडीपीएस एक्ट के मुकद्मे दर्ज हैं और पूर्व में भी जेल जा चुका है। पुलिस टीम में एस.एस.आई नितिन बिष्ट, कस्बा चौकी प्रभारी एसआई अमित नौटियाल व कांस्टेबल मुकेश नेगी शामिल रहे।



# वरिष्ठ संगठन के प्रतिनिधिमंडल भेल टीम से मिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** वरिष्ठ नागरिक सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि मंडल ने संगठन अध्यक्ष चौधरी चरण सिंह के नेतृत्व में भेल के जीएम एचआर संतोष कुमार से भेंटकर भेल में साफ सफाई, चौक चौराहों का सौंदर्यकरण और प्रकाश व्यवस्था कराने पर बधाई दी। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य चिकित्सालय आने जाने के लिए सेक्टर-2 और सेक्टर-4 से ई रिक्शा का संचालन कराने, चिकित्सालय में आने वाले वरिष्ठ नागरिकों का पंजीकरण खिड़की पर दर्ज करने, समस्याओ के समाधान के सप्ताह में एक दिन निश्चित करने, 2007 से पहले सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को इमरजेंसी नीड्स एंड मिटिगेशन स्कीम के अंतर्गत 10 हजार रूपए वार्षिक आर्थिक सहायता दिलाने की मांग भी की। चौधरी चरण सिंह ने बताया कि जीएम एचआर ने प्रतिनिधिमंडल का समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया है। प्रतिनिधि मंडल में चौ. चरणसिंह, बाबूलाल सुमन, एससीएस भास्कर, राम सागर सिंह शामिल रहे।

# श्रद्धापूर्वक मनाया गया ब्रह्मलीन स्वामी महादेव महाराज का संन्यास दिवस

■ **संत समाज के प्रेरणा स्रोत थे स्वामी महादेव महाराज : स्वामी ललितानंद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** ब्रह्मलीन महामंडलेश्वर स्वामी महादेव महाराज का सन्यास दिवस हरिद्वार सहित पूरे देश में स्थित जय मां मिशन की सभी शाखाओं और आश्रमों में श्रद्धापूर्वक मनाया गया। ब्रह्मलीन महादेव महाराज के सन्यास दिवस के अवसर पर हरिद्वार में श्रवणनाथ नगर स्थित जयं मां आश्रम में संत महापुरूषों के सानिध्य में सुंदर कांड का पाठ, हवन यज्ञ आदि धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें आश्रम की साध्वियां व बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। साध्वी जीवन ज्योति मां ने कहा कि ब्रह्मलीन चक्रवर्ती महामंडलेश्वर उषा माता महाराज के परम शिष्य ब्रह्मलीन महामंडलेश्वर स्वामी महादेव महाराज का पूरा जीवन मानव कल्याण और सनातन धर्म संस्कृति के संरक्षण संवर्द्धन के लिए समर्पित रहा। मानव सेवा में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। साध्वी शरण ज्योति मां, साध्वी जीवन ज्योति मां एवं साध्वी पूजा ज्योति मां ने कहा कि ब्रह्मलीन महामंडलेश्वर स्वामी महादेव महाराज करोड़ों भक्तों के प्रेरणा स्रोत हैं। उनके अधूरे कार्यो को आगे बढ़ाना ही जय मां मिशन का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि वे भाग्यशाली हैं कि उन्हें ब्रह्मलीन उषा माता महाराज एवं ब्रह्मलीन महादेव महाराज के सानिध्य में आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करने एवं समाज की सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ। महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरी एवं स्वामी रविदेव शास्त्री महाराज ने कहा कि ब्रह्मलीन उषा माता महाराज के परम शिष्य ब्रह्मलीन महादेव महाराज संत समाज के प्रेरणास्रोत थे। उनके विचार और उनका कृतित्व सदैव सभी को प्रेरणा देते रहेंगे। सभी को उनके आदर्शपूर्ण जीवन से प्रेरणा लेते हुए मानव कल्याण में योगदान का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर स्वामी हरिहरानंद, महंत जसविंदर सिंह, स्वामी दिनेश दास, महंत रघुवीर दास, महंत सूरज दास, महंत शिवम गिरी, साध्वी पूजा ज्योति मां, साध्वी दिव्य ज्योति मां, साध्वी शीतल ज्योति मां, जगदीश लाल चावला आदि शामिल रहे।

# जगद्गुरू रामानन्दाचार्य जयंती पर नगर में भव्य शोभायात्रा

## समाज को सांस्कृतिक रूप से एकजुट करने में संत महापुरुषों की अहम भूमिका : श्रीमहंत रविंद्रपुरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** आद्य जगद्गुरू श्री रामानन्दाचार्य महाराज की 726वीं जयंती के अवसर पर श्री रामानन्दीय श्री वैष्णव मण्डल के संयोजन में भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। श्रवणनाथ नगर स्थित श्री गुरू सेवक निवास उछाली आश्रम से शुरू हुई शोभायात्रा नगर भ्रमण के पश्चात श्रवणनाथ नगर स्थित श्री रामानन्द आश्रम आचार्य महापीठ पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा का शुभारंभ श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी के सचिव श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज, श्रीमहंत राजेश्वर शरण महाराज देवाचार्य, श्रीमहंत राधानाथ दास महाराज कठिया बाबा एवं श्रीमहंत विष्णुदास महाराज ने नारियल



फोड़कर किया। शोभायात्रा में सभी तेरह अखाड़ों के संत महापुरूष और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

श्रद्धालु भक्तों को संबोधित करते हुए श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि भारत के संतो, मनीषीयों और महापुरूषों ने समाज को सांस्कृतिक रूप से एकजुट करने में अहम भूमिका निभायी है। आद्य जगद्गुरू रामानन्दाचार्य महाराज ने भक्ति की धारा को जन-जन तक पहुंचाया और सामाजिक समरसता, आध्यात्मिक चेतना, राष्ट्रबोध की अलख जगाई। आद्य जगद्गुरू रामानंदाचार्य की परंपरा को श्री रामानन्दीय वैष्णव मण्डल जिस प्रकार सफतापूर्वक आगे बढ़ा रहा है। वह सभी के लिए प्रेरणादायी है। श्रीमहंत विष्णुदास महाराज ने कहा कि जगद्गुरू रामानंदाचार्य सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे। उन्होंने जाति, वर्ग और भेदभाव से ऊपर उठकर भक्ति, प्रेम और मानवता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सभी को जगद्गुरू रामानन्दाचार्य महाराज की शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए मानव कल्याण में योगदान करना चाहिए।

बाबा हठयोगी एवं महंत रघुवीर दास महाराज ने कहा कि आद्य जगद्गुरू रामानन्दाचार्य महाराज ने समाज को भक्ति में ही शक्ति है और सेवा ही सच्ची साधना है, का संदेश दिया। उन्होंने पूरे देश का भ्रमण कर जनजागरण कर कुरीतियों को दूर किया और समाज में समरसता का वातावरण बनाया। इस अवसर पर महंत राजेश्वर शरण महाराज देवाचार्य, महंत राधानाथ कठिया बाबा, महंत जसविन्दर सिंह, महंत जयेंद्र मुनि, महंत रघुवीर दास, स्वामी चिदविलासानंद, महंत सूर्यांश मुनि, महंत अरूण दास, महंत नारायण दास पटवारी, महंत प्रह्लाद दास, महंत दुर्गादास, महंत राजेंद्र दास, महंत प्रेमदास, महंत जयराम दास, महंत गणेश दास, महंत कैलाश मुनि सहित बड़ी संख्या में संत महापुरूष और श्रद्धालु भक्त शामिल रहे।

# अवैध शराब बिक्री एवं शांति भंग के जुर्म में पुलिस की कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** अवैध शराब की बिक्री व तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत दिनांक 09.01.2026 को थाना सिडकुल पुलिस द्वारा रावली महदूद क्षेत्र में चेकिंग के दौरान एक तस्कर को अवैध देशी शराब के साथ दबोचा। आरोपित के कब्जे से 50 पैकेट देशी शराब माल्टा मार्का बरामद की गई। आरोपी के विरुद्ध धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

दिनांक 09.01.2026 को थाना पथरी क्षेत्रांतर्गत ग्राम बहादरपुर जट मे दो पक्ष आपस में लड़ झगड़ कर शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास कर रहे थे। शांति व्यवस्था भंग करने पर तीन आरोपित लोकेश कुमार पुत्र महेन्द्र सिंह, अमन कुमार पुत्र महेन्द्र सिंह व अरविन्द पुत्र महेन्द्र सिंह को धारा 170 बीएनएसएस के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया व चालान अंतर्गत धारा 170,126,135 बीएनएसएस के तहत न्यायालय के के समक्ष पेश कर आदेशानुसार कार्रवाई की गई।

## सार्वजनिक सूचना

यह सूचित किया जाता है कि मेरा आपके बैंक की शाखा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, 53, विवेक विहार, रानीपुर मोड़, हरिद्वार ,उत्तराखंड में बचत खाता संख्या 342102120009220 है। उक्त बचत खाते में मेरा नाम बबली दर्ज है, जो कि गलत है। मेरा सही नाम सौरव कुमार, पिता का नाम रामभूल है। अत: भविष्य में मुझे सभी सरकारी एवं आधिकारिक अभिलेखों में केवल सौरव कुमार पुत्र रामभूल के नाम से ही जाना, पहचाना एवं दर्ज किया जाए।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
**डी. एस. वर्मा प्रभारी हरिद्वार/ब्यूरो चीफ**
मो.: 9411100741

# जौनसार-बावर में लोक उल्लास का महीना शुरू, आज से माघ मरोज उत्सव की धूम

शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** जौनसार-बावर जनजातीय अंचल एक बार फिर पारंपरिक रंगों में रंगने जा रहा है। क्षेत्र की 39 खतों में मनाए जाने वाले ऐतिहासिक पौष पर्व और माघ मरोज लोक उत्सव की शुरुआत 11 जनवरी से होगी। इसके साथ ही पूरे एक माह तक जौनसार-बावर उत्सव, मेल-मिलाप और अतिथि सत्कार के माहौल में डूबा रहेगा। लोक परंपराओं के अनुसार पर्व की तैयारियां पहले ही शुरू हो चुकी हैं। घर-घर में बकरों की खरीदारी पूरी कर ली गई है, जिससे आने वाले दिनों में मेहमाननवाजी का सिल. सिला निर्बाध चलता रहे। पंचायतों के आंगन लोक नृत्यों और पारंपरिक आयोजनों से गुलजार रहेंगे, जहां संस्कृति की जीवंत झलक देखने को मिलेगी। पौष और माघ मरोज का जौनसार-बावर में विशेष सामा. जिक और सांस्कृतिक महत्व है। 11 और 12 जनवरी को दर्जनों खतों में



यह पर्व पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया जाएगा। 39 खतों से जुड़े 363 राजस्व गांवों में लोग अपने घरों में बकरे काटकर रिश्तेदारों और अतिथियों का स्वागत करते हैं। यह पर्व आपसी भाईचारे और सामूहिक जीवनशैली का प्रतीक माना जाता है। पर्व के दौरान पारंपरिक व्यंजन भी खास आकर्षण रहते हैं। सुबह के भोजन में पहाड़ी लाल चावल के साथ उड़द की खिचड़ी, परोसी जाती है। इसे अखरोट, भंगजीरा और पोस्त दाने से बने मसाले, घी व तिल की चटनी के साथ बड़े चाव से खाया जाता है। रात्रि भोज में बकरे का मांस, लाल चावल और रोटियां परोसी जाती हैं। त्योहार के अवसर पर नौकरी-पेशा लोग भी अपने पैतृक गांवों का रुख करते हैं। एक-दूसरे के यहां दावतों का दौर चलता है और करीबी रिश्तेदारों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाता है। यह पर्व सामाजिक सौहार्द, आपसी प्रेम और संयुक्त परिवार की परंपरा को मजबूती देने का संदेश देता है। हालांकि, बदलते समय के साथ मवेशी पालन में कमी का असर पर्व की तैयारियों पर भी दिख रहा है। बकरों की उपलब्धता घटने से उनकी कीमतें काफी बढ़ गई हैं। इसके बावजूद लोग परंपरा निभाने के लिए ऊंची कीमत चुकाने से पीछे नहीं हट रहे। माघ के त्योहारों के दौरान बकरों के दाम हर वर्ष नई ऊंचाई छूते नजर आते हैं। कुल मिलाकर, पौष और माघ मरोज जौनसार-बावर की सांस्कृतिक पहचान को जीवंत बनाए रखने वाला पर्व है, जो एक महीने तक पूरे क्षेत्र को उत्सव की भावना से जोड़ देता है।

# विभाग को अपना फैसला लेना होगा वापसः शिक्षक संघ

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**रुद्रप्रयाग।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) की ओर से सरकारी विद्यालयों के समय में किए गए परिवर्तन पर राजकीय शिक्षक संघ ने नाराजगी व्यक्त की। एससीईआरटी की ओर से जारी नई समय सारणी में सभी विद्यालय सुबह 8:50 बजे से अपराह्न 3:15 बजे तक संचालित होंगे। पहले विद्यालय शीतकाल में एक अक्टूबर से 31 मार्च तक सुबह 10:00 से शाम 4:00 बजे तक संचालित होते थे। राजकीय शिक्षक संघ रुद्रप्रयाग के अध्यक्ष आलोक रौथाण व मंत्री शंकर भट्ट ने जारी बयान में कहा कि उत्तराखंड की भौगोलिक परिस्थितियां विषम हैं। छात्र कई किमी पैदल दूरी तय कर विद्यालय पहुंचते हैं। पर्वतीय क्षेत्र में वन्यजीवों की दहशत बनी रहती है। ऐसे में एससीईआरटी द्वारा विद्यालयों की समय सारणी में परिवर्तन का निर्णय शिक्षा व्यवस्था के हित में नहीं है। उपाध्यक्ष शीशपाल पंवार ने कहा की बंद कमरों में बैठकर प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था पर फैसले नहीं लिए जा सकते। इसके लिए शिक्षकों व संगठनों की राय ली जानी चाहिए। पूर्व में जो भी निर्णय लिए जाते थे, वह संगठनों को विश्वास में लेकर लिए जाते थे। शिक्षक नेताओं ने कहा कि वर्तमान में रुद्रप्रयाग के 98 फीसदी विद्यालयों में स्थायी प्रधानाचार्य नहीं हैं। विद्यालय का वरिष्ठ शिक्षक ही प्रभारी प्रधानाचार्य से लेकर चतुर्थ श्रेणी तक का काम कर रहा है। अगर विभाग इस तरह से एकतरफा फैसले लेगा, तो राजकीय शिक्षक संघ रुद्रप्रयाग की कार्यकारिणी समस्त तीनों ब्लॉकों के शिक्षक प्रतिनिधियों को साथ लेकर सक्षम स्तर पर विरोध दर्ज कराएगी। विभाग को अपना फैसला वापस लेना होगा।

## एक नजर...

### एक लाख रूपये कीमत का गांजा बरामद

**सहसपुर।** कोतवाली सहसपुर पुलिस की अवैध नशे के विरुद्ध कार्यवाही में एक लाख रूपये कीमत की 2 किलो 27 ग्राम गांजे के साथ 1 व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेज़ किया। जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया। कोतवाली सहसपुर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत बीते रोज 9 तारीख को चैकिंग के दौरान चोरखाला सहसपुर के पास से एक व्यक्ति रिंकूनाथ उर्फ गूंजन पुत्र जुफा नाथ निवासी सपेरा बस्ती चोरखाला थाना सहसपुर को एक लाख रूपये कीमत की 2 किलो 27 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सहसपुर पर एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेज़ किया गया। जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया। पुलिस टीम में एसएसआई विकास रावत, मुख्य आरक्षी डबल सिंह, सिपाही राजवीर भंडारी शामिल रहे।

### पुलिस ने गुमशुदा को अजमेर से तलाशा

**सेलाकुई।** पुलिस सेलाकुई ने दिमागी रूप से कमजोर गुमशुदा को अजमेर राजस्थान से तलाश कर किया परिजनों के सूर्पूद किया। परिजनों ने कार्रवाई की प्रशंसा करते हुए पुलिस का आभार व्यक्त किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 6 जनवरी 26 को मेहरबानो पत्नी शोयब अली निवासी जमनपुर ने अपने पुत्र फिरोज अली के घर से बिना बताए चले जाने जो दिमागी रूप से कमजोर है के संबंध में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। एसएसपी देहरादून द्वारा दिये गए निर्देशों पर तत्काल थाना सेलाकुई पर टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा गुमशुदा के घर तथा उसके आसपास आने जाने वाले मार्गो पर लगे सीसीटीवी कैमरो को चेक किया गया तथा अन्य परिचितों से पूछताछ कर आवश्यक जानकारी एकत्रित की गई। पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा को जनपद अजमेर राजस्थान से सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। गुमशुदा के सकुशल वापस मिलने पर उसके परिजन पुलिस के समक्ष काफी भावुक हो गए तथा उनके द्वारा सेलाकुई पुलिस की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया गया। पुलिस टीम में एसआई कृपाल सिंह, अपर उप निरीक्षक उमेद असवाल, सिपाही मुकेश, मलकीत कौर शामिल रहे।

### जनता के संघर्ष की जीत हुईः कुकरेती

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**विकासनगर।** उक्रांद के केंद्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र कुकरेती ने कहा कि देर आए, दुरुस्त आए, आखिरकार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को अंकिता भंडारी हत्याकांड में सीबीआई जांच की सिफारिश करनी पड़ी। यह फैसला किसी सरकार की संवेदनशीलता का नहीं, बल्कि उत्तराखंड की संघर्षशील जनता और जन आंदोलनों के निरंतर दबाव का परिणाम है। कुकरेती ने कहा उत्तराखंड क्रान्ति दल पिछले तीन वर्षों से सड़कों से लेकर न्यायालय तक, अंकिता को न्याय दिलाने की मांग को लेकर अडिग संघर्ष करता रहा है। सत्ता के दबाव, चुप्पी और संरक्षण के बावजूद यह आंदोलन कभी कमजोर नहीं पड़ा। आज की यह सिफारिश उस सामूहिक संघर्ष की नैतिक जीत है, जिसमें उत्तराखंड की जागरूक जनता और अनेक सामाजिक संगठनों ने उक्रांद के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आवाज़ बुलंद की। इस न्याय की लड़ाई में सहभागी सभी जनों को हार्दिक बधाई। उन्होंने कहा कि सीबीआई जांच केवल औपचारिकता न बने दोषियों को सज़ा और पर्दे के पीछे छिपे प्रभावशाली चेहरों का पर्दाफाश ही अंकिता के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# ईएमएस कंपनी की लापरवाही के विरोध में वार्डवासियों का घेराव

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** ईएमएस कंपनी द्वारा लगातार की जा रही लापरवाही एवं वार्ड 4 के बड़े क्षेत्र को सिवर लाइन सुविधा से वंचित किए जाने के विरा. ेध में आज पूर्व सभासद शम्मी प्रकाश व सभासद लवलेश शर्मा के नेतृत्व में वार्डवासियों ने कंपनी कार्यालय का घेराव किया। घेराव के दौरान कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर केपी सिंह द्वारा समस्या के समाधान का आश्वासन दिए जाने के बाद प्रदर्शन शांत हुआ। इस अवसर पर पूर्व सभासद एवं पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष शम्मी प्रकाश ने कहा कि ईएमएस कंपनी बार-बार पूरे क्षेत्र के साथ लापरवाही कर रही है। कंपनी द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता अत्यंत दयनीय है। उन्होंने बताया कि जिन समस्याओं से कंपनी को पूर्व में अवगत कराया गया था, वे आठ माह बीत जाने के बाद भी जस की तस बनी हुई हैं। कंपनी ने जहां-जहां निर्माण कार्य किया है, वहां की स्थिति बेहद खराब है। 8 महा पूर्व गुरुद्वारा गली, शीतला माता मंदिर गली सहित वार्ड क्रमांक 3 की कई गलियों को खोदकर छोड़ दिया गया है, लेकिन कार्य पूर्ण नहीं किया गया, जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभासद लवलेश शर्मा ने कहा कि कंपनी के अधिकारी कभी ड्राइंग न मिलने तो कभी लेवल न मिलने का बहाना बनाकर वार्ड 4 के लोगों का शोषण कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यह अंतिम चेतावनी है। यदि शीघ्र समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो कंपनी के गोदाम एवं कार्यस्थलों पर तालाबंदी की जाएगी। घेराव के दौरान प्रोजेक्ट मैनेजर के.पी. सिंह ने सोमवार को सिविल इंजीनियरिंग विभाग के साथ संयुक्त निरीक्षण करने तथा समस्याओं के समाधान का आश्वा. सन दिया। इसी आश्वासन पर धरना-घेराव समाप्त किया गया। इस मौके पर केवलराम आज़ाद, प्रिंस, राजेश, भूपेश उपाध्याय, अभिषेक टांक, फहीम अंसारी, हरिचंद, गौतम, बंती देवी, विजय मास्टर, मदन लाल, प्रमोद, मुकेश, फुरकान सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### महाविद्यालय में हिंदी के महत्व पर डाला प्रकाश

शाह टाइम्स संवाददाता

**सहिया।** महाविद्यालय सहिया में अतिरिक्त शैक्षणिक क्रियाकलाप एवं वार्षिक गतिविधि समिति के तत्वावधान में विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा इसके संरक्षण एवं संवर्धन के महत्व को रेखांकित करना था। कार्यक्रम में समिति की प्रभारी आशा सिंह ने हिंदी भाषा के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की संवाहक है तथा राष्ट्र को एकसूत्र में बाँधने का कार्य करती है। उन्होंने विद्यार्थियों से हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग एवं इसके प्रचार-प्रसार में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डा. चन्द्रिका ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में हिंदी को भारतीय संस्कृति, आत्मबोध एवं राष्ट्रीय चेतना की सशक्त भाषा बताते हुए कहा कि हिंदी का संरक्षण हम सभी का सामूहिक दायित्व है। उन्होंने विद्यार्थियों को अध्ययन, शोध एवं दैनिक जीवन में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने हेतु प्रेरित किया।

# चकराता में मौसम का बदला मिजाज दिन में धूप तो रात में कड़ाके की ठंड

शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** जौनसार-बावर क्षेत्र के प्रमुख पर्यटन स्थल चकराता में इन दिनों मौसम लगातार आंख-मिचौली खेल रहा है। दिन के समय तेज धूप निकलने से लोगों को सर्दी से कुछ राहत जरूर मिल रही है, लेकिन शाम होते ही ठंड एक बार फिर अपने तीखे तेवर दिखाने लगती है। सुबह से लेकर दोपहर तक चटक धूप खिलने के कारण तापमान में हल्की बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। धूप की गर्माहट से बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर लोगों की आवाजाही बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटक भी दिन के समय खुले



आसमान के नीचे घूमते और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेते नजर आ रहे हैं। धूप के चलते ठंडी हवाओं का असर दिन में कुछ हद तक कम हो जाता है। हालांकि, सूरज ढलते ही मौसम पूरी तरह बदल जाता है। पहाड़ों से चलने वाली सर्द हवाएं तापमान को तेजी से नीचे गिरा देती हैं, जिससे ठंड का असर बढ़ जाता है। शाम के बाद बाजारों में रौनक कम हो जाती है और लोग जल्दी ही अपने घरों का रुख करने लगते हैं। रात के समय ठंड और ज्यादा तेज हो जाती है। तापमान में गिरावट के चलते लोग अलाव जलाकर ठंड से बचाव कर रहे हैं। होटल, ढाबों और बाजारों में जगह-जगह अलाव सुलगते दिखाई दे रहे हैं। ठंड के बढ़ते असर को देखते हुए बुजुर्गों, बच्चों और अस्वस्थ लोगों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने पर ठंड और बढ़ सकती है, वहीं ऊंचाई वाले इलाकों में पाला पड़ने या हल्की बर्फबारी की संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता।

# सेपियंस के विद्यार्थियों का खेल महाकुंभ में शानदार प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** द सेपियंस विद्यालय हरबर्टपुर के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने खेल महाकुंभ प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। खेल महाकुंभ में अंडर-14 बालिका वॉलीबॉल टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। इसके साथ ही वॉलीबॉल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर युगांशी, स्वस्ति एवं रियान्शी का जिला स्तरीय चयन भी हुआ, जो विद्यालय के लिए गर्व का विषय है।

व्यक्तिगत खेल उपलब्धियों में भी सेपियंस विद्यालय हरबर्टपुर के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। युगांशी ने अंडर-19 लंबी कूद प्रतियोगिता में तृतीय स्थान, जबकि स्वस्ति ने अंडर-14




गोला फेंक प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में विद्यालय की खो-खो टीम ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए खेल महाकुंभ में तृतीय स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक प्रतियोगिता में यश गुसाई ने तृतीय स्थान हासिल कर विद्यालय का मान बढ़ाया। वहीं आयुष शर्मा एवं अग्रेंद्र सिंह का अंडर-19 खो-खो टीम में जिला स्तरीय चयन होना विद्यालय के लिए अत्यंत गौरव का विषय है।

प्रतिभागियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय अध्यक्षा इंदिरा रानी, प्रबंधक रविकांत सपरा, विद्यालय निदेशिका रश्मि गोयल, प्रधानाचार्या गीता नेगी, रशिता सपरा ने प्रशिक्षक संध्या, निशा चौहान, विकास पंवार एवं ऋषभ का आभार व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों को भविष्य में भी इसी प्रकार आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं खेल महाकुंभ ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता में सेपियंस स्कूल विक. ासनगर की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। उत्तराखंड खेल महाकुंभ की तरफ से 'ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता' का आयोजन सरस्वती विद्यामंदिर में किया गया जिसमें सेपियंस स्कूल, विकासनगर से कनिष्का शाह बालिका वर्ग लम्बी कूद (अंडर 14) प्रथम स्थान, खो खो बालक वर्ग (अंडर 14) प्रथम स्थान, खो खो बालक वर्ग (अंडर 19) प्रथम स्थान, वॉलीबॉल बालक वर्ग (अंडर 19) प्रथम स्थान, कबड्डी बालिका वर्ग (अंडर 14) प्रथम स्थान, स्नेहा बुटोला 200 मी दौड़ प्रथम स्थान, 100 मी द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कनिष्का शाह, सिद्धार्थ नेगी, रोहन तोमर, यश दीक्षित, अर्णव चौहान, निहारिका ठाकुर, आराध्य चौहान, अंशुल राणा, आदित्य तोमर, नक्ष चौहान, वंश जोशी, अंश तोमर, ध्रुव चौहान, इन सभी प्रतिभागियों का चयन जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में किया गया। प्रतिभागियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय अध्यक्षा इंदिरा रानी, प्रबंधक रविकांत सपरा, विद्यालय निदेशिका रश्मि गोयल, प्रधानाचार्य नवीन तनेजा, रशिता सपरा ने प्रशिक्षक बीएस राय, संजय चौहान, सतीश चौहान, सूरज चौहान का आभार व्यक्त किया।

# स्वच्छता समिति कूड़ा निस्तारण पर सख्त

शाह टाइम्स संवाददाता

**उत्तरकाशी।** नगरपालिका परिषद बाडाहाट उत्तरकाशी में हाल ही में गठित स्वच्छता समिति की प्रथम बैठक पालिकाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में समिति सदस्य अमरीकन पुरी (सभासद, वार्ड नं. 2) सुषमा डंगवाल उपस्थित रहीं। बैठक में तांबाखानी क्षेत्र में कूड़ा निस्तारण और लिगेसी वेस्ट प्रबंधन कार्य की विस्तृत समीक्षा की गई। कूड़ा निस्तारण एवं लिगेसी वेस्ट पर कार्यरत दोनों फर्मों को समिति द्वारा सख्त एवं स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए। समिति ने निर्देशित किया कि तत्काल प्रभाव से कूड़ा निस्तारण कार्य में तेजी लाई जाए, डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन व्यवस्था को नियमित एवं प्रभावी बनाया जाए तथा तांबाखानी क्षेत्र से समस्त लिगेसी वेस्ट को शीघ्रातिशीघ्र हटाया जाए।



स्वच्छता समिति द्वारा नगरपालिका प्रशासन को भी कड़ी चेतावनी दी गई कि कूड़ा प्रबंधन कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। समिति ने स्पष्ट किया कि जो फर्म समयबद्ध, जिम्मेदारीपूर्वक एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य नहीं करेगी अथवा लापरवाही बरतेगी, उसका अनुबंध तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया जाएगा।

इसके अतिरिक्त समिति द्वारा यह भी सख्त निर्देश जारी किए गए कि स्वच्छता समिति की अनुमति एवं संज्ञान में लाए बिना कूड़ा निस्तारण से संबंधित किसी भी प्रकार की अनुबंधीय अथवा भुगतान संबंधी कार्यवाही नहीं की जाएगी। सभी निर्णय एवं भुगतान प्रक्रिया समिति की स्वीकृति के उपरांत ही की जाएगी। समिति ने निर्णय लिया कि स्वच्छता समिति की बैठक प्रत्येक तीन माह में नियमित रूप से आयोजित की जाएगी, जबकि अत्यावश्यक परिस्थितियों अथवा महत्वपूर्ण निर्णयों के लिए आवश्यकता अनुसार इससे पूर्व भी बैठक बुलाई जा सकती है। स्वच्छता समिति का प्रमुख लक्ष्य तांबाखानी कूड़ा निस्तारण स्थल से संपूर्ण लिगेसी वेस्ट को हटाना एवं नगर क्षेत्र में प्रभावी, पारदर्शी एवं स्थायी स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करना है। समिति ने स्पष्ट किया कि नगर की स्वच्छता, जन-स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए कठोर निर्णय लेने एवं सख्त कार्रवाई करने से समिति पीछे नहीं हटेगी। बैठक में नगरपालिका अधिशासी अधिकारी शालनी चित्राण, सफाई निरीक्षक कुसुम राणा, विभागीय इंजीनियर सुशांत बिष्ट, टीआई जितेंद्र गुसाई सहित कूड़ा निस्तारण कार्य में संलग्न फर्मों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# मजदूरों के हितों से खिलवाड़ कर रही सरकारः कांग्रेस

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का नाम बदलकर विकसित भारत ग्रामीण रोजगार एवं आजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) करने के निर्णय के खिलाफ कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस का आरोप है कि यह बदलाव गरीबों, श्रमिकों और महिलाओं के अधिकारों पर हमला है, और सरकार रोजगार की गारंटी खत्म कर मजदूरों के हितों के साथ खिलवाड़ कर रही है। टिहरी गढ़वाल कांग्रेस ने आगामी डेढ़ महीने तक मनरेगा बचाओ अभियान चलाने का ऐलान किया है, जिसकी शुरुआत 12 जनवरी को जिला मुख्यालय पर एक बड़े विरोध प्रदर्शन से होगी। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि नई योजना में रोजगार की कानूनी गारंटी नहीं है, जो ग्रामीण श्रमिकों के लिए संकट पैदा करेगा। पार्टी ने यह भी आरोप लगाया कि महात्मा गांधी का नाम हटाना उनकी अनादर है। कांग्रेस ने कहा कि नई योजना में मजदूरी दरों में असमानता और भुगतान की कोई सुनिश्चितता नहीं है, और सोशल ऑडिट जैसे प्रावधानों को खत्म कर दिया गया है। पार्टी ने यह चेतावनी भी दी कि यदि उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्य में रोजगार की गारंटी समाप्त हुई, तो पलायन की समस्या और बढ़ सकती है। विरोध प्रदर्शन में पार्टी के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शामिल होंगे, और अगले डेढ़ महीने में गांव-गांव जाकर लोगों को इस योजना के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया जाएगा।

# मनरेगा का नाम बदला जाना दुर्भाग्यपूर्ण

## कांग्रेस का मनरेगा बचाओ संग्राम शुरू




शाह टाइम्स संवाददाता

**श्रीनगर।** देवप्रयाग जिला कांग्रेस कमेटी ने शनिवार को नैथाणा स्थित निजी होटल में पत्रकार वार्ता कर केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना का नाम बदलकर जी राम जी किये जाने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। देवप्रयाग जिलाध्यक्ष उत्तम सिंह असवाल ने बताया कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा को खत्म करने के लिये संसद में जनविरोधी कानून लाया गया है, जिसमें मनरेगा का नाम बदला गया है, जिससे स्पष्ट होता है कि राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के नाम को केंद्र सरकार को हटाना था। बताया कि गाँधी का योगदान देश की स्वतंत्रता में महत्वपूर्ण रहा है। ऐसी शख्सियत का नाम हटाकर मनरेगा को कमजोर तो किया गया है, साथ ही आम गरीब आदमी के रोजगार के अधिकार को खत्म किया जा रहा है।

असवाल ने बताया कि मनरेगा योजना को खत्म करने की साजिश के खिलाफ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने 10 जनवरी ने 26फरवरी तक रोड मैप तैयार कर मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान की शुरुआत की है।11जनवरी को प्रत्येक जिले में एक दिन का उपवास रखकर केंद्र सरकार का प्रतीकात्मक विरोध किया जायेगा।12 से 29 जनवरी प्रत्येक पंचायत स्तर पर जनसंपर्क किया जायेगा, जिसमें ग्राम प्रधान, पूर्व जनप्रतिनिधि, रोजगार सेवक और श्रमिकों से चर्चा और नुक्कड़ सभाएँ आयोजित की जायेंगी। अभियान के तहत प्रदेश अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष के पत्रों का ग्राम सभाओं में वितरण किया जायेगा। 30 जनवरी को वार्ड स्तर पर संवैधानिक मूल्यों के अधिकारों को लेकर शांति पूर्ण धरना दिया जायेगा। 7 से 15 फरवरी तक केंद्र सरकार द्वारा लागू किये गए जी राम जी बिल के खिलाफ राज्य स्तर पर विधानसभा का घेराव किया जायेगा।16 से 25 फरवरी तक पूरे देश में चार एआईसीसी रैलियां निकाली जायेंगी।मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्याम लाल आर्य, पीसीसी सदस्य मोहनानंद डोभाल, अंकित सिंह, अमन शाह, गम्मा सिंह, मुकेश बर्त्वाल, पंकज जोशी आदि मौजूद रहे।

# न्याय पंचायत पिपली में उत्साह ,1570 ने किया प्रतिभाग

## बैंक खाते से 12 लाख की धनराशि निकलने की शिकायत पर डीएम एक सप्ताह में जांच के निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के क्रम में जनपद में जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान के तहत शनिवार को न्याय पंचायत पिपली में जन सेवा शिविर का आयोजन किया गया। विकासखंड डुंडा की न्याय पंचायत पिपली के राईका थाती धनारी में क्षेत्रीय विधायक और क्षेत्र पंचायत प्रमुख राजदीप परमार की अध्यक्षता व जिलाधिकारी प्रशांत आर्य उपस्थिति में जनसमस्याओं की सुनवाई की गई। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा सहभागिता करते हुए आम-जनमानस की समस्याओं को सुना गया तथा उनका मौके पर निस्तारण किया गया। न्याय पंचायत



पिपली में आयोजित शिविर में 1570 लोगों ने प्रतिभाग किया है। जिनमें 83 लिखित शिकायतें दर्ज की गई, जिनमें से जिलाधिकारी प्रशांत आर्य की उपस्थिति में 63 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष जटिल समस्याओं के लिए संबंधित विभागों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गए। शिविर में ग्रामीणों द्वारा माज़फ से डांडा तक मार्ग निर्माण की शिकायत की गई कि लंबे समय से मार्ग निर्माण की मांग की जा रही है। लोनिवि द्वारा अवगत कराया कि वन स्वीकृति की नहीं मिलने के कारण लंबित है जिस पर अभी प्रस्ताव पर्यावरण मंत्रालय भारत सरकार के पास स्वीकृति हेतु भेजा है। विधायक द्वारा कहा कि माज़फ के दो ग्रामीणों के साथ 20 जनवरी के बाद पर्यावरण मंत्रालय में वार्ता कर जल्द कार्यवाही हेतु आश्वासन दिया। किशोर भूषण सेमवाल द्वारा पुजारगांव में एएनएम सेंटर के नए भवन में संचालित और पदों के सर्जन हेतु शिकायत की विधायक द्वारा कहा कि प्रस्ताव बनाकर जल्द भेजा जाएगा। रा.इ. का. पुजार गांव से कंवा तोक तक मार्ग की शिकायत रखी जिस पर लोनिवि अधिकारियों द्वारा अवगत कराया कि प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया है जल्द स्वीकृति मिलते ही अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। गोविन्द सिंह पोखरियाल द्वारा भालसी मोटर मार्ग पर बाउंड्री वॉल के प्रतिकर हेतु शिकायत की जिस पर विधायक द्वारा संबंधित अधिकारी को कहा कि 15 दिन में प्रतिकर प्रस्ताव बनाकर भेजा जाए। प्रेम सिंह बिष्ट निवासी कोटी द्वारा बैंक खाते से 12 लाख रुपए की धनराशि अज्ञात द्वारा निकालने की शिकायत की और बैंक में कोई सुनवाई न होने की शिकायत दर्ज की। जिस पर जिलाधिकारी प्रशांत आर्य द्वारा लीड बैंक मैनेजर को एक सप्ताह में जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। शिविर में युवा तेज तर्रार ब्लॉक प्रमुख डुंडा राजदीप परमार ने जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान से ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। सभी विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नत्थी लाल शाह, मंडल अध्यक्ष प्रेमदत्त भट्ट, जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्र गंगाडी, किसान मोर्चा अध्यक्ष विक्रम पंवार, मंडल महामंत्री शंभू प्रसाद भट्ट, संजय पंवार, विजय संतरी, ग्राम प्रधान पिपली वंदना राणा, सहित अन्य ग्राम प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्य, उपजिलाधिकारी देवानंद शर्मा, खंड विकास अधिकारी दिनेश जोशी, न्याय पंचायत नोडल अधिकारी रत्नाकर सिंह, अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# सोला सोल्याणी मैं जांछू कमला...

## उत्तरायणी कौतिक मेला पूरे सबाब पर
## कुमाऊंनी गीतों में जमकर थिरके लोग






**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच हीरानगर में उत्तरायणी कौतिक अपने पूरे सबाब में है। शनिवार चौथे दिन सांस्कृतिक संध्या में लोक गायक चंद्र प्रकाश व आनंद कोरंगा के गीतों ने लोगों को पहाड़ी संस्कृति से रूबरू कराया तो लोग अपने को रोक ना सके और उनके गीतों में जमकर थिरके। वहीं एक ओर जहां पहाड़ी उत्पादों की बिक्री तो दूसरी ओर पर्वतीय संस्कृति की धूम मची हुई है। शनिवार की सुबह जलेबी दौड़, चम्मच दौड़, कुमाऊनी भाषण प्रतियोगिता, लो. कगीत प्रतियोगिता आयोजित की गई। बालिकाओं की चम्मच दौड़ जूनियर वर्ग की कनक आर्य प्रथम, तान्या आर्य द्वितीय और हिमांशी तृतीय स्थान पर रहीं। जबकि महिला ओपन वर्ग में लक्ष्मी पोखरिया, चम्पा कांडपाल और हेमा पंत क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। इसके अलावा भाषण प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में वैष्णवी जोशी प्रथम, मनीषा भट्ट द्वितीय और लतिका कांडपाल तीसरे स्थान पर रहीं। वहीं जलेबी दौड़ बालक सीनियर वर्ग में मयंक सिंह, चिराग मेहरा और आयुष बिष्ट पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। जलेबी दौड़ महिला ओपन वर्ग में बबीता पहले, पूजा दूसरे और ममता तीसरे स्थान पर रहीं।

देर शाम मेले में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कालाढूंगी विधायक बंशीधार भगत के अलावा लक्ष्मण सिंह लमगड़िया, नीरज तिवारी, महेश कांडपाल, गोपाल जोशी, पंकज सुयाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। वहीं देर शाम सांस्कृतिक संध्या का भी लोग जमकर आनंद उठाया। मेले में लोक गायक चंद्रप्रकाश ने 'सोला सोल्याणी मैं जाछू कमला' गीत गाकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके बाद मंच पर पहुंचे आनंद कोरंगा ने 'धुरडाना बुरूसी फुलीरोली', घुड़्याली दाथुली तेरी छड़्कैली', झन रये तू मेरी लछीमा सूट सलवार मां पूसा म्हैड़ा ह्यू पड़िया रौला पहाड़ मां....', गीत गाकर धमाल मचा दिया। इसके साथ ही मेले में विभिन्न सांस्कृतिक दलों के कलाकारों ने कुमाऊंनी लोकनृत्य और गीत प्रस्तुत कर संस्कृति की अनूठी छटा बिखेरी। इस मौके पर संरक्षक हुकुम सिंह कुंवर, अध्यक्ष खड़्क सिंह बगड़्वाल, उपाध्यक्ष गोपाल सिंह बिष्ट, सचिव देवेंद्र तोलिया, कोषाध्यक्ष त्रिलोक बनोली, आय व्यय कैलाश जोशी, शोभा बिष्ट, चंद्रशेखर परगाई, कमल किशोर, ब्रजमाहन बिष्ट, पार्षद शैलेन्द्र दानू, ललित बिष्ट, तरूण नेगी, संदीप भैसोड़ा, नीरज बगड़्वाल, रितिक आर्य समेत तमाम लोग मौजूद थे।

# अब बंद का कोई औचित्य नहीं व्यवसाय रोज की तरह चलाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड में जहां नारी को देवी के रूप में पूजा जाता है, वहीं अंकित हत्याकांड ने देवभूमि को शर्मसार किया है। इस जघन्य घटना ने पूरे प्रदेश को हिलाकर रख दिया है और राज्य में एक आंदोलन की स्थिति उत्पन्न कर दी है। ऐसे में प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तराखंड ने सीबीआई जांच की संस्तुति के बाद 11 जनवरी को होने वाले प्रदेश बंद को वापस लेने का निर्णय लिया है। यह बाद पत्रकार वार्ता करते हुए प्रदेश अध्यक्ष नवीन चन्द्र वर्मा ने कहीं।

शनिवार को रामपुर रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में पत्रकार वार्ता करते हुए प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश अध्यक्ष नवीन चन्द्र वार्मा ने कहा कि उत्तराखंड में 383 नगर इकाइयां कार्यरत हैं, और कोई भी आंदोलन, खासकर प्रदेश बंद जैसे मुद्दे, व्यापार मंडल की सक्रियता और नगर इकाइयों की भागीदारी से ही सफल होते हैं। विशेष रूप से अंकित हत्याकांड ने जनमानस में गहरे सवाल खड़े किए थे, और इस पर सीबीआई जांच की मांग उठाने के लिए सामा. जिक संगठनों, महिला संगठनों और राजनीतिक दलों ने आंदोलन किया था। व्यापार मंडल ने बताया कि कई संगठनों द्वारा 11 जनवरी को प्रदेश बंद का आह्वान किया गया था और




इस पर उनके जिलाध्यक्षों से विचार विमर्श किया जा रहा था। लेकिन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा अंकित हत्याकांड की जांच सीबीआई को सौंपने की संस्तुति के बाद अब बंद का कोई औचित्य नहीं रह गया है। श्री वर्मा ने कहा कि प्रदेश भर के व्यापारियों से अपील की कि वे किसी भ्रम में न पड़ें और कल यानि आज 11 जनवरी के प्रस्तावित बंद को नजरअंदाज कर अपने व्यवसाय को रोज की तरह चलाएं। साथ ही उन्होंने सभी सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों से यह अपील की कि वे व्यापार मंडल से किसी भी प्रकार का बंद कराने की अपील न करें। उन्होंने कहा कि अब जब सीबीआई जांच की संस्तुति हो चुकी है, तो प्रदेश में किसी प्रकार की अव्यवस्था और व्यापार पर प्रभाव डालने वाले आंदोलन का कोई कारण नहीं रह जाता। यह समय न्याय की प्राप्ति की दिशा में काम करने का है, न कि आंदोलन करने का। पत्रकार वार्ता में व्यापार मंडल के कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद गोयल, जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, नवनीत राणा, योगेश शर्मा, मनोज जायसवाल, चन्दशेखर पंत आदि मौजूद रहे।

## व्यापार मंडल ने वापस लिया बंद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अंकिता भंडारी हत्याकांड के मामले में राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा सीबीआई जांच की घोषणा किए जाने के बाद प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल ने प्रस्तावित बंद को वापस लेने का निर्णय लिया। संगठन ने इस कदम को राज्य की महान जनता की भावना के अनुरूप और न्याय की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया। व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र फर्स्वाण और प्रदेश प्रभारी वीरेंद्र गुप्ता ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि सीबीआई जांच की संस्तुति के बाद अब बाजार रोजमर्रा की तरह खुले रहेंगे। उन्होंने कहा कि व्यापारियों और आम जनता के बीच जो बंद को लेकर दुविधा की स्थिति उत्पन्न हो रही थी, वह अब समाप्त हो गई है। संगठन के प्रदेश प्रभारी वीरेंद्र गुप्ता ने कहा कि सीबीआई जांच की घोषणा से यह साफ हो गया है कि राज्य सरकार न्याय की दिशा में गंभीर है, और अब बंद का कोई औचित्य नहीं है। व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष मोंगा, प्रदेश संरक्षक विनय गोयल और महानगर अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने सभी व्यापारियों से नियमित व्यापार करने की अपील की है।

## आज नियमित रूप से खुलेंगे बाजार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** देवभूमि व्यापार मंडल ने कल यानि आज 11 जनवरी (रविवार) को प्रस्तावित उत्तराखंड बंद के दौरान अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान खुले रखने का निर्णय लिया है। देवभूमि व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत सिंह चड्डा की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में व्यापारी नेताओं ने कहा कि अंकिता हत्याकांड पर मुख्यमंत्री द्वारा सीबीआई जांच की सिफारिश के बाद, बंद का कोई औचित्य नहीं है। इसलिए सभी व्यापारी रोजना की तरह अपने प्रतिष्ठानों को खोलेगे। बैठक में प्रदेश महामंत्री नरेंद्र अरोड़ा, प्रदेश उपाध्यक्ष दलजीत सिंह दल्ली, वेद ठुकराल, मनमोहन अग्रवाल, राकेश नरूला, जिलाध्यक्ष पंकज कपूर, यूएसनगर के जिलाध्यक्ष गुरमीत सिंह, हल्द्वानी महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बगड़्वाल, महामंत्री राजीव जायसवाल मौजूद रहे।

# लालकुआं बेंगलुरु साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का शुभारंभ

## सांसद व विधायक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**लालकुआँ।** उत्तराखंड के तराई-भाबर क्षेत्र के लिए रेल कनेक्टिविटी के मोर्चे पर बड़ी और राहत भरी खबर सामने आई है। लालकुआँ से बेंगलुरु के लिए संचा. लित 05074 साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन को नियमित किए जाने की दिशा में निर्णायक पहल शुरू हो गई है। शनिवार सायं लालकुआँ स्टेशन पर पूर्व केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री एवं सांसद अजय भट्ट तथा स्थानीय विधायक डा. मोहन सिंह बिष्ट ने स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर सांसद अजय भट्ट ने स्पष्ट संकेत दिए कि यह ट्रेन जल्द ही नियमित एक्सप्रेस का रूप ले सकती है। सांसद अजय भट्ट ने बताया कि 05074 लाल. कुआँ बेंगलुरु साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन को नियमित किए जाने को लेकर रेल मंत्री से सीधी बातचीत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग है और ट्रेन का वाणिज्यिक रिकॉर्ड भी बेहतर रहा है, जिससे इसके नियमित संचालन की पूरी संभावनाएं हैं। उन्होंने बताया कि लालकुआँ से कामाख्या और लालकुआँ से अयोध्या के लिए भी एक्सप्रेस ट्रेन चलाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके साथ ही काठगोदाम से नई दिल्ली तक वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलाने की दिशा में भी तेजी से काम हो रहा है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर पर्यटकों और स्थानीय लोगों के हित में वंदे भारत ट्रेन शुरू करने पर चर्चा हुई है। कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार सिंह सहित नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह लोटनी, सभासद सुरेश शाह, व्यापार मंडल अध्यक्ष दीवान सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष अरुण जोशी, संजीव शर्मा, लक्ष्मण सिंह खाती सहित बड़ी संख्या में कई लोग मौजूद रहे।

## 190 इंजेक्शन बरामद, एक गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सटीक सूचना पर 190 नशे के इंजेक्शन के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया तस्कर पूर्व में भी तस्करी के आरोप में जेल जा चुका है। जानकारी के अनुसार बीते शुक्रवार की रात्रि बनभूलपुरा प्रभारी निरीक्षक दिनेश फर्त्याल मय टीम के साथ क्षेत्र में चैकिंग कर रहे थे तभी उन्हें मुखबिर की सूचना मिली। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक दिनेश फर्त्याल व एसओजी प्रभारी राजेश जोशी की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान शुरू कर दिया। चैकिंग के दौरान पुलिस टीम ने मो. दानिश उर्फ पिण्डारी पुत्र नियाज अहमद निवासी उत्तर उजाला वार्ड-29 बनभूलपुरा बताया। जिसके पास से पुलिस ने 190 नशे के इंजेक्शन बरामद किए।

## सीबीआई जांच का राज्य आंदोलनकारियों ने किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा अंकित हत्याकांड की सीबीआई जांच की संस्तुति किए जाने की घोषणा का राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति उत्तराखंड ने स्वागत किया है। समिति के केंद्रीय महामंत्री नवीन नैथानी और केंद्रीय प्रवक्ता लखन सिंह चिलवाल ने इसे प्रदेश की जागरूक जनता की जीत करार दिया। नवीन नैथानी और लखन सिंह चिलवाल ने कहा कि भारी जन दबाव के बाद सीबीआई जांच की संस्तुति करना यह दर्शाता है कि प्रदेश सरकार ने जनता की आवाज को सुना। समिति ने शुरू से ही अंकित हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग की थी, और इस मांग को लेकर अंकित के परिवार के साथ तमाम जन संगठनों, सामाजिक संगठनों, सांस्कृतिक संगठनों और राजनीतिक संगठनों ने मिलकर एकजुट होकर संघर्ष किया। नैथानी और चिलवाल ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह संघर्ष राज्य की जागरूक जनता की जीत है, जिन्होंने इस मुद्दे पर निरंतर आवाज उठाई।



# यूओयू का दीक्षांत समारोह कल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखण्ड मुक्त विश्व. विद्यालय हल्द्वानी का दशम दीक्षांत समारोह 12 जनवरी को विश्वविद्यालय परिसर में अत्यंत गरिमामय, अनुशासित और शैक्षणिक वातावरण में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर शैक्षणिक सत्र 2024-25 में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को स्नातक, स्नातकोत्तर तथा पीएचडी की उपाधियाँ प्रदान की जाएंगी। यह बात विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन चन्द्र लोहनी ने कहीं। शनिवार को पत्रकार वार्ता करते हुए कुलपति प्रो. नवीन चन्द्र लोहनी ने कहा कि यह दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिसमें उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया जाएगा। समारोह में




कुलाधिपति स्वर्ण पदक, विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक और अन्य प्रायोजित तथा स्मृति पदकों से मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता राज्य के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। इस वर्ष के दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय की सभी प्रमुख विद्याशाखाओं मानविकी, समाज विज्ञान, विज्ञान, शिक्षा शास्त्र, वाणिज्य एवं प्रबंधन, स्वास्थ्य विज्ञान, कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी, पर्यटन एवं आतिथ्य प्रबंधन, पत्रकारिता एवं मीडिया अध्ययन सहित अन्य विषयों के विद्यार्थियों को उपाधियाँ प्रदान की जाएंगी। इसके साथ ही शोध कार्य पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को पीएचडी उपाधि भी दी जाएगी। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक 28 मेधावी विद्यार्थियों को दिए जाएंगे। विश्वविद्यालय द्वारा अकाद. मिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रायोजित और स्मृति स्वर्ण पदकों का भी वितरण किया जाएगा। इनमें ला. देवीकी नंदन नंद किशोर एजेंसी स्मृति स्वर्ण पदक, शीला देवी स्मृति स्वर्ण पदक, भगवती देवी स्मृति स्वर्ण पदक और कल्याण भवति समिति पदक शामिल हैं। ये पदक संबंधित विषयों में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रदान किए जाएंगे। दीक्षांत समारोह के दौरान विश्वविद्यालय की त्रैमासिक पत्रिका (उड़ान) का विमोचन किया जाएगा। पत्रकार वार्ता में कुलसचिव खेमराज भट्ट, प्रो. गिरिजा पाण्डेय, प्रो. पीडी पंत, प्रो. राकेश रयाल और वित्त नियंत्रक एसपी सिंह मौजूद रहे।

## एनएसएस शिविर का समापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज हल्द्वानी की छात्राओं का सात दिवसीय विशेष राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस शि. विर हरगोविंद सुयाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज कुसुमखेड़ा में सफलता के साथ संपन्न हुआ। इस शिविर का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य खीम सिंह बिष्ट ने किया। कार्यक्रम के दौरान प्रमुख आयोजक कविता पाठक, दीप्ति पंत और सुनीता जोशी ने मिलकर इस शिविर को सफलतापूर्वक आयोजित किया। शनिवार को शिविर के समापन पर विशिष्ट अतिथि के रूप में हीरानगर के पार्षद शैलेंद्र दानू, मुख्य अतिथि राजकीय बालिका इंटर कॉलेज हल्द्वानी की प्रधानाचार्य डा. भारती नारायण भट्ट मौजूद रहे। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि इस सात दिवसीय शिविर में विभिन्न सामाजिक जागरूकता अभियानों जैसे नशा उन्मूलन, मतदाता जागरूकता, स्वच्छता अभियान, प्लास्टिक उन्मूलन, पर्यावरण संरक्षण, सड़क सुरक्षा आदि की भी जानकारी बच्चों को दी गई। साथ ही, शिविर में बच्चों को परिवेश के क्षेत्रीय भ्रमण पर ले जाकर सफाई अभियान और जन जागरूकता कार्यक्रम कराया गया। इसके अलावा, विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विजेताओं को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस मौके पर राजकीय शिक्षक जिला नैनीताल के जिलाध्यक्ष गिरीश चंद्र जोशी, सुधा जोशी, दीप्ति पंत, कविता पाठक और सुनीता जोशी मौजूद रहे।

# मनरेगा: आज से चरणबद्ध आंदोलन

## एक दिवसीय उपवास रखेगी कांग्रेस




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कांग्रेस पार्टी ने केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का नाम बदलने और इसके अधिकारों में कटौती के विरोध में देशभर में मनरेगा बचाओ अभियान चलाने की घोषणा की है। इसी कड़ी में, उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी 11 जनवरी से 25 फरवरी तक चरणबद्ध जन आंदोलन आयोजित करेगी। शनिवार को कांग्रेस मुख्यालय स्वराज आश्रम में पत्रकार वार्ता करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल व महानगर अध्यक्ष एडवोकेट गोविन्द सिंह बिष्ट ने मनरेगा बचाओ अभियान की रूपरेखा साझा करते हुए कहा कि इस अभियान का पहला चरण कल यानि आज 11 जनवरी को जिला और महानगर मुख्यालयों पर एक दिवसीय उपवास एवं प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन के रूप में होगा, जिसके माध्यम से कांग्रेस पार्टी देशभर में मनरेगा बचाओ संघर्ष की शुरुआत करेगी। 12 जनवरी से 29 जनवरी तक पंचायत स्तर पर चौपाल, जनसंवाद और जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनके माध्यम से कांग्रेस ग्रामीण जनता, मजदूरों, किसानों और महिलाओं को मनरेगा से जुड़े उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करेगी। 30 जनवरी को वार्ड और ब्लॉक स्तर पर शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन आयोजित कर केंद्र सरकार से मनरेगा को उसके मूल स्वरूप में बहाल करने, बजट बढ़ाने और मजदूरों को समय पर रोजगार व भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की जाएगी। इसके अलावा, 31 जनवरी से 6 फरवरी तक जिला स्तर पर मनरेगा बचाओ यात्रा, 7 फरवरी से 15 फरवरी तक राज्य स्तरीय विधानसभा घेराव और 16 फरवरी से 25 फरवरी तक क्षेत्रीय समापन रैलियों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नैनिताल जिला और हल्द्वानी महानगर में कांग्रेस पार्टी इस अभियान को मजबूती से जनता के बीच लेकर जाएगी। पत्रकार वार्ता में कांग्रेसी नेता मनोज शर्मा और एडवोकेट रंजीत डसीला आदि मौजूद रहे।

## अंकिता हत्याकांड: सीबीआई जांच जनभावनाओं का सम्मान: भगत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** उत्तराखंड के बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड की जांच सीबीआई से कराए जाने के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्णय का कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने स्वागत किया है। उन्होंने इसे न केवल अंकिता के माता-पिता की भावनाओं का सम्मान बताया, बल्कि राज्य की जनता की न्याय की अपेक्षाओं को पूरा करने वाला कदम भी कहा। भगत ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी ने संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का परिचय देते हुए यह निर्णय लिया है। लंबे समय से अंकिता के परिजन और आम लोग इस मामले में निष्पक्ष व पारदर्शी जांच की मांग कर रहे थे। सीबीआई जांच से सच्चाई सामने आएगी और दोषियों को सख्त सजा मिलेगी।

# श्री कृष्ण की दिव्य लीलाओं का वर्णन

## भक्तों ने खोली फूलों की होली



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** श्री गिरिजा देवी सनातन सेवा समिति द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तहत शनिवार को कथा व्यास डा. नवीन चंद्र जोशी ने भगवान श्री कृष्ण की दिव्य लीलाओं का विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने पाण्डवों के द्वारा किए गए राजसूय यज्ञ के बारे में बताते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण ही यज्ञ के अधिष्ठातृ देव हैं, और बिना उनकी कृपा के कोई यज्ञ पूरा नहीं हो सकता। भगवान श्री कृष्ण ने पाण्डवों की कठिनाई में सहायता की और यह बताया कि भगवान की भक्ति ही भवसागर से पार करने का एकमात्र साधन है। कथा में सुदामा के दिव्य चरित्र का भी वर्णन किया गया। कथा के अंत में भक्तों ने फूलों की होली खेलकर वातावरण को भव्य बना दिया। इस दौरान मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने व्यास पूजन किया।

आज के यजमानों में हिमांशु कन्याल, लाखन सिंह बिष्ट, डा. एसडी तिवारी, सोबन सिंह, प्रमोद पाण्डेय, घनश्याम शर्मा, सतीश जोशी, राधिका जोशी सहित आचार्य प्रमोद जोशी, आचार्य प्रकाश चंद्र जोशी, हेम चंद्र जोशी, गोविंद बल्लभ जोशी, प्रशांत जोशी और शानू जोशी ने श्रद्धा भाव से पाठ किया।

# प्रेस क्लब की बैठक में कई प्रस्ताव पास

## सदस्यता प्रक्रिया के लिए गठित की जाएगी स्क्रीनिंग कमेटी
## उत्तरायणी मेला शोभायात्रा का भी किया जाएगा स्वागत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रेस क्लब हल्द्वानी की बैठक अध्यक्ष संजय तलवाड़ की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा की गई। बैठक में अध्यक्ष संजय तलवाड़ ने घोषणा की कि शीघ्र ही सदस्यता प्रक्रिया पूरी करने के बाद नई कार्यकारिणी के चुनाव कराए जाएंगे। बैठक में एक प्रस्ताव यह भी रखा गया कि कार्यकारिणी का कार्यकाल 5 वर्ष की बजाय 2 वर्ष किया जाएगा। इसके अलावा, नई सदस्यता में मान्यता प्राप्त समाचार पत्रों, पोर्टल्स और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों को भी सदस्यता दी जाएगी। नई सदस्यता प्रक्रिया के लिए एक स्क्रीनिंग कमेटी का गठन भी किया गया, जिसमें भगवान सिंह गंगोला, दिनेश जोशी, गिरीश जोशी, और शाहवेज़ खान शामिल होंगे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि प्रेस क्लब लोकपर्व उत्तरायणी के अवसर पर निकलने वाली शोभा यात्रा का स्वागत प्रेस क्लब प्रांगण में किया जाएगा, और यात्रा में भाग लेने वालों को फल वितरण किया जाएगा। सर्वसम्मति से सभी प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित किए गए। बैठक में भगवान सिंह गंगोला, कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश जोशी, महामंत्री रवि दुर्गापाल, गिरीश गोस्वामी, गिरीश जोशी, अनुपम गुप्ता, अरविंद मलिक, प्रवीण चोपड़ा, सुशील शर्मा, कमल जोशी, दीपक भंडारी, शाहवेज़ खान, मनोज पांडेय, अनुराग वर्मा, आशुतोष कोकिला उपस्थित रहे।

## 'उत्तराखण्ड बंद' को लेकर पुलिस अलर्ट: आइजी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कुमाऊं के आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने 11 जनवरी 2026 को विभिन्न संगठनों द्वारा प्रस्तावित उत्तराखंड बंद के संदर्भ में सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए उत्तराखंड पुलिस की व्यापक तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में पुलिस ने बाजारों और संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया है, ताकि आम जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और शांति व्यवस्था बनाए रखी जा सके। आईजी ने कहा लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार सभी को है, लेकिन इस अधिकार का दुरुपयोग नहीं होने दिया जाएगा। किसी को भी कानून हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। हम सभी से अपील करते हैं कि वे शांतिपूर्ण तरीके से अपना पक्ष रखें और पुलिस प्रशासन का पूरा सहयोग करें। रिद्धिम अग्रवाल ने व्यापारियों, वाहन चालकों और आम नागरिकों से भी अपील की कि वे किसी भी ऐसे कृत्य से बचें, जिससे कानून-व्यवस्था का उल्लंघन हो और जनता को असु. विधा हो। उन्होंने कहा कि सभी को शांति और सौहार्द बनाए रखना चाहिए। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट और अफवाहों से बचने की भी अपील करते हुए आईजी ने कहा हम सभी से अनुरोध करते हैं कि शांति और सुरक्षा बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें और कोई भी ऐसी पोस्ट साझा न करें जो कानून व्यवस्था में बाधा डाले।

## मंत्री रेखा आर्या के पति की गिरफ्तारी हो: अंजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रदेश में दो कानूनों की व्यवस्था को लेकर इन दिनों समाज में चर्चा का विषय बना हुआ है। समा. जसेवी विशाल वर्मा और पूर्व पार्षद प्रत्याशी अंजलि वर्मा ने केबिनेट मंत्री रेखा आर्य के पति गिरधारी लाल साहू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की है। उनका आरोप है कि गिरधारी लाल साहू ने महिलाओं के बारे में अभद्र टिप्पणी करते हुए कहा था कि बिहार से 20-25 रुपए में लड़कियां मिल जाती हैं, जिससे पूरे प्रदेश में आक्रोश फैल गया है। इसके बाद इस बयान के खिलाफ पुतला दहन और प्रदर्शन किए गए। वहीं दूसरी ओर, ज्योति अधिकारी के विवादास्पद बयानों को लेकर भी पुलिस ने कार्रवाई की है। ज्योति अधिकारी ने देवी-देवताओं के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करते हुए कुमाऊं की



महिलाओं के लिए अपमानजनक शब्द कहे थे, जिसके बाद उनके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुक. दमा दर्ज किया गया था। फिलहाल, ज्योति अधिकारी न्यायिक हिरासत में जेल में हैं।इस बीच, समाजसेवी विशाल वर्मा ने सवाल उठाया है कि अगर गिरधारी लाल साहू के बयान पर कार्रवाई नहीं की जा रही है, तो ज्योति अधिकारी के खिलाफ तुरंत क्यों कदम उठाए गए? उन्होंने कहा कि दोनों के बयानों से प्रदेश में आक्रोश फैल चुका था, और यदि कानून सभी के लिए समान है, तो गिरधारी लाल साहू पर भी कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है?

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### चोट के कारण वस्त्रकर दो हफ्ते के लिए डब्ल्यूपीएल से बाहर हुई

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत और आरसीबी की तेज गेंदबाज पूजा वस्त्रकर हैमस्ट्रिंग चोट के कारण विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के पहले दो हफ्ते नहीं खेल पाएंगी। आरसीबी ने 2026 सीजन का अपना पहला मैच शुक्रवार रात को खेला, जिसमें उन्होंने डिफेंडिग चैंपियन मुंबई इंडियंस को एक रोमांचक आखिरी ओवर में तीन विकेट से हराया। आरसीबी के हेड कोच मालोलन रंगराजन ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मुझे लगता है कि बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से रिलीज होने से दो दिन पहले, दुर्भाग्य से उनकी हैमस्ट्रिंग में खिचाव आ गया। अभी हमारे पास जो जानकारी है, उसके अनुसार उन्हें दो हफ्ते और लगेंगे।

### पीठ की चोट के कारण जोआओ फोन्सेका एडिलेड में नहीं खेल पाएंगे

**एडिलेड, वार्ता।** जोआओ फोन्सेका ने एडिलेड इंटरनेशनल से नाम वापस लेने के बाद अपने 2026 सीजन की शुरुआत और टाल दी है। 19 साल के ब्राजीलियाई खिलाड़ी ने पिछले हफ्ते पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण ब्रिस्बेन इंटरनेशनल से नाम वापस ले लिया था, और अब वह इसी वजह से एडिलेड में एटीपी 250 में भी नहीं खेलेंगे। फोन्सेका ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि दुर्भाग्य से मैं यहां नहीं खेल पा रहा हूं। यह फैसला लेना मुश्किल है। मुझे लगा कि जिन दिनों हम प्रैक्टिस कर रहे थे, हर दिन थोड़ा बेहतर महसूस हो रहा था, लेकिन यह कहना मुश्किल है कि मैं सौ प्रतिशत ठीक हूं। उन्होंने कहा कि हम ऑस्ट्रेलियन ओपन खेलने के लिए सौ प्रतिशत ठीक होने की पूरी कोशिश कर रहे हैं, जो हमारा मुख्य लक्ष्य है। वह फैसला अभी नहीं लिया गया है।

### ओलंपियन दविंदर सिंह गरचा का निधन

**जालंधर, वार्ता।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भारतीय हॉकी का हिस्सा रहे विजेता दविंदर सिंह गरचा का शनिवार को निधन हो गया। सुरजीत हॉकी सोसाइटी के मुख्य कार्यकारी इकबाल सिंह संधू ने दविदर सिंह के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए बताया कि उनके अंतिम संस्कार की तारीख और समय अभी तय नहीं हुआ है। सुरजीत हॉकी सोसाइटी के सभी सदस्यों ने शोकाकुल परिवार के सदस्यों के साथ संवेदना प्रकट करते हुए भगवान से प्रार्थना की कि इस अपूरणीय क्षति को सहने की हिम्मत और शक्ति दे और दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे। सात दिसम्बर 1952 को जन्मे गरचा उस भारतीय हॉकी टीम का हिस्सा थे जिसने 1980 के समर ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। इस टूर्नामेंट में उन्होंने कुल छह ओलंपिक मैचों में आठ गोल किए थे और सिर्फ तीन टूर्नामेंट खेलकर 30 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेले थे, जिसमें उन्होंने 19 गोल किए थे।

# भारत को न्यूजीलैंड से मिलेगी कड़ी चुनौती

## आज कोटाम्बी स्टेडियम में दोपहर 1:30 बजे शुरू होगा पहला वनडे




**वडोदरा, वार्ता।** भारत का न्यूजीलैंड के साथ घरेलू हालात में खेलना, खासकर वनडे फॉर्मेट में, एक तरह से जाना-पहचाना एहसास है। रविवार को कोटाम्बी स्टेडियम में दोपहर 1-30 बजे शुरू होने वाला पहला वनडे , भारत को यह दिखाने का एक और मौका देगा कि वे अपनी जमीन पर इतनी मजबूत ताकत क्यों रहे हैं।

न्यूजीलैंड को भारत का अपना पिछला वनडे दौरा ज्यादा याद नहीं रहेगा। 3-0 से व्हाइटवॉश ने अपनी कहानी खुद बयां की, और यह पैटर्न जारी रहा, जिसमें भारत ने दोनों टीमों के बीच पिछले पांच वनडे में से हर एक जीता। नंबर झूठ नहीं बोलते, और क्रिकेट में, वे अक्सर पहली गेंद फेंके जाने से पहले ही कहानी बता देते हैं।

भारत इस सीरीज में एक मजबूत होम रन के दम पर आ रहा है। हाल ही में चार घरेलू वनडे सीरीज जीत चमक के बजाय कंसिस्टेंसी की बात करती हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ, भारत ने दम और मैच्योरिटी दोनों दिखाई - दो बार 300 पार किया और फिर आखिरी मैच में नौ विकेट हाथ में रहते हुए शांति से 271 का टारगेट चेज किया। इस तरह का परफॉर्मेंस बताता है कि बैटिंग यूनिट को पता है कि कब अटैक करना है और, इससे भी जरूरी बात, कब पीछे हटना है। विराट कोहली, एक बार फिर डटे रहे। उस सीरीज में उनके 302 रन, जिसमें दो सेंचुरी और एक नाबाद हाफ सेंचुरी शामिल थी, यह याद दिलाते हैं कि क्लास, जब भूख के साथ मिल जाए, तो खतरनाक चीज होती है। कोहली उन फेज में से एक में दिखते हैं जहां दिमाग के फैसला करने से पहले ही बल्ला बीच में आ जाता है। भारत को वनडे वाइस-कैप्टन श्रेयस अय्यर की वापसी से भी बढ़ावा मिला है, जो स्प्लीन इंजरी से ठीक होकर वापस आए हैं। उनकी मौजूदगी मिडिल ऑर्डर को मजबूती देती है, जो शुरुआती विकेट गिरने पर बहुत कीमती हो जाती है। मोहम्मद सिराज की वापसी से पेस अटैक मजबूत हुआ है, जबकि शुभमन गिल के शामिल होने से भारत को टॉप और मिडिल में एलिगेंस और भरोसा दोनों मिला है। हालांकि, न्यूजीलैंड सिर्फ नंबर बनाने के लिए नहीं आ रहा है। 2025 में भारत से आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल हारने के बाद से, उन्होंने चुपचाप मोमेंटम बनाया है, और अपने पिछले नौ वनडे में बिना हारे रहे हैं। पाकिस्तान, इंग्लैंड और वेस्ट इंडीज के खिलाफ लगातार तीन 3-0 की सीरीज जीत ने उन्हें इस टूर से पहले कॉन्फिडेंस दिया है, भले ही पक्का नहीं। डेवोन कॉनवे का फॉर्म विजटर्स का हौसला बढ़ाएगा। वह वेस्ट इंडीज के खिलाफ बैटिंग चार्ट में टॉप पर रहे, जबकि काइल जैमीसन के उस सीरीज में सात विकेट ने दिखाया कि जब कंडीशन ज्यादा मददगार नहीं होतीं, तब भी वह बाउंस और मूवमेंट निकालने की अपनी काबिलियत दिखाते हैं। कई नए चेहरों को लाने से पता चलता है कि न्यूजीलैंड आगे की सोच रहा है, सिर्फ जाने-पहचाने नामों पर निर्भर रहने के बजाय गहराई बना रहा है। एसए20 कमिटमेंट्स की वजह से केन विलियमसन के न होने पर, माइकल ब्रेसवेल ने कप्तानी की, यह रोल उन्होंने शांति से और अच्छे से निभाया है।

पिछली बार जब ए दोनों टीमें चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में मिली थीं, तो न्यूजीलैंड ने डेरिल मिशेल और ब्रेसवेल की हाफ-सेंचुरी की वजह से 7 विकेट पर 251 रन बनाए थे।

भारत ने जल्दबाजी के बजाय सोच-समझकर जवाब दिया, जिसमें रोहित शर्मा के शांत 76 रन ने चार विकेट से जीत की नींव रखी। यह सोच की साफ सोच पर आधारित चेज था, जो इस भारतीय टीम की पहचान बन गई है। रविवार के मैच में, भारत यशस्वी जायसवाल और रोहित शर्मा के साथ ओपनिग करने की उम्मीद है। जायसवाल की हालिया नाबाद सेंचुरी एक युवा बल्लेबाज के बढ़ते कॉन्फिडेंस को दिखाती है, जबकि रोहित के नंबर एक ऐसे खिलाड़ी की बात करते हैं जो पारी को ज्यादातर लोगों से बेहतर तरीके से चलाता है।

### गुजरात ने यूपी वॉरियर्ज को दिया 208 रनों का लक्ष्य

**नवी मुम्बई, वार्ता।** कप्तान एश्ले गार्डनर (65), अनुष्का शर्मा (44) और सोफी डिवाइन (38) की शानदार पारियों की बदौलत गुजरात जायंट्स महिला ने शनिवार को वूमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के दूसरे मुकाबले में यूपी वॉरियर्ज महिला को जीत के लिए 208 रनों का लक्ष्य दिया। यहां यूपी वॉरियर्ज महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात जायंट्स महिला के लिए बेथ मूनी और सोफी डिवाइन की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 41 रन जोड़े। सोफी एकल्सटोन ने बेथ मूनी (13) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद अनुष्का शर्मा और कप्तान एश्ले गार्डनर की जोड़ी ने तीसरे विकेट के लिए 103 रनों की साझेदारी कर बड़े स्कोर की नींव रखी। 17वें ओवर में डिएंड्रा

# प्रसन्ना बेंद्रे ने टांडिंग स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता

**● प्रसन्ना बेंद्रे ने दीव के घोघला बीच पर हुए फाइनल में मणिपुर के रोहित मैतेई को हराया**

**दीव, वार्ता।** दादरा और नगर हवेली तथा दमन एवं दीव के स्टार पेंचक सिलाट खिलाड़ी प्रसन्ना बेंद्रे ने खेलो इंडिया बीच गेम्स 2026 में अपने घरेलू मैदान पर टांडिग स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

प्रसन्ना बेंद्रे अपने स्वर्ण पदक बचाने की तैयारी कर रहे थे, तभी वजन वर्गों में हुए अंतिम समय के बदलाव ने उनके सामने बड़ी चुनौती खड़ी कर दी। या तो उन्हें अधिक ऊंचे वजन वर्ग में उतरना था या फिर खेलों से बाहर रहना था। प्रतियोगिता में सिर्फ 20 दिन शेष थे और प्रसन्ना को 40-45 किग्रा से सीधे 50-55 किग्रा वजन वर्ग में जाना पड़ा। इसका मतलब था कि उन्हें खुद से कहीं ज्यादा भारी और ताकतवर खिलाड़ियों के खिलाफ मुकाबला करना था। 23 वर्षीय प्रसन्ना बेंद्रे ने हार मानने के बजाय चुनौती को स्वीकार किया और दीव के घोघला बीच पर हुए फाइनल में मणिपुर के रोहित मैतेई को हराकर लगातार दूसरी बार टांडिग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

मैच के बाद प्रसन्ना ने कहा कि खेलों से पहले मैं श्रीनगर में नेशनल कैंप में था। लौटने के बाद पता चला कि मेरा नियमित वजन वर्ग (40-45 किग्रा) केआईबीजी 2026 में नहीं है और खेल शुरू होने में सिर्फ 20 दिन बचे हैं। मेरे पास विकल्प नहीं था, इसलिए मुझे अगले वजन वर्ग के लिए तैयारी करनी पड़ी। सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि मेरे प्रतिद्वंद्वी उसी वजन के अभ्यस्त थे और स्वाभाविक रूप से ज्यादा मजबूत थे। वजन बढ़ाने के लिए उन्होंने अपने आहार में बदलाव किया।

# स्विट्जरलैंड पहली बार फाइनल में

**● बेलिडा ने बेल्जियम के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए स्विट्जरलैंड को उसके पहले यूनाइटेड कप फाइनल में पहुंचाया**

**सिडनी, वार्ता।** बेलिडा बेंसिक ने शनिवार को सिडनी की चिलचिलाती गर्मी में बेल्जियम के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए स्विट्जरलैंड को उसके पहले यूनाइटेड कप फाइनल में पहुंचाया।

एलिस मर्टेंस के खिलाफ शुरुआती सिगल्स में तीसरे सेट के टाई-ब्रेक में जीतने के बाद, बेंसिक ने जैकब पॉल के साथ मिलकर टूर्नामेंट का अपना तीसरा निर्णायक मिक्स्ड डबल्स मैच जीता, जिसमें उन्होंने मर्टेंस और जजिू बर्ग्स को 6-3, 0-6, 10-5 से हराया। दूसरे सेट में सिर्फ 12 अंक जीतने के बाद उन्होंने वापसी की। 28 साल की बेंसिक, जो 21 महीने की बेटी बेला की मां हैं, ने इस इवेंट में सभी चार सिगल्स और सभी चार मिक्स्ड डबल्स मैच जीते हैं। शनिवार के मिक्स्ड डबल्स के पहले सेट में, बेंसिक ने अपनी सर्विस पर दोनों निर्णायक अंक जीते, जब मर्टेंस रिटर्न को कोर्ट में नहीं डाल पाईं। डबल्स वर्ल्ड नंबर 81 पॉल, जिन्होंने पिछले साल सिर्फ छह टूर-लेवल डबल्स मैच जीते थे, ने मौके का फायदा उठाया, आत्मविश्वास के साथ पोचिग की और महत्वपूर्ण पलों में कई डाउन-द-लाइन विनर्स लगाए।

रविवार को केन रोजवॉल एरिना में होने वाले फाइनल में, स्विस टीम का मुकाबला आज रात के दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा, जो डिफेंडिग चैंपियन यूनाइटेड स्टेट्स और दो बार के फाइनलिस्ट पोलैंड के बीच होगा। आठ जीत के साथ टीम को फाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने के बावजूद, बेंसिक ने अपनी टीम के अन्य सदस्यों, खासकर अपने अनजाने मिक्स्ड पार्टनर पॉल की तारीफ की। बेंसिक ने कहा कि टीम स्पिरिट बहुत अच्छी है और यह कप्तान से शुरू होती है। वह मेरे पूरे मैच में मेरा सपोर्ट कर रहा था और फिर वह अपना मैच खेलने गया और फिर डबल्स में सपोर्ट करने के लिए वापस आ गया। यह उससे शुरू होता है लेकिन फिर हमारे बेंच से मिली एनर्जी से हमें जीतने की ऐसी भावना मिलती है। इससे पहले, बर्ग्स ने सिडनी की 41 डिग्री की भीषण गर्मी में स्टैन वावरिका को 6-3, 6-7(4), 6-3 से हराकर बेल्जियम-स्विट्जरलैंड यूनाइटेड कप सेमीफाइनल को निर्णायक मिक्स्ड डबल्स में पहुंचा दिया। दिन के पहले मैच में, बेंसिक ने यूनाइटेड कप में अपने अजेय सीजन-ओपनिग रन को नाटकीय अंदाज में बरकरार रखा, क्योंकि उन्होंने एलिस को 6-3, 4-6, 7-6(0) से हराकर स्विट्जरलैंड को 1-0 से आगे कर दिया।

# हम ऐसा दिखाते हैं कि जैसे कोई भी विवाद हमें प्रभावित नहीं कर सकता : नजमुल हुसैन शांतो



**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के बल्लेबाज नजमुल हुसैन शांतो ने कहा है कि अक्सर बड़े टूर्नामेंटों से पहले और उसके दौरान होने वाले विवादों से निपटने के लिए उनके खिलाड़ियों को एक तरह का ऐक्ट करना पड़ता है, जैसे कि सबकुछ सामान्य है। जब शांतो से भारत और श्रीलंका में फरवरी-मार्च में होने वाले टी-20 विश्व कप में बांग्लादेश की भागीदारी को लेकर चल रहे विवाद पर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि हम किसी भी विश्व कप में अच्छा नतीजा नहीं ला पाए हैं।

पिछली बार (टी-20 विश्व कप 2024 में) हमारे पास अच्छा मौका था, लेकिन हम नहीं भुना पाए। लेकिन आप देखेंगे कि हर विश्व कप से पहले कोई न कोई घटना जरूर होती है। उन्होंने कहा कि एक खिलाड़ी के तौर पर इसका असर हम पर पड़ता है। लेकिन हम ऐसे दिखाते हैं कि जैसे हमें ए सब चीजें प्रभावित नहीं कर रहीं, क्योंकि हम प्रोफेशनल क्रिकेटर हैं। आप भी जानते हैं कि इसका असर होता है। यह आसान नहीं है। बेहतर होता कि ऐसी चीजें न हों। मुझे लगता है कि खिलाड़ी फिर भी कोशिश करते हैं कि सब चीजें एक तरफ रखकर अच्छा प्रदर्शन करें।

# सबालेंका लगातार तीसरे साल फाइनल में

**● मुचोवा को हराने के बाद आज ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के फाइनल में अपना टाइटल बचाने के लिए खेलेगी आर्याना सबालेंका**



**ब्रिस्बेन, वार्ता।** दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका शनिवार को सेमीफाइनल में कैरोलिना मुचोवा को हराने के बाद रविवार को ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के फाइनल में अपना टाइटल बचाने के लिए खेलेंगी।

सबालेंका ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के वार्म-अप इवेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दुनिया की 20वें नंबर की खिलाड़ी को एक घंटे 29 मिनट में 6-3, 6-4 से हराकर लगातार तीसरे साल बिना कोई सेट गंवाए ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के फाइनल में जगह बनाई। शनिवार की इस जीत ने सबालेंका का 2023 की शुरुआत से ऑस्ट्रेलिया में खेले गए सभी सात टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने का रिकॉर्ड बनाए रखा है और इस दौरान देश में उनके रिकॉर्ड में 37 जीत और दो हार का सुधार हुआ है। सबालेंका, जो चार साल बाद जनवरी में तीसरा ऑस्ट्रेलियन ओपन टाइटल जीतने का लक्ष्य बना रही हैं, ने शनिवार को ब्रिस्बेन में अब तक का अपना सबसे अच्छा टेनिस खेला, जिसमें उन्होंने 32 विनर लगाए और अपनी पहली सर्व पर 88 प्रतिशत पॉइंट जीते।

मैच के बाद कोर्ट पर सबालेंका ने कहा कि मैंने सच में बहुत मेहनत की है और उसके खिलाफ हर मैच जीतने का एक और मौका है, और मैं बहुत खुश हूं कि आज वो दिन था जब मैं जीत पाई। सबालेंका रविवार के फाइनल में मार्टा क्वोयुक से खेलेंगी। यूक्रेन की दुनिया की 26वें नंबर की खिलाड़ी क्वोयुक ने सेमीफाइनल में छठी रैंक वाली जेसिका पेगुला को 55 मिनट में 6-0, 6-3 से हराया। यह गुरुवार और शुक्रवार को क्रमशः राउंड ऑफ 16 और क्वार्टर फाइनल में दुनिया की नंबर तीन अमांडा एनिसिमोवा और नंबर नौ मीरा एंड्रीवा पर क्वोयुक की सीधे सेटों में जीत के बाद हुआ है। क्वोयुक ने पेगुला के खिलाफ पहले 19 में से 17 अंक जीते, जिसमें लगातार 13 अंकों की एक स्ट्रीक भी शामिल थी, जिससे वह 10 मिनट में 4-0 की बढ़त बनाने में कामयाब रहीं। पेगुला को अगले गेम में मैच का पहला ब्रेक पॉइंट मिला, लेकिन क्वोयुक ने नेट पर बैकहैंड ड्रॉप शॉट से इसे बचा लिया। क्वोयुक दूसरे सेट में फिर से 3-0 से आगे हो गईं, इससे पहले कि पेगुला पहली बार अपनी सर्विस बचा पाईं, हालांकि अमेरिकी खिलाड़ी मैच में वापस आने के लिए सर्विस ब्रेक नहीं कर पाईं क्योंकि क्वोयुक ने अपने चौथे ऐस के साथ अपना पहला मैच पॉइंट जीता।

# मलेशिया ओपन में सिंधु सेमीफानइल में हारी

**● हार के साथ सीजन के पहले बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट में भारत का अभियान खत्म हुआ**



**मलेशिया, वार्ता।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु को शनिवार को मलेशिया ओपन 2026 बैडमिटन टूर्नामेंट में महिला एकल के सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा।

इसी के साथ सीजन के पहले बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट में भारत का अभियान खत्म हो गया। यहां स्टेडियम एक्सियाटा एरिना में खेले गए सेमीफाइनल में विश्व बैडमिटन रैंकिंग में नंबर 18 पर मौजूद पीवी सिंधु महिला एकल में दूसरे नंबर पर मौजूद चीन की वांग झेई से 21-16, 21-15 से हार गईं। पहला गेम में दोनों खिलाड़ियों ने शुरुआती पलों में एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी। लेकिन पीवी सिंधु की बिना वजह की गलतियों ने वांग झेई को 14-14 से आगे बढ़कर 18-14 की बढ़त बनाने का मौका दिया और फिर उन्होंने जीत के साथ गेम खत्म कर दिया। दूसरे गेम की शुरुआत में वांग झेई ने थोड़ी बढ़त बनाई, लेकिन भारतीय बैडमिटन खिलाड़ी ने वापसी करते हुए मिड-गेम ब्रेक में 11-6 की बढ़त ले ली। ब्रेक के बाद वांग झेई ने फिर से वापसी की, क्योंकि सिंधु की कई बिना वजह की गलतियों ने चीनी शटलर को मैच में पकड़ बनाने का मौका दिया और उन्होंने सीधे गेम में मैच खत्म कर दिया। यह वांग झेई के खिलाफ छह मैचों में पीवी सिंधु की तीसरी हार है। सिंधु की हार के साथ ही बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट में भारत का अभियान खत्म हो गया। पीवी सिंधु, बाकी भारतीय दल के साथ मंगलवार को इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होने वाले इंडियन ओपन 2026 में एक्शन में दिखेंगी।

# मेदवेदेव ब्रिस्बेन खिताब से दो कदम दूर

**● मेदवेदेव, जो 2019 ब्रिस्बेन में अपनी एकमात्र पिछली उपस्थिति में चैम्पियनशिप मैच में पहुंचे थे**



**ब्रिस्बेन, वार्ता।** दानिल मेदवेदेव शुक्रवार को धीमी शुरुआत से उबरने के बाद ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में अपने खिताब की दौड़ में बने रहे। टॉप सीड खिलाड़ी को शुरू में पहले सेट में लकी लूजर कामिल माजच्रजाक ने पछाड़ दिया था, लेकिन उन्होंने 6-7(4), 6-3, 6-2 से जीत हासिल करने और सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की करने के लिए अधिक आक्रामक तरीका अपनाया।

मेदवेदेव, जो 2019 में ब्रिस्बेन में अपनी एकमात्र पिछली उपस्थिति में चैम्पियनशिप मैच में पहुंचे थे, 2025 के शानदार अंत के बाद इस सप्ताह अपनी 22वीं टूर-लेवल ट्रॉफी का पीछा कर रहे हैं।

एटीपी रैंकिंग में पूर्व नंबर 1 खिलाड़ी मेदवेदेव ने कहा कि मुझे लगता है कि यह एक उच्च गुणवत्ता वाला मैच था। मैं ईमानदारी से कहूंगा कि शॉट बनाने के मामले में यह टॉप 10 मैच था।मैं खुद से खुश हूं, मैं शांत रहने और मैच जीतने के लिए कुछ बेहतरीन शॉट लगाने में कामयाब रहा। हार्ड कोर्ट पर अपने 52वें टूर-लेवल सेमीफाइनल में पहुंचकर, मेदवेदेव ने सक्रिय खिलाड़ियों में दूसरे सबसे अधिक सेमीफाइनल के लिए गाएल मोंफिल्स के साथ अपनी बराबरी तोड़ दी, जो केवल नोवाक जोकोविच (127) से पीछे हैं।

माजच्रजाक के खिलाफ, मेदवेदेव ने निर्णायक सेट में सर्व पर सिर्फ पांच अंक गंवाए। मेदवेदेव अब एलेक्स मिशेलसेन से खेलेंगे, जिन्होंने हमवतन सेबेस्टियन कोर्डा को 6-3, 7-6(7) से हराकर हार्ड कोर्ट पर अपनी 50वीं टूर-लेवल जीत हासिल की। मिशेलसेन सर्व के पीछे बहुत मजबूत थे, उन्होंने जिस एकमात्र ब्रेक प्वाइंट का सामना किया, उसे बचाया, लेकिन एक घंटे, 39 मिनट के उनके मुकाबले के दौरान कोर्डा की 37 अनफोर्स्ड गलतियों से उन्हें काफी मदद मिली।

# भारतीय अंडर-19 टीम ने बनाए 374/8




**● वैभव, विहान, ऐरन और कुंडु की अर्द्धशतकीय पारियों की बदौलत टीम ने अभ्यास मुकाबले में विशाल स्कोर बनाया**

**बुलावाया, वार्ता।** वैभव सूर्यवंशी (96), विहान मल्होत्रा (77), ऐरन जॉर्ज (61) और अभिज्ञान कुंडु (55) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत भारतीय टीम ने शनिवार को अंडर-19 विश्वकप अभ्यास मुकाबले में स्कॉटलैंड के खिलाफ आठ विकेट पर 374 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।

यहां टॉस जीतकर स्कॉटलैंड ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारत की अंडर-19 के लिए आयुष म्हात्रे और वैभव सूर्यवंशी की जोड़ी ने आतिशी बल्लेबाजी का प्रदर्शन करे हुए पहले विकेट के लिए 70 रन जोड़े। सातवें ओवर में ओली जोन्स ने आयुष म्हात्रे 19 गेंदों में 22 रन को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। भारत का दूसरा विकेट 17वें ओवर में वैभव सूर्यवंशी के रूप में गिरा, जब वह शतक से महज चार रन पीछे थे। उन्हें मनु सारस्वत ने आउट किया। वैभव सूर्यवंशी ने 50 गेंदों में नौ चौके और सात छक्के लगाते हुए 96 रनों की पारी खेली। 17वें ओवर में जॉर्ज कटलर ने ऐरन जॉर्ज 58 गेंदों में (61) को अपना शिकार बना लिया। इसके बाद विहान मल्होत्रा और अभिज्ञान कुंडु ने 95 रन जोड़े। ओली जोन्स ने विहान मल्होत्रा को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। विहान मल्होत्रा ने 81 गेंदों में छह चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 77 रन बनाए। अभिज्ञान कुंडु 48 गेंदों में 55 और कनिष्क चौहान तीन रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद ओली जोन्स ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए भारतीय रनों पर रोक लगाई और उनके विकेट भी झटके।

### कर्नाटक चैंपियन, तमिलनाडु दूसरे और मणिपुर तीसरे स्थान पर

**दीव, वार्ता।** कर्नाटक की अश्मिता चंद्रा और ध्रुपद रामकृष्ण ने शनिवार को यहां घोघला बीच पर आयोजित खेलो इंडिया बीच गेम्स 2026 में क्रमशः महिलाओं और पुरुषों की पांच किमी ओपन वॉटर स्विमिग स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतकर राज्य को पदक तालिका में शीर्ष पर पहुंचा दिया। खेलो इंडिया बीच गेम्स 2026 का आयोजन दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव के केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन द्वारा किया गया, जबकि प्रतियोगिताएं भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और राष्ट्रीय खेल महासंघों की तकनीकी देखरेख में संपन्न हुईं। खेलो इंडिया बीच गेम्स के दूसरे संस्करण में 1,100 से अधिक खिलाड़ियों ने आठ खेलों वॉलीबॉल, सॉकर, सेपक टकरॉ, कबड्डी, पेंकाक सिलाट, ओपन वॉटर स्विमिग, मल्लखंब और रस्साकशी में भाग लिया।

### अंकिता हत्याकांड: केवल सीबीआई जांच से संतुष्ट नहीं उत्तराखंड आंदोलनकारी

# संगठन मिलकर करेंगे बड़े आंदोलन : काला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तराखंड आंदोलन एवं पर्वतीय मूल के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने कहा कि उत्तराखंड आंदोलन की तर्ज पर अंकिता हत्याकांड मामले में न्याय की अंतिम छोर तक लड़ाई लड़ी जाएगी। उक्त बात विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने मांग की कि सुप्रीम कोर्ट या हाईकोर्ट के जज की अध्यक्षता में ही सीबीआई जांच होनी चाहिए।वहीं इस मामले में 11 जनवरी को उत्तराखंड बंद और आज 10 जनवरी को मशाल जुलूस निकालने की बात भी संगठन पदाधिकारियों ने कही।

रुड़की टाकीज चौक स्थित एक होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में अशोक नगर क्षेत्रीय विकास समिति,चिह्नित आंदोलनकारी संघर्ष समिति,उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी समिति,युवा मंच,उत्तराखंड एकता मंच एवं गढ़वाल सभा के पदाधिकारियों ने पत्रकार वार्ता कर कहा कि अंकिता भंडारी मामले में आज तक कई राज ऐसे हैं जिनसे पर्दा उठना बाकी है। कहा कि अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया कि वीआईपी कौन हैं और कितने हैं, भाजपा के पूर्व विधायक और उनकी पत्नी के द्वारा जो उजागर किया गया वह सच पूरा सामने आना चाहिए। रिसॉर्ट पर बुलडोजर किसने और किसके आदेश पर चलाया इसकी जांच होनी चाहिए। कहा कि केवल सीबीआई जांच से कुछ स्पष्ट नहीं होने वाला है,यह जांच अगर करवानी थी तो ढाई साल पहले सरकार करवाती। कहा कि अगर अब सीबीआई जांच हो रही है तो सुप्रीम कोर्ट या हाईकोर्ट के जज की अध्यक्षता में सीबीआई जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मामले में सरकार केवल खानापूर्ति कर रही है। लेकिन अब इस मामले में बिलंब हुआ तो और सच्चाई सामने नहीं आई तो उत्तराखंड आंदोलन के तर्ज पर आंदोलन होगा। इसी कड़ी में आज शाम को मशाल जुलूस और 11 जनवरी को उत्तराखंड बंद किया जाएगा। दावा किया कि उत्तराखंड बंद में व्यापार मंडल का समर्थन मिल रहा है।पत्रकार वार्ता में हर्ष प्रकाश काला,कमला बमौला,राजेंद्र रावत,पूर्ण सिंह विष्ट,राकेश चौहान,एसएस बिष्ट,हेमंत बढ़थवाल,प्रवेश कुमार जोशी,अनिल उप्रेती,प्रेम सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।



## 5 लीटर अवैध शराब सहित एक नशा तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर पुलिस के द्वारा मुखबिर की सूचना पर एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 5 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई है। पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के लिए पुलिस को निर्देशित किया गया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा 9 जनवरी 2026 को मुखबीर की सूचना पर एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया गया उसके कब्जे से 5 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई पूछताछ करने पर उसने अपना नाम नौशाद पुत्र दिलशाद निवासी जिया पोता लक्सर रोड थाना कनखल हरिद्वार बताया। उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में कांस्टेबल अमित रावत रघुनाथ पंचपाल शामिल रहे। पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## 12 जनवरी को नारसन में लगेगा बहुउददेशीय शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नारसन।** 12 जनवरी 2026 को जनपद प्रभारी मंत्री सतपाल महाराज की अध्यक्षता में विकास खण्ड नारसन की न्याय पंचायत ढढ़ेरा के ग्राम पंचायत नगला इमरती गौतम फार्म हाउस में जन जन की सरकार जन जन के द्बार कार्यक्रम के तहत बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार जनपद में जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वारू अभियान के अंतर्गत विभिन्न न्याय पंचायतों में कैम्प लगाये जाने के जारी रोस्टर के अनुसार दिनांक 12 जनवरी, 2026 को आयोजित जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वारू के कार्यक्रम मा0 प्रभारी मंत्री जनपद हरिद्वार सतपाल महाराज, की अध्यक्षता में ू विकास खण्ड नारसन के तहसील रुड़की के अंतर्गत न्याय पंचायत ढंढेरा के ग्राम पंचायत नगला इमरती(गौतम फार्म हाउस) में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया जाएगा। आयोजित बहुउद्देशीय शिविर में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को स्वयं उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं सम्बन्धित ब्लाक एवं तहसील स्तर के अधिकारियों को अपने -अपने क्षेत्रों में व्यापक प्रचार प्रचार के निर्देश दिए गए हैं जिससे कि अधिक से अधिक ग्रामीण बहुउद्देशीय शिविर में पहुंच कर इसका लाभ लें सकें।

### इंस्टाग्राम की रंजिश ने ले लिया खूनी मोड़

## रुड़की में दो पक्षों फायरिंग, पेट्रोल पंप बना रणक्षेत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सोशल मीडिया पर शुरू हुई मामूली कहासुनी शुक्रवार शाम उस वक्त सनसनीखेज वारदात में बदल गई, जब इंस्टाग्राम पर पनपी दुश्मनी ने सड़कों पर हिंसक रूप ले लिया। मंगलौर और रुड़की के युवकों के बीच चला आ रहा विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट के बाद खुलेआम फायरिंग कर दी गई। जान बचाने के लिए भाग रहा एक युवक पेट्रोल पंप के केबिन में जा छुपा, लेकिन बेखौफ हमलावरों ने वहां भी पीछा कर केबिन के भीतर ही गोली चला दी, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। सोशल मीडिया से सड़क तक पहुंची दुश्मनी

जानकारी के अनुसार, रुड़की कोतवाली क्षेत्र के गोल भट्टा निवासी एक युवक का मंगलौर निवासी युवक से इंस्टाग्राम पर विवाद हुआ था। दोनों के बीच गाली-गलौज और धमकियों का दौर चला, जिसके बाद सोशल मीडिया के जरिए ही आमने-सामने देखने की चुनौती दी गई। मोहम्मदपुर में घेरकर बेरहमी से की पिटाई-शुक्रवार शाम मंगलौर का युवक अपने साथियों के साथ मोहम्मदपुर गांव पहुंचा, जहां पहले से मौजूद गोल भट्टा और पीरपुरा के युवकों ने उन्हें घेर लिया। आरोप है कि युवकों को सड़क पर गिराकर लात-घूंसों से बेरहमी से पीटा गया। पेट्रोल पंप के केबिन में घुसकर की फायरिंग-हमलावरों से जान बचाकर भाग रहा एक युवक गांव के बाहर स्थित पेट्रोल पंप के केबिन में जा छुपा, लेकिन तमंचा लहराते हुए हमलावर वहां भी पहुंच गए और युवक को निशाना बनाकर गोली चला दी। अचानक हुई फायरिंग से पेट्रोल पंप पर मौजूद सेल्समैन और कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। वारदात के बाद आरोपी फरार, पुलिस जांच में जुटी-घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। पेट्रोल पंप स्वामी की ओर से अज्ञात हमलावरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी गई है।

जनप्रतिनिधियों ने जताया रोष-घटना पर रोष व्यक्त करते हुए स्थानीय पार्षद सचिन चौधरी ने कहा कि कुछ अराजक तत्व क्षेत्र का माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से ऐसे युवकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। सीसीटीवी से आरोपियों की तलाश-रुड़की कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार उपाध्याय ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

## सड़क दुर्घटना मामले में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** न्यायालय के आदेश पर थाना झबरेड़ा में पूरे 6 महीने बाद सड़क दुर्घटना मामले का एक मुकदमा दर्ज किया गया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम दुगचाड़ा थाना देवबंद जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश निवासी सुरेश कुमार द्वारा थाने में तहजीर देकर बताया कि उसका भतीजा आनंद 10 जून 2025 को बाइक से भगवानपुर जा रहा था। ग्राम कोटवाल आलमपुर के पास सामने से तेज गति से आ रहे बाइक सवार जिसका बाईक नंबर यू पी 12ए जैड 6732 द्वारा भतीजे की बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से भतीजा बाइक सहित सड़क पर गिर गया तथा गंभीर रूप से घायल हो गयाथा। घायल होने से एक टांग टूट गई। घायल को रुड़की डॉक्टर के यहां ले जाया गया जहां से डॉक्टरों द्वारा उसे गंभीर देखते हुए ऋषिकेश एम्स में रेफर कर दिया गया था ।उक्त द्वारा थाने में भी तहरीर दी गई थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने पर न्यायालय रुड़की में वाद दायर करना पड़ा। थानाध्यक्ष अजय शाह का कहना है कि न्यायालय के आदेश पर मिली तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## युवक चार दिन से लापता पुलिस से ढूंढने की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** झबरेड़ा थाना क्षेत्र के गांव में स्थित गन्ना कोलहू में काम करने वाले एक व्यक्ति का 16 वर्षीय पुत्र चार दिन पूर्व गायब हो गया। व्यक्ति द्वारा थाने में अपने पुत्र की गुमशुदगी दर्ज कराते हुए पुलिस से पुत्र को ढूंढने की गुहार लगाई है।

जानकारी के अनुसार ग्राम तिगरी थाना देवबंद जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश निवासी प्रमोद कुमार द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि वह तीन माह से ग्राम भक्तों वाली में स्थित गन्ना कोलहू संचालक इरशाद ठेकेदार की चरखी मैं परिवार सहित काम करता है। चार दिन पूर्व उसका 16 वर्षीय पुत्र अंकुश बिना बताए कहीं चला गया। रिश्तेदारी व जान पहचान में पता करने पर भी कोई पता नहीं चल पाया है। थानाध्यक्ष अजय शाह का कहना है कि तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। गुमशुदा की तलाश करने के लिए पुलिस टीम गठित कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## कलियर में पुलिया के पास धंसी सड़क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कलियर।** रुड़की मार्ग से हज हाउस की ओर जाने वाली सड़क पर स्थित एक पुलिया के पास सड़क का एक किनारा टूटकर धंस गया है। इसके कारण वहां गहरा गड्ढा बन गया है जो किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकता है। इसी मार्ग से स्थानीय लोगों के साथ-साथ बड़ी संख्या में जायरीन दरगाह साबिर पाक और हज हाउस की ओर आवाजाही करते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिया के पास सड़क का किनारा टूटने से बना यह गड्ढा रात के समय बेहद खतरनाक साबित हो रहा है। अंधेरे में गड्ढा दिखाई न देने के कारण वाहन चालकों और राहगीरों के इसमें गिरने की आशंका बनी रहती है। इसके बावजूद संबंधित विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

## चार युवकों ने युवक को मारपीट कर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** झबरेड़ा कस्बा निवासी एक युवक को शुक्रवार देर शाम किन्हीं 4 अज्ञात युवको द्वारा मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को रुड़की हॉस्पिटल में इलाज हेतु भर्ती कराया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बा निवासी एक युवक शुक्रवार देर शाम अपनी सब्जी की दुकान से अपने घर जा रहा था। रास्ते में दो बाइक पर सवार चार युवको द्वारा उक्त का रास्ता रोक लिया तथा उक्त के साथ जमकर मारपीट की गई ।झगड़ा होने का शोर सुनकर मोहल्ले वासी वहां आ गए। लोगों को आते देख मारपीट करने वाले युवक अपनी बाइक उठाकर बाद में देख लेने की धमकी देते हुए भाग गए। थाना ध्यक्ष अजय शाह का कहना है कि उक्त घटना उनके संज्ञान में है तहरीर आने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## एक साल से लापता युवक का नहीं लगा सुराग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर/खानपुर।** खानपुर थाना क्षेत्र से एक साल गुमशुदा युवक का अभी तक सुराग नहीं लग पाया है। जो गिददावाली क्षेत्र से रायसी जाते समय कहीं गुम हो गया था। पुलिस के लगातार तलाश के बावजूद अभी तक उक्त युवक का कोई सुराग नहीं लग पाया है।



खानपुर थाना क्षेक्ष के गिददावाला निवासी हरीश शर्मा जिसकी उम्र करीब 18 साल कद 5 फुट 2 इंच रंग: गेहुंआ, दाहिने हाथ पर पुराना निशान, मानसिक रूप से कमजोर, जैकेट शर्ट और नीले रंग का लोवर पहना हुआ था। जो 03 फरवरी 2025 को सुबह घर से निकला था और आज तक वापिस नहीं लौटा। खानपुर पुलिस हरीश की लगातार तलाश कर रही है लेकिन एक साल बीतने के बाद भी उसका पता नहीं चल पाया है। वरिष्ठ उप निरीक्षक मंसूर अली ने बताया कि लापता युवक को गुमशुदगी दर्ज होने के बाद से ही लगातार तलाश किया जा रहा है। अग किसी को कोई सूचना हो या कहीं दिखाई दें, तो वह खानपुर थानाध्यक्ष के मोबाइल नंबर पर इत्तला दें।

### लक्सर विधायक के कार्यालय पर धूमधाम से मनाया बसपा सुप्रीमो का जन्मदिन

## बहन मायावती ने जिंदगीभर न्याय के लिए किया संघर्ष : शहजाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** बसपा कार्यालय पर लक्सर विधायक मोहम्मद शहजाद के नेतृत्व में बसपा सुप्रीमो बहन कुमारी मायावती का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया गया ।

लक्सर विधायक मोहम्मद शहजाद ने कहा कि जिस तरह से बहन कुमारी मायावती ने जमीन से उठाकर हजारों को भारत में नेता बनाने का काम किया है और उनके हक के बारे में बताया है यह बहुत ही सराहनीय पहला थी इसके लिए हम बहन कुमारी का धन्यवाद करते हैं उन्होंने कहा बहन जी का जन्मदिन संघर्ष सम्मान और सामाजिक न्याय का प्रतीक है इसीलिए सभी बसपा कार्यकर्ताओं से आह्वान है कि वह बहन जी के संघर्ष विचारधारा सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाएं उन्होंने कहा बसपा की विचारधारा ऐसी है कि सभी को उससे लाभ मिलता है उन्होंने यह भी कहा कि जो भी कार्य करता है वह बसपा सुप्रीमो बहन कुमारी मायावती के द्वारा किए गए प्रयासों का सभी को घर-घर जाकर बताएं जन्मदिन के मौके पर वहां सैकड़ो बसपा के मुख्य कार्यकर्ता मौजूद रहे



### जल्द गोदाम में पहुंचेगी डीएपी

**रुड़की।** समिति के गोदामों में डीएपी खाद समाप्त होने वाली है। वसंतकालीन गन्ने की बुआई के मद्देनजर समिति प्रबंधन की ओर से डीएपी के लिए डिमांड भेजने की तैयारी की जा रही है। हालांकि यूरिया और एनपीके गोदामों में उपलब्ध है। अक्तूबर और नवंबर माह में डिमांड अधिक रहने पर समितियों में डीएपी की किल्लत बनी हुई थी। डीएपी नहीं मिलने से किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस बीच दिसंबर माह के पहले सप्ताह में 3720 मीट्रिक टन डीएपी की रैक उत्तराखंड पहुंची थी।

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पूर्व में नाम खुशबू था जिसे बदलकर मैंने अब खुशबू साबरी कर लिया है। भविष्य में मुझे अब खुशबू साबरी (Khushboo sabri) के नाम से ही जाना पहचाना, पढ़ा लिखा, व दर्ज किया जाए। **श्रीमती खुशबू साबरी**(Khushboo sabri) **पत्नी शाह सुहेल नि. पिरान कलियर तह. रूडकी, हरिद्वार।**

## कांग्रेस लड़ रही अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने की लड़ाई : राजेंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** महानगर कांग्रेस, रुड़की जिलाध्यक्ष राजेंद्र चौधरी एडवोकेट ने कहा कि उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी को इंसाफ दिलाने की लड़ाई कांग्रेस ने शुरू की थी। इसलिए कांग्रेस इस लड़ाई को आखिर तक लड़ेगी। रविवार को होने वाले उत्तराखंड बंद को कांग्रेस का पूरा समर्थन रहेगा। इसके लिए उन्होंने सामाजिक, व्यापारिक संगठनों तथा नागरिकों से भी बंद में समर्थन का आह्वान किया है। सिविल लाइंस स्थित अपने कैम्प कार्यालय पर पत्रकारों से वार्ता में महानगर, रुड़की जिलाध्यक्ष राजेंद्र चौधरी एडवोकेट ने कहा कि उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी मामले में भाजपा



और पुष्कर सिंह धामी सरकार शुरू से ही लीपापोती करती रही है। सरकार ने शुरू से ही वीआईपी को बचाने का प्रयास किया है। कभी वीआईपी का नाम ही नहीं आया है। भाजपा का इतिहास बलात्कारियों के साथ खड़ा रहने का रहा है। पूर्व विधायक सुरेश राठौर और उर्मिला सनोवर का वीडियो सामने आने के बाद फिर से इस मामले ने तूल पकड़ा, जबकि कांग्रेस शुरू से ही उत्तराखंड की बेटी को इंसाफ दिलाने के लिए उनके परिजनों के साथ खड़ी रही है। कांग्रेस लगातार इस मामले में धरने-प्रदर्शनों को लेकर सड़क पर है। जिसके बाद सरकार ने अपनी साख बचाने के लिए अब सीबीआई जांच की संस्तुति तो कर दी है, लेकिन कांग्रेस ओर पीड़ित परिवार सिटिंग जज की निगरानी में जांच चाहती है। राजेंद्र चौधरी ने कहा कि यह उत्तराखंड और उत्तराखंड की बेटियों के सम्मान का मामला है। इसलिए जांच सिमित अवधि में पूरी की जाए। दोनों वीआईपी को भी पूछताछ के लिए नोटिस जारी किया जाए और दोनों को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ की जाए।

## पूर्व हज कमेटी चेयरमैन के बेटे ने भूमाफियाओं पर लगाया अवैध कब्जे का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कलियर।** पूर्व हज कमेटी चेयरमैन व पूर्व राज्यमंत्री राव शेर मोहम्मद के बेटे ने भूमाफियाओं पर उनकी भूमि पर अवैध कब्जा करने का गंभीर आरोप अपने आवास पर एक प्रेसवार्ता की है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि यह मामला वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन है, इसके बावजूद भूमाफिया खुलेआम दबंगई दिखाते हुए जमीन पर कब्जा कर रहे हैं, जो कानून और न्याय व्यवस्था के लिए खुली चुनौती है।

**❖मामला कोर्ट में विचाराधीन फिर भी जबरन करना चाहते हैं कब्जा : राव शाहनवाज**

पूर्व हज कमेटी चेयरमैन राव शेर मोहम्मद के बेटे राव शाहनवाज ने प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि संबंधित भूमि उनके परिवार के नाम दर्ज है और उसके सभी वैध दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत किए जा चुके हैं। इसके बावजूद भूमाफियाओं ने फर्जी कागजात के सहारे जमीन पर कब्जा कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। जब इसका विरोध किया गया तो धमकियां देने का भी आरोप लगाया गया है। राव ने कहा कि जब कोई मामला कोर्ट में लंबित हो और उसके बावजूद कोई पक्ष जबरन कब्जा करता है, तो यह सीधे तौर पर कानून का उल्लंघन है। उन्होंने बताया कि न्यायालय के समक्ष सभी तथ्यों



और साक्ष्यों को रखा गया है और भूमाफियाओं की दबंगई को लेकर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को सख्त कार्रवाई की मांग की गई हैं। राव शाहनवाज ने कहा कि उन्होंने ये जमीन उन्होंने 2006 में खरीदी थे, लेकिन कुछ भूमियाओं द्वारा फर्जी कागजात तैयार कर जमीन हड़पने की नियत से निर्माण कार्य कर रहे थे, जब सूचना उनके परिवार के लोगों को मिली तो उनको देखकर भूमाफिया मौके से रफूचक्कर हो गए हैं। वही उन्होंने शासन प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है।

## खानपुर में राज्यसभा खेल महाकुंभ का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** खानपुर क्षेत्र के राजेश पायलट मिनी स्टेडियम में 3 दिन के लिए खेल महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है खेल महाकुंभ के प्रभारी डी ओ पीआरडी मुकेश भट्ट ने बताया कि हमारे यहां 11 अलग-अलग तरह के खेल का महाकुंभ किया जा रहा है उन्होंने कहा जो भी फर्स्ट सेकंड थर्ड बच्चा आएगा उनके खातों में फर्स्ट वाले को ¥800 सेकंड वाले को ¥600 और थर्ड वालों के ¥400 खाते में जाएंगे उन्होंने कहा इस तरह के खेल से बच्चों को हौसला मिलता है और उनमें कुछ कर गुजरने की क्षमता पैदा होती है उन्होंने यह भी कहा कि जो बच्चे यहां से फर्स्ट सेकंड थर्ड आए हैं वह मुख्यमंत्री चौंपियन ट्रॉफी में आगे खेलकर अपना जौहर दिखाएंगे मांगेराम मोरया ब्लॉक खेल समन्वय माध्यमिक ने कहा कि हमारे यहां जो खेल हो रहे थे पहले ग्राम पंचायत अब पूरे जिले के स्कूलो के बच्चे इस खेल महाकुंभ में भाग ले रहे हैं उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से जो भी फर्स्ट सेकंड थर्ड बच्चों को धनराशि से सम्मानित किया जाएगा वह उसी बच्चे के खाते में जाएगी 800 मीटर एथलेटिक्स मैं प्रथम स्थान पाने वाली अलीशा ने कहा कि मुझे आज गर्व हो रहा है मैं अपने स्कूल व अपने माता-पिता को धन्यवाद देती हूं उन्होंने कहा मैं



आगे भी खेल कर अपने माता-पिता वह गांव प्रदेश का नाम ऊंचा करने की कोशिश करूंगी ईशा रहीमपुर ने कहा कि मैं आज एटलिस्ट 800 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान पर आई हूं जिसका श्रेय मेरे स्कूल टीचर्स मेरे माता-पिता को जाता है मैं आगे और भी मेहनत करूंगी जिससे अपने परिवार गांव व प्रदेश का नाम रोशन हो सके



अनंतनाग। जम्मू-कश्मीर के दौरान घाटी में भारी ठंड और बर्फ की चादर की चादर के बीच एक इमारत से लटकती बर्फ की डंडियों के पास से गुजरता एक व्यक्ति।

## तुर्की में तूफान संबंधी घटनाओं के कारण पांच लोगों की मौत

**इस्तांबुल।** तुर्की में पिछले दो दिनों के दौरान आए तूफान और तेज हवाओं के कारण कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई है। तुर्की के प्रसारक एनटीवी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मौसम विज्ञान विभाग ने तूफान, भारी बारिश और हिमस्खलन के खतरे को देखते हुए देश के 81 में से 63 प्रांतों के लिए गुरुवार को एलो अलर्ट जारी किया था। कई शहरों में शुक्रवार को भी तूफान का कहर जारी रहा। रिपोर्ट के अनुसार इन लोगों की मौत की मुख्य वजह छतों का गिरना रही है। मौसम वैज्ञानिकों ने शनिवार के लिए भी देश के आधे से अधिक प्रांतों में फिर से एलो अलर्ट जारी किया है।

## तारिक रहमान बीएनपी के अध्यक्ष नियुक्त किए गए

**ढाका।** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की स्थाई समिति ने तारिक रहमान को पार्टी का नया अध्यक्ष नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है। यह निर्णय शुक्रवार रात पार्टी के गुलशन कार्यालय में हुई एक बैठक में लिया गया। बैठक के बाद पार्टी महासचिव जनरल मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने मीडिया कर्मियों से बातचीत में इसकी पुष्टि की। पूर्व प्रधानमंत्री एवं पार्टी अध्यक्ष बेगम खालिदा जिया के निधन के बाद अध्यक्ष पद खाली हो गया था। पार्टी के संविधान के अनुसार, खाली पद को भरने के लिए राष्ट्रीय स्थाई समिति की एक बैठक बुलाई गई थी। समिति ने बैठक में सर्वसम्मति से तारिक रहमान को औपचारिक रूप से पार्टी अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपने का फैसला किया।

# वेनेजुएला का तेल भारत को देगा अमेरिका

### रिपोर्टः ट्रम्प दुनिया की बड़ी ऑयल कंपनियों के अफसरों से मिले, तेल खरीद सकती है रिलायंस भी

**वाशिंगटन।** अमेरिका, भारत को वेनेजुएला से तेल खरीदने की इजाजत दे सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रम्प प्रशासन के एक सीनियर अधिकारी ने इसकी जानकारी दी है। अधिकारी के मुताबिक यह सब अमेरिका की निगरानी और शर्तों के साथ होगा।

हालांकि इससे जुड़ी शर्तें क्या हैं, इसकी जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। इसका मतलब यह है कि अमेरिका के प्रतिबंधों की वजह से जो व्यापार रुका हुआ था, वह अब फिर से शुरू हो सकता है। वहीं, रायटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, रिलायंस भी चाहती है कि अमेरिका उसे वेनेजुएला का तेल खरीदने की इजाजत दे दे। दूसरी ओर ट्रम्प ने व्हाइट में दुनिया की बड़ी तेल कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की। यहां उन्होंने वेनेजुएला के तेल क्षेत्र में करीब 9 लाख करोड़ रुपए के निवेश की बात कही। वेनेजुएला पेट्रोलियम एक्सपोर्टिंग कंट्रीज (ओपीईसी) का सदस्य है। उसके पास दुनिया का सबसे बड़ा तेल भंडार है,




■ वेनेजुएला पेट्रोलियम एक्सपोर्टिंग कंट्रीज (ओपीईसी) का सदस्य है

लेकिन वह वैश्विक सप्लाई का सिर्फ करीब 1 प्रतिशत ही देता है। अमेरिका ने 2019 में वेनेजुएला पर बहुत कड़े आर्थिक प्रतिबंध (सेंक्शंस) लगा दिए थे, अमेरिका ने सेकेंडरी सेंक्शंस भी लगा दिए, यानी जो भी देश या कंपनी वेनेजुएला से तेल खरीदती है, उसे अमेरिकी बाजार में व्यापार करने या बैंकिंग सुविधाओं से रोक दिया जा सकता था। इस वजह से कई देशों ने वेनेजुएला का तेल खरीदना बंद कर दिया। भारत भी वेनेजुएला से बहुत ज्यादा तेल खरीदता था। कई मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया है कि तब भारत अपने कुल तेल आयात का लगभग 6 प्रतिशत वेनेजुएला से लेता था। अगर भारत को फिर से वेनेजुएला का तेल खरीदने की अनुमति मिल जाती है, तो उसे अलग-अलग देशों से तेल मंगाने का एक और विकल्प मिलेगा। इससे भारत की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। अमेरिका ने कुछ समय के लिए (2023-2024 में) वेनेजुएला पर आंशिक रूप से सेंक्शंस ढीले किए, जिससे भारत ने फिर से वेनेजुएला से तेल खरीदा। 2024 में भारत का आयात औसतन 63,000 से 1 लाख बैरल प्रतिदिन तक पहुंच गया। इसके बाद 2025 में वेनेजुएला से भारत का तेल आयात बढ़कर करीब 1.41 अरब डालर तक पहुंच गया, लेकिन मई 2025 में अमेरिका ने एक बार फिर से वेनेजुएला के तेल पर सख्ती बढ़ा दी।

# ग्रीनलैंड पर कब्जा करना हमारी मजबूरीः ट्रम्प

### कहाः नहीं, तो रूस-चीन यहां काबिज हो जाएंगे, हम अपने पड़ोस में इन देशों को देखना नहीं चाहते

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बताया कि अमेरिका के लिए ग्रीनलैंड पर कब्जा करना क्यों जरूरी है। उन्होंने व्हाइट हाउस में तेल और गैस कंपनियों के बड़े अधिकारियों के साथ हुई एक बैठक के दौरान कहा कि अगर अमेरिका ने ऐसा नहीं किया तो रूस और चीन जैसे देश इस पर काबिज हो जाएंगे। ट्रम्प ने यह भी कहा कि ग्रीनलैंड को हासिल करना जमीन खरीदने का मसला नहीं है, यह रूस और चीन को दूर रखने से जुड़ा है।

हम ऐसे देशों को अपना पड़ोसी बनते देख नहीं सकते। ट्रम्प ने आगे कहा, अमेरिका अगर ग्रीनलैंड को आसान तरीके से हासिल नहीं कर पाया, तो दूसरे सख्त तरीके अपनाने होंगे। उन्होंने कहा कि हम ग्रीनलैंड के मुद्दे पर कुछ न कुछ करेंगे, चाहे उन्हें पसंद हो या न हो। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि मैं चाहता हूं कि सौदा आसान तरीके से हो जाए। हालांकि, उन्होंने डेनमार्क के प्रति अपनी नरमी भी जताई और कहा, वैसे मैं डेनमार्क का बहुत बड़ा फैन हूं। वे मेरे साथ बहुत अच्छे रहे हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या अमेरिका ग्रीनलैंड के लोगों को सीधे पैसे देकर उन्हें अमेरिका के साथ जुड़ने के लिए राजी करने की योजना बना रहा है। इसपर ट्रम्प ने कहा कि अभी मैं ग्रीनलैंड के लिए पैसे की बात नहीं कर रहा हूं। हो सकता है बाद में करूं। ट्रम्प ने इस मुद्दे को राष्ट्रीय सुरक्षा से जोड़ा। ट्रम्प ने ग्रीनलैंड के पास रूसी और चीनी नौसेना की बढ़ती गतिविधियों का हवाला दिया, जिसमें डिस्ट्रायर और पनडुब्बियां शामिल हैं। ट्रम्प ने जोर देकर कहा कि हम रूस या चीन को ग्रीनलैंड पर कब्जा करने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि वे चीन और रूस दोनों को पसंद करते हैं। उनके नेताओं व्लादिमीर पुतिन और शी जिनपिंग के साथ अच्छे संबंध हैं, लेकिन वह उन्हें ग्रीनलैंड नहीं दे सकते।



■ अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने यह भी कहा कि ग्रीनलैंड को हासिल करना जमीन खरीदने का मसला नहीं

ट्रम्प ने ग्रीनलैंड पर कब्जे करने के पीछे की वजह इस इलाके में रूसी और चीनी जहाजों की मौजूदगी को बताया। जब ट्रम्प से पूछा गया कि अमेरिका का पहले से ही वहां सैन्य अड्डा है, तो पूरे कब्जे की क्या जरूरत है। इसपर ट्रम्प ने जवाब दिया कि लीज काफी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जब हम मालिक होते हैं, तो हम इसकी रक्षा करते हैं। लीज की रक्षा उतनी नहीं की जाती। हमें पूरा मालिकाना हक चाहिए। ट्रम्प ने पुरानी कूटनीति की आलोचना भी की। उन्होंने कहा कि देश 100 साल के सौदे नहीं कर सकते, बल्कि मालिकाना हक से ही रक्षा होती है। ट्रम्प 2019 से ही यह कहते आ रहे हैं कि वह डेनमार्क के स्वायत्त क्षेत्र ग्रीनलैंड को खरीदना चाहते हैं, जबकि अमेरिका और डेनमार्क दोनों नाटो सैन्य गठबंधन के सदस्य हैं। अगर ट्रम्प ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की दिशा में आगे बढ़ते हैं, तो इसका मतलब होगा कि अमेरिका नाटो के ही सदस्य देशों के खिलाफ खड़ा हो जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ग्रीनलैंड पर कब्जे की धमकी के बीच डेनमार्क ने जवाब दिया था। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक रक्षा मंत्रालय ने धमकी दी थी कि अगर कोई विदेशी ताकत उनके इलाके पर हमला करती है, तो सैनिक आदेश का इंतजार किए बिना तुरंत जवाबी कार्रवाई करेंगे और गोली चलाएंगे। बिना आदेश हमला करने का नियम 1952 का है। तब डेनमार्क ने अपनी सेना के लिए एक नियम बनाया था, जिसके मुताबिक विदेशी ताकतों के देश पर हमला करने की स्थिति में सैनिकों को तुरंत लड़ना होगा। इसके लिए उन्हें किसी सीनियर अधिकारी की इजाजत लेने की जरूरत नहीं होती। अमेरिका के व्हाइट हाउस में यह विचार किया जा रहा है कि ग्रीनलैंड के नागरिकों को प्रति व्यक्ति 10 हजार (9 लाख रुपये) से 1 लाख डालर (90 लाख रुपये) तक का भुगतान कर उन्हें डेनमार्क से अलग होकर अमेरिका में शामिल होने के लिए राजी किया जाए। इस योजना को एक 'बिजनेस डील' के तौर पर देखा जा रहा है। सूत्रों ने रायटर्स को बताया कि अगर यह योजना लागू होती है, तो ग्रीनलैंड की करीब 57 हजार आबादी को देखते हुए इसकी कुल लागत लगभग 5 से 6 अरब डालर तक हो सकती है। अधिकारियों के मुताबिक, ग्रीनलैंड को अमेरिका के साथ जोड़ने के लिए पैसे का प्रस्ताव केवल एक विकल्प है। इसके अलावा कूटनीतिक समझौतों और यहां तक कि सैन्य बल के इस्तेमाल जैसे विकल्पों पर भी विचार किया गया है।

## हम अमेरिकी नागरिक नहीं बनेंगे

**ग्रीनलैंड।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ग्रीनलैंड को लेकर धमकी भरा लहजा अपनाया हुआ है। इतना ही नहीं अमेरिकी नेता भी ग्रीनलैंड पर नियंत्रण को लेकर बयानबाजी कर रहे हैं। इस बीच ग्रीनलैंड की संसद के सभी पांच प्रमुख राजनीतिक दलों ने संयुक्त बयान जारी कर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को दो टूक जवाब दिया है। राजनीतिक दलों ने ट्रम्प की ग्रीनलैंड को अमेरिका के नियंत्रण में लेने की धमकियों को कड़े शब्दों में खारिज किया है। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि ग्रीनलैंड श्अमेरिकन नहीं होगाश और उसका भविष्य सिर्फ ग्रीनलैंड के लोगों की तरफ से तय किया जाना चाहिए। बयान में पांचों दलों, जिसमें प्रधानमंत्री जेन्स फ्रेडरिक नीलसन सहित विपक्षी दल नालेराक के नेता भी शामिल हैं, उन्होंने कहा कि वे किसी भी अमेरिकी अधिग्रहण के गंभीर रूप से असम्मानजनक रुख के खिलाफ हैं। देर

■ ग्रीनलैंड के पांच सियासी दलों की अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को दो टूक, डेनमार्क को भी सुनाया

रात जारी बयान में नेताओं ने साफ कहा कि हम अमेरिकी नहीं होंगे, हम डेनिश नहीं होंगे, हम ग्रीनलैंडवासी हैं। सभी दलों की यह एकता विशेष रूप से इसलिए अहम है, क्योंकि इसमें विपक्षी पार्टी नालेराक के नेता पेले ब्रोबर्ग भी शामिल हैं, जो वाशिंगटन के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने के लिए सबसे अधिक इच्छुक रही हैं। बता दें कि कुछ ही दिन पहले ब्रोबर्ग ने ग्रीनलैंड से डेनमार्क को दरकिनार करते हुए सीधे अमेरिका के साथ बातचीत करने का आह्वान किया था। अब बयान में इस बात पर जोर दिया गया है कि ग्रीनलैंड का भविष्य खुद ग्रीनलैंड के लोगों द्वारा तय किया जाना चाहिए, अंतर्राष्ट्रीय कानून और आत्मनिर्णय के अधिकार का सम्मान होना चाहिए।

## अमेरिका ने रूस के दबाव के बाद 2 नागरिक छोड़े

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने जब्त किए गए रूसी झंडे वाले आयल टैंकर जहाज 'मैरिनेरा' से दो रूसी नागरिकों को रिहा कर दिया है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। मारिया ने बताया कि यह फैसला राष्ट्रपति ट्रम्प ने रूस के अनुरोध पर लिया है। रूस ने अमेरिका पर नागरिकों को छोड़ने के लिए दबाव बनाया था।

अमेरिका ने 7 जनवरी को उत्तरी अटलांटिक महासागर में जहाज को को जब्त किया गया था। हालांकि टैंकर पर मौजूद 3 भारतीय मेंबर्स को अब तक रिहा नहीं किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, मैरिनेरा जहाज पर कुल 28 लोग मौजूद थे। इनमें 17 यूक्रेनी, 6 जार्जियाई, 3 भारतीय और 2 रूसी नागरिक थे। दूसरी तरफ अमेरिका ने आज भी कैरेबियाई सागर में एक और आयल टैंकर ओलिना को पकड़ा है। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक यह पिछले तीन दिनों में पांचवी बार है जब किसी प्रतिबंधित टैंकर के खिलाफ कार्रवाई की गई है। अमेरिकी बयान के मुताबिक, टैंकर ओलिना पर सवार लोगों को सुरक्षित तरीके से हिरासत में लिया गया। यह ऑपरेशन एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसै जेराल्ड आर. फोर्ड से लान्च किया गया। पूरे अभियान

■ तीन भारतीय क्रू मेंबर अभी भी कैद में, यूएस ने 3 दिन में पांच तेल टैंकर जब्त किया

के दौरान किसी तरह की झड़प या नुकसान की सूचना नहीं है। फिलहाल यह साफ नहीं किया है कि टैंकर ओलिना किस देश का है या वह किस कंपनी के स्वामित्व में है। जहाज का फ्लैग, मालिकाना हक और क्रू की नागरिकता से जुड़ी जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है।

अमेरिका ने वेनेजुएला पर प्रतिबंध लगाए हुए हैं। वह इन प्रतिबंधों का हवाला देकर वेनेजुएला से तेल लेकर जाने वाले जहाजों को पकड़ रहा है। अमेरिका ने पिछले महीने 10 दिसम्बर को भी वेनेजुएला के तट के पास एक आयल टैंकर को जब्त किया था। अधिकारियों का कहना है कि बुधवार को पकड़ गया मैरिनेरा टैंकर रूस की 'शैडो फ्लीट' का हिस्सा था, जो वेनेजुएला से तेल ले जा रहा था और उसने अमेरिकी प्रतिबंधों का उल्लंघन किया। दूसरी तरफ रूस ने इस कार्रवाई को अंतर्राष्ट्रीय समुद्री कानून का उल्लंघन बताया। रूस के परिवहन मंत्रालय ने कहा था कि अमेरिकी सैनिकों ने इस जहाज को खुले समुद्र में रोका, जहां किसी भी देश का अधिकार नहीं होता।

## ईरान वापस लौटने की तैयारी में क्राउन प्रिंस रजा पहलवी

**तेहरान।** ईरान में चल रहे सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बीच निर्वासित क्राउन प्रिंस रजा पहलवी ने कहा है कि वह अब अपने वतन वापसी की तैयारी कर रहे हैं। पहलवी ने शनिवार को सोशल मीडिया पर जारी एक संदेश में यह बात कही।

उन्होंने कहा कि मैं भी अपने वतन लौटने की तैयारी कर रहा हूं ताकि मैं अपने लोगों के साथ, महान देश ईरान के साथ रह सकूं, हमारी राष्ट्रीय क्रांति जीतेगी। मुझे विश्वास है कि वह दिन बहुत करीब है। उन्होंने सरकारी कर्मचारियों, खासकर तेल के कामकाज में लगे कर्मियों से भी हड़ताल पर जाने की अपील की। उन्होंने लिखा कि इस बारे में, मैं इकॉनमी के खास सेक्टर, खासकर ट्रांसपोर्टेशन, और तेल, गैस, और एनर्जी के वर्कर्स और कर्मचारियों से देश भर में हड़ताल शुरू करने की अपील करता हूं। ईरान के शाह पहलवी, देश में धार्मिक क्रांति का बिगुल बजने से पहले देश के प्रमुख थे पर इस्लामिक क्रांति के बाद उन्होंने भागकर अमेरिका की शरण ली थी। क्राउन प्रिंस उन्हीं के बेटे हैं और आज भी ईरान में शाह के परिवार को सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। पहलवी ने यह भी कहा कि लोग प्रतीकों के साथ सड़कों पर आएं और सार्वजनिक जगहों पर कब्जा कर लें। उन्होंने कहा कि मैं आप सभी से यह भी कहता हूं कि आज और कल, शनिवार और रविवार (10 और 11 जनवरी) को, देश के झंडों, तस्वीरों और निशानों के साथ सड़कों पर आएं और सार्वजनिक जगहों पर कब्जा कर लें।

# ईरान में हिंसक प्रदर्शन, 217 लोगों की मौत का दावा

### ईरानी सेना बोलीः बच्चों को प्रदर्शन से दूर रखें वरना गोली लगने पर शिकायत मत करना

**तेहरान।** ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान कम से कम 217 लोगों के मारे जाने का दावा किया जा रहा है। टाइम मैगजीन ने तेहरान के एक डाक्टर के हवाले से बताया कि राजधानी के सिर्फ छह अस्पतालों में कम से कम 217 प्रदर्शनकारियों की मौत दर्ज की गई है, जिनमें ज्यादातर की मौत गोली लगने से हुई हैं। सुरक्षा बलों ने गुरुवार रात प्रदर्शन तेज होने पर कई जगहों पर गोलीबारी की थी, इसके बाद से लगातार कार्रवाई जारी है।

इस बीच रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के एक अधिकारी ने सरकारी टीवी से बात करते चेतावनी दी कि माता-पिता अपने बच्चों को प्रदर्शनों से दूर रखें, अगर उन्हें गोली लगे तो शिकायत मत करना। रिपोर्ट के मुताबिक, पहले कुछ दिनों तक यह साफ नहीं था कि सरकार क्या रुख अपनाएगी। खुद एंटी राइट्स पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि



■ अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि ग्रीनलैंड को हासिल करना जमीन खरीदने का मसला नहीं

सुरक्षा बल भ्रम में हैं। किसी को ठीक से नहीं पता कि आगे क्या होने वाला है, लेकिन शुक्रवार को सामने आई खूनी तस्वीरों और सख्त बयानों से साफ हो गया कि अब पूरी ताकत का इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे पहले सरकार ने देशभर में इंटरनेट और फोन सर्विस लगभग बंद कर दी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी चेतावनी दी थी कि अगर प्रदर्शनकारियों को मारा गया तो ईरानी सरकार को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। एक्सपर्ट्स का कहना है कि अब जब प्रदर्शन मध्यम वर्गीय इलाकों तक फैल गए हैं, तो सरकार बेरहमी से कार्रवाई करने से नहीं हिचकेगी। उनका मानना है कि आने वाले दिनों में हताहतों की संख्या और बढ़ सकती है। ईरान पहले से ही इजरायल के साथ संघर्ष, अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों, गिरती अर्थव्यवस्था, बिजली और पानी की किल्लत जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। सरकार के भीतर भी मतभेद हैं। राष्ट्रपति मसूद पजशकियान सार्वजनिक तौर पर नरम रुख दिखा रहे हैं, लेकिन उनके कई मंत्री सख्त कार्रवाई के पक्ष में हैं। सरकार का आरोप है कि अमेरिका और इजरायल इन प्रदर्शनों को हवा दे रहे हैं। प्रदर्शनकारियों में से कुछ लोग पूर्व शाह के बेटे रजा पहलवी के समर्थन में नारे लगा रहे हैं, जिन्होंने विदेश से प्रदर्शन तेज करने की अपील की है। कुर्द इलाकों में भी लोग सड़कों पर उतर आए हैं। कई प्रदर्शनकारियों का कहना है कि अब उनके पास खोने के लिए कुछ नहीं बचा है। देशभर में ळमर्द आक्रोश में है। इसका कारण आर्थिक बदहाली रही है। दिसम्बर 2025 में ईरानी मुद्रा रियाल गिरकर करीब 1.45 मिलियन प्रति अमेरिकी डालर तक पहुंच गई, जो अब तक का सबसे निचला स्तर है। साल की शुरुआत से रियाल की कीमत लगभग आधी हो चुकी है। यहां महंगाई चरम पर पहुंच गई है।

## ईयू ने मर्कोसुर समझौते को दी मंजूरी

**ब्रुसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) के सदस्य देशों ने शुक्रवार को लंबे समय से विचाराधीन 'ईयू-मर्कोसुर साझेदारी समझौते' को हरी झंडी दे दी।ईयू सदस्यों ने व्यापारिक लाभों को बघने के लिए एक 'व्यापक साझेदारी समझौते' और 'एक स्वतंत्र अंतरिम व्यापार समझौते' की सहमति दी है। ईयू ने बताया कि यह समझौता ईयू और मर्कोसुर के संबंधों में एक मील का पत्थर है। यह एक आधुनिक साझेदारी के तहत राजनीतिक संवाद, सहयोग और व्यापार के लिए एक रूपरेखा स्थापित करता है। गौरतलब है कि लगभग 25 वर्षों से ईयू-मर्कोसुर समझौते पर बातचीत चल रही है, जो बदलती राजनीतिक स्थितियों, दक्षिण अमेरिका में पर्यावरणीय सुरक्षा पर विवादों और यूरोप के कृषि क्षेत्र के कुछ हिस्सों के विरोध के कारण बार-बार रुकती और शुरू होती रही है।

# भारत में अफगान के राजनयिक होंगे नूर अहमद नूर

### तालिबान शासन में पहली बार नई दिल्ली स्थित अफगान दूतावास में की गई नई नियुक्ति

**काबुल।** अफगानिस्तान ने नई दिल्ली स्थित अफगान दूतावास में नूर अहमद नूर को राजनयिक के रूप में नियुक्त किया है। एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है।

नूर अहमद से पहले भारत में अफगानिस्तान के राजनयिक फरीद मामुंदजाय थे। वह अशरफ गनी की सरकार के समय भारत में अफगान दूत के रूप में काम कर रहे थे। तालिबान के सत्ता में आने के बाद उनकी स्थिति कमजोर हो गई और बाद में दूतावास की गतिविधियां भी काफी हद तक ठप पड़ गई थीं। उसी के बाद लंबे समय तक भारत में अफगानिस्तान की तरफ से कोई नया औपचारिक राजनयिक नहीं भेजा गया था। इसलिए नूर अहमद की नियुक्ति को भारत-अफगानिस्तान रिश्तों में एक नए चरण की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। नई दिल्ली स्थित अफगान दूतावास में नूर अहमद को राजनयिक नियुक्त करने का मतलब यह है कि अफगानिस्तान भारत के साथ अपने कूटनीतिक संपर्कों को फिर से सक्रिय और मजबूत करना चाहता है। तालिबान के सत्ता में आने के बाद अफगानिस्तान और भारत के रिश्ते सीमित हो गए थे, लेकिन मानवीय मदद, दवाइयों, वीजा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर बातचीत चलती रही। अब किसी नए राजनयिक की नियुक्ति यह संकेत देती है कि अफगानिस्तान चाहता है कि भारत के साथ संवाद सीधे दूतावास के जरिए नियमित रूप से चलती रहे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, नूर अहमद नूर दूतावास की जिम्मेदारी संभालने के लिए दिल्ली पहुंच चुके हैं। इससे पहले वे अफगान विदेश मंत्रालय के फर्स्ट पालिटिकल डिपार्टमेंट के महानिदेशक रह चुके हैं। नूर अहमद उस डेलीगेशन का हिस्सा थे, जो अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मुत्ताकी के साथ अक्टूबर 2025 में भारत आया था।



■ तालिबान के सत्ता में आने के बाद उनकी स्थिति कमजोर हो गई और बाद में दूतावास की गतिविधियां भी काफी हद तक ठप पड़ गई थीं

## अमेरिका ईरान में कर सकता है हस्तक्षेप मगर फौजें जमीन पर नहीं उतारेगाः ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को कहा कि अगर ईरान वर्तमान अशांति के इस दौर में लोगों को मारना शुरू कर देता है तो अमेरिका इसमें हस्तक्षेप करेगा, हालांकि वह जमीन पर अपने सैनिकों की तैनाती नहीं करेगा। ईरान की स्थिति पर संवाददाताओं से बात करते हुए ट्रम्प ने कहा कि अगर वे लोगों को मारना शुरू करते हैं, तो ऐसा होने पर अमेरिका अपनी भूमिका निभाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसका मतलब यह नहीं है कि अमेरिका अपनी फौजें, ईरान की जमीन पर उतार देगा। इसका अर्थ यह है कि उन्हें वहां बहुत जोर से मारना है, जहां सबसे ज्यादा दर्द होता है।

# अमेरिका नेतन्याह को भी किडनैप करेः पाक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को किडनैप करने की मांग की। एक टीवी इंटरव्यू में ख्वाजा आसिफ ने कहा कि अमेरिका को नेतन्याहू को उसी तरह पकड़ना चाहिए जैसे वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मदुरो को पकड़ा गया था।

उन्होंने आगे कहा कि तुर्की भी नेतन्याहू को पकड़ सकता है और पाकिस्तानी इसके लिए दुआ कर रहे हैं। इंटरव्यू में उन्होंने नेतन्याहू को मानवता का सबसे बड़ा अपराधी करार दिया और दावा किया कि गाजा में फलस्तीनियों के साथ जो अत्याचार हुए हैं, वे इतिहास में कभी नहीं देखे गए। यह बयान एक पाकिस्तानी न्यूज चौनल को दिए इंटरव्यू में सामने आया, जिसकी क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। एंकर हामिद मीर ने टिप्पणी को संवेदनशील बताते हुए इंटरव्यू को बीच में ही रोक दिया। इस दौरान आसिफ ने उन लोगों पर भी सवाल उठाने शुरू किए, जो ऐसे अपराधियों का समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि कानून उन लोगों के बारे में क्या कहता है, जो ऐसे अपराधियों का साथ देते हैं। एंकर हामिद मीर ने टोका कि क्या आप अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के संदर्भ में कहना चाह रहे हैं? पाकिस्तान का इजरायल के साथ कोई औपचारिक राजनयिक संबंध नहीं है। पाकिस्तान हमेशा से फिलिस्तीनी मुद्दे का मजबूत समर्थन करता रहा है। साथ ही, पाकिस्तान के ईरान के साथ भी अच्छे संबंध हैं, जो इजरायल का विरोधी है। इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट (आईसीसी) ने पहले ही गाजा में अपराधों के लिए नेतन्याहू के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया हुआ है। इसका जिक्र भी आसिफ ने इंटरव्यू में किया है।



■ वेनेजुएला के राष्ट्रपति जैसा हाल हो, इजरायली पीएम फलस्तीनियों का सबसे बड़ा दुश्मनः रक्षा मंत्री

# फिल्म अकेली में नुसरत भरूचा की शानदार परफॉर्मेंस की फराह ने की तारीफ







**मुंबई।** बॉलीवुड की जानी मानी फिल्मकार और कोरियोग्राफर फराह खान ने फिल्म अकेली में नुसरत भरुचा के शानदार परफॉर्मेंस की तारीफ की है। हाल ही में द फराह खान शो में नजर आई नुसरत भरूचा ने न सिर्फ अपने फिल्मी सफर पर खुलकर बात की, बल्कि अपने कुकिग स्किल्स से भी सबका दिल जीत लिया। इस एपिसोड में नुसरत ने फराह खान के लिए खास होम-स्टाइल डिश मटन उप्पु करी तैयार की। कुकिग सेशन के दौरान माहौल काफी मस्ती भरा और घरेलू रहा। इस मौके पर नुसरत सफेद टी-शर्ट और डेनिम में कैजुअल लेकिन स्टाइलिश अंदाज में दिखीं। फराह खान ने बातचीत के दौरान नुसरत की मां को भी चर्चा में शामिल किया और उनसे पूछा कि उन्हें अपनी बेटी की कौन-सी फिल्म सबसे ज्यादा पसंद है। बिना सोचे-समझे नुसरत की मां ने सोनू के टीटू की स्वीटी और अकेली का नाम लिया। इस पर फराह खान ने तुरंत हामी भरते हुए अकेली में नुसरत की परफॉर्मेंस की जमकर तारीफ की और फिल्म की भावनात्मक गहराई को सराहा। फराह खान ने नुसरत की तारीफ करते हुए कहा कि अकेली में तुमने वाकई शानदार काम किया। पूरी फिल्म में तुम अकेली लड़की थीं, फिल्म इतनी इंटेंस थी कि मेरा ब्लड प्रेशर बढ़ गया।ष इसे सुनकर जहां सभी हंसने लगे, वहीं फराह ने अपनी बात आगे बघते हुए नुसरत की दमदार सोलो परफॉर्मेंस के प्रभाव को भी काफी सराहा। गौरतलब है कि फिल्म अकेली , नुसरत भरूचा के करियर का एक अहम पड़ाव साबित रही है, जिसमें उन्होंने लगभग पूरी कहानी अपने कंधों पर उठाई थी। एक खतरनाक माहौल में फंसी महिला के किरदार को उन्होंने जिस भावनात्मक गहराई, मजबूती और वास्तविकता के स ा थ ा निभाया, उसे आलोचकों और दर्शकों दोनों से सराहना मिली थी। नुसरत भरूचा ने अलग-अलग जॉनर में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। प्यार का पंचनामा और प्यार का पंचनामा 2 से लोकप्रियता हासिल करने के बाद उन्होंने सोनू के टीटू की स्वीटी और ड्रीम गर्ल जैसी हिट फिल्मों से सफलता का सिलसिला आगे बढ़ाया। हाल के वर्षों में छोरी और छोरी 2 जैसी कंटेंट आधारित फिल्मों में उनके गंभीर और सशक्त अभिनय ने दर्शकों को खासा प्रभावित किया, खासतौर पर हॉरर जॉनर में उनकी परफॉर्मेंस को खूब सराहा गया।

# कांतारा, नरसिम्हा ऑस्कर जनरल एंट्री लिस्ट में शामिल



**मुंबई।** होम्बले फिल्म्स की वर्ष 2025 में प्रदर्शित दो चर्चित फिल्में महावतार नरसिम्हा और कांतारा: चैप्टर 1 को ऑस्कर की जनरल एंट्री लिस्ट में भेजा गया है। कांतारा: चैप्टर 1 का डायरेक्शन ऋषभ शेट्टी ने किया है और इसे विजय किरागंदूर ने प्रोड्यूस किया है, जबकि महावतार नरसिम्हा का डायरेक्शन अश्विन कुमार ने किया है और इसे होम्बले फिल्म्स ने प्रस्तुत किया है। दोनों ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर बड़ी हिट रहीं हैं और अपनी दमदार कहानी, संस्कृति से जुड़े अंदाज, शानदार तकनीक और बेहत. रीन विजन के लिए खूब सराही गईं हैं।

ऑस्कर की जनरल एंट्री लिस्ट में आने के बाद अब इन दोनों फिल्मों पर कई बड़े अवॉर्ड कैटेगरी में डाले जाने को लेकर ध्यान दिया जाएगा। इनमें बेस्ट एक्टर, बेस्ट एक्ट्रेस, बेस्ट डायरेक्टर, बेस्ट प्रोड्यूसर, बेस्ट स्टोरी/राइटिंग, बेस्ट प्रोडक्शन डिजाइन और बेस्ट सिनेमैटोग्राफी जैसी कैटेगरी शामिल हैं। ऐसे में, आगे इन्हें शॉर्टलिस्ट किया जाएगा या नहीं, इसका फैसला अकादमी द्वारा किया जाएगा। खास बात यह है कि इस साल ऑस्कर जनरल एंट्री लिस्ट में शामिल कुल पांच भारतीय फिल्मों में से दो फिल्में होम्बले फिल्म्स की हैं। यह दिखाता है कि होम्बले फिल्म्स का असर लगातार बढ़ रहा है और भारतीय सिनेमा को ग्लोबल स्तर पर पहचान दिलाने में उसका योगदान लगातार मजबूत होता जा रहा है।

यह पहचान दिखाती है कि होम्बले फिल्म्स लगातार मजबूत कहानियों का साथ दे रहा है, अपनी क्रिएटिव बाउंड्रीज को आगे बढ़ा रहा है और इंडियन सिनेमा को उसकी असली पहचान और बड़े लेवल के साथ इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म पर पेश कर रहा है। जैसे-जैसे भारतीय सिनेमा दुनिया भर में अपनी पहचान मजबूत कर रहा है, होम्बले फिल्म्स की यह उपलब्धि इंडस्ट्री की बढ़ती ग्लोबल मौजूदगी और क्रिएटिव ताकत को साफ दिखाती है।यह होम्बले फिल्म्स के साथ-साथ पूरे भारतीय सिनेमा के लिए एक सचमुच गर्व का पल है।





# 52 के हुए ऋतिक रोशन, पश्मीना रोशन ने दी बधाई

**मुंबई।** बॉलीवुड के माचो हीरो ऋतिक रोशन आज 52 साल के हो गए हैं। 10 जनवरी 1974 को मुंबई में जन्में ऋतिक रोशन को अभिनय की कला विरासत में मिली। ऋतिक के पिता राकेश रोशन जानेमाने फिल्मकार और अभिनेता हैं, जबकि उनके दादा रोशन ने संगीत के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। ऋतिक रोशन ने बतौर बाल कलाकार आशा, आपके दीवाने, आसपास और भगवान दादा जैसी फिल्मों में काम किया। उन्होंने बतौर अभिनेता अपने करियर की शुरुआत वर्ष 2000 में अपने पिता राकेश रोशन निर्मित रोमांटिक फिल्म कहो ना प्यार है से की थी। इस फिल्म में ऋतिक रोशन और अमीषा पटेल की जोघी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया।

वर्ष 2000 में ही ऋतिक की फिजा और मिशन कश्मीर जैसी फिल्में रिलीज हुई। दोनों ही फिल्मों में रितिक ने अपनी रूमानी छवि में बदलाव लाते हुए संजीदा अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया। फिजा के लिए वह सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के फिल्मफेयर पुरस्कार के लिए नामांकित किए गए। वर्ष 2001 में उन्हें सुभाष घई की फिल्म यादें में काम करने का अवसर मिला लेकिन कमजोर पटकथा के कारण फिल्म नकार दी गई। इसी साल रिलीज करण जौहर की फिल्म कभी खुशी कभी गम के लिए वह सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता के फिल्मफेयर पुरस्कार के लिए नामांकित किए गए। वर्ष 2003 में ऋतिक रोशन को एक बार फिर से अपने पिता की फिल्म कोई मिल गया में काम करने का अवसर मिला। सांइस नैचुरल थ्रिलर इस फिल्म में रितिक रोशन ने अपने दमदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया। इस फिल्म के लिए उन्हें दूसरी बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का फिल्मफेयर पुरस्कार दिया गया।साल 2006 उनके करियर का अहम वर्ष साबित हुआ। इस साल रिलीज उनकी धूम 2 और कृष जैसी फिल्में सुपरहिट हुई। यश राज बैनर तले बनी धूम के सीक्वल धूम 2 में ऋतिक रोशन ने नेगेटिव किरदार निभाकर दर्शकों को रोमांचित कर दिया वहीं कोई मिल गया के सीक्वल कृष मे ऋतिक ने सुप. रहीरो का किरदार निभाकर दर्शकों का दिल जीत लिया। वर्ष 2012 में ऋतिक रोशन की फिल्म अग्निपथ रिलीज हुई। यह फिल्म वर्ष 1990 में रिलीज हुई अमिताभ बच्चन की फिल्म अग्निपथ की रिमेक थी। फिल्म टिकट खिघ्की पर सुपरहिट साबित हुई साथ हीं ऋतिक दर्शकों की अपेक्षाओं पर खरे उतरे। वर्ष 2013 में रिलीज 'कृष 3' रितिक के करियर की सर्वाधिक कामयाब फिल्म साबित हुई। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 240 करोड़ रुपये की कमाई की। वर्ष 2014 में ऋतिक की फिल्म बैंग बैग ने 180 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की। वर्ष 2017 में रितिक की फिल्म काबिल रिलीज हुई। फिल्म ने 100 करोड़ से अधिक की कमाई की। वर्ष 2019 में ऋतिक की सुपर 30 और वॉर जैसी कामयाब फिल्में रिलीज हुई। वर्ष 2022 में ऋतिक की फिल्म विक्रम वेदा और वर्ष 2024 में फाइटर प्रदर्शित हुई। वर्ष 2025 में ऋतिक की फिल्म वॉर 2 रिलीज हुई है। उधर, अभिनेत्री पश्मीना रोशन ने अपने कजनि और बॉलीवुड सुपरस्टार ऋतिक रोशन के जन्मदिन पर सोशल मीडिया के जरिए एक बेहद भावुक और प्यार भरा पोस्ट शेयर किया है, जिसने फैंस का दिल जीत लिया है। पश्मीना ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर ऋतिक को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, हैप्पी बर्थडे डुग्गू भैया। आपका दिन और पूरा साल सबसे बेहतरीन हो। लव यू! इस भावनाओं से भरे संदेश ने देखते ही देखते फैंस का ध्यान खींच लिया और सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया। यूं तो आज ऋतिक रोशन के जन्मदिन के मौके पर परिवार, दोस्तों और दुनियाभर के फैंस की ओर से उन्हें ढेरों शुभकामनाएं मिल रही हैं।

## मीरा चोपड़ा ने पिकमून मेटा स्टूडियोज का शुभारंभ किया, गांधी टॉक्स पहली फिल्म

**मुंबई।** मीरा चोपड़ा ने फिल्म प्रोडक्शन की दुनिया में कदम रखते हुए अपने बैनर पिकमून मेटा स्टूडियो का शुभारंभ किया है। पिकमून मेटा स्टूडियो की पहली गांधी टॉक्स है।

जी स्टूडियो, क्यूरियस डिजिटल और पिकमून मेटा स्टूडियोज के बैनर तले प्रस्तुत यह फिल्म, लेखक की कल्पना को बेहतरीन दृश्यात्मक भाषा और भावनात्मक गहराई के साथ पर्दे पर उतारती है। संवादों की अनुपस्थिति इस फिल्म की सबसे बड़ी शक्ति बन जाती है, जो दर्शकों को ठहरकर सोचने, महसूस करने और कहानी से गहरे स्तर पर जुड़ने का अवसर देती है। मीरा चोपड़ा ने कहा, पिकमून मेटा स्टूडियोज स्थिरता और गरिमा की शक्ति में मेरे विश्वास से न्मा है।

# दंगल टीवी के धारावाहिक मन अतिसुंदर ने पूरे किए 900 एपिसोड



**मुंबई।** दंगल टीवी के लोकप्रिय धारावाहिक मन अति. सुंदर ने 900 एपिसोड का शानदार सफर पूरा कर लिया है। दंगल टीवी का बहुत पसंद किया जाने वाला फिक्शन शो, मन अति सुंदर, 900 सफल एपिसोड पूरे करके एक असाधारण मील का पत्थर साबित हुआ है। यह शो दमदार कहानी, भावनात्मक गहराई और सार्थक सामाजिक संदेशों वाली अपनी इस सफल यात्रा का जश्न मना रहा है। शुरू से ही, इस शो ने देश भर के दर्शकों के दिलों को छुआ है, और सभी उम्र के दर्शकों के बीच लगातार पसंदीदा बना हुआ है। शो मन अति सुंदर के मुख्य कलाकार, तनिष्क (राध्या) और स्पर्श (प्रथम) ने कहानी के भावनात्मक पहलू को जीवंत करने में अहम भूमिका निभाई है, जिससे शो का अपने दर्शकों के साथ मजबूत जुड़ाव हुआ है। इस यात्रा के बारे में बात करते हुए, राध्या का किरदार निभाने वाली तनिष्क ने कहा, मन अति सुंदर का हिस्सा बनना अविश्वसनीय रूप से शानदार रहा है। पिछले कुछ सालों में शो को जो प्यार और पसंद मिली है, वो मेरी उम्मीद से बहुत ज्यादा है, और 900 एपिसोड तक पहुंचना हमारे दर्शकों के साथ एक सपने जैसा लगता है।ष शो के साथ शुरू से ही जुड़ी हुई अदाकारा तनिष्क आगे कहती हैं, मैं दंगल टीवी को धन्यवाद देना चाहती हूं कि उन्होंने हमें ऐसी कहानियां सुनाने का मौका दिया जो सच्ची भावनाओं और सार्थक सामा. जिक विषयों को गहराई तक छूती हैं और हम पर भरोसा किया कि हम ऐसी कहानी पेश करें जो दर्शकों के साथ इतनी दिल से जुड़ी रहे। इसके अलावा, शो के नायक (प्रथम) स्पर्श ने कहा, मन अति सुंदर शो ने हमें सिखाया है कि कहानी कहने में ईमानदारी हमेशा लोगों को आपसे,जोड़ती है। 900 एपिसोड पूरे करना एक बड़ी उपलब्धि है और ऐसी कहानी का हिस्सा बनना गर्व की बात है जो इतने सारे लोगों को प्रेरित करती है और उनसे जुड़ती है।




